राष्ट्रभाषा हिंदी और राष्ट्र लिपि देवनागर के प्रसंग में एक रोशनी उठाना है कि राजभाषा हिंदी का राष्ट्रीय लिपि या अखिल भारतवर्षीय लिपि से क्या संबंध है? 'वस्तुत हिंदी जब राजभाषा है, तो कभी ना कभी सभी भारतीय भाषाओं के नाम (व्यक्तिगत नाम, संस्था नाम, स्थान नाम) इसमें लिखने पड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में जब तक सभी भारतीय भाषाओं की ध्वनियों के लिए नागरी लिपि में लिखे चिन्ह नहीं होंगे, वह सभी नामों को नहीं लिख सकती। इसलिए नागरी का एक अखिल भारतवर्षीय रूप अनिवार्यतरू आवश्यक है, उसे चाहे हम राष्ट्र लिपि कहें या अखिल भारतवर्षीय या परिवर्तित देवनागरी लिपि या कुछ और।'[11]

निष्कर्ष :-

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि लिपि में परिवर्तन करना सरल नहीं है क्योंकि लिपि के माध्यम से ही साहित्य का संरक्षण एवं प्रसारण होता है। लिपि परिवर्तन से साहित्य की अवच्छिन्न परंपरा विछिन्न अथवा खंडित हो जाती है। इस प्रकार की साहित्य आभूषणता किसी को सरलता से स्वीकार नहीं होती। अतः बलपूर्वक अथवा हठपूर्वक देवनागरी में सुधार नहीं लाया जा सकता। ज्यों–ज्यों देवनागरी लिपि के प्रयोग की व्यापकता बढ़ेगी, त्यों–त्यों उसकी एकरूपता एवं स्थाईकरण की आवश्यकता भी बढ़ेगी। आवश्यकता केवल आविष्कार की ही नहीं बल्कि सुधार की भी जननी होती है।

संदर्भ ग्रंथ :-

1. भोलानाथ तिवारी, राजभाषा हिंदी, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, 2001
2. भोलानाथ तिवारी, राजभाषा हिंदी, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, 2015, पृष्ठ 82
3. कामता प्रसाद गुरु, हिंदी व्याकरण प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली, 2021, पृष्ठ 43
4. संत समीर, हिंदी की वर्तनी, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2008, पृष्ठ 22
5. डॉ रमेश रावत, भाषा विज्ञान, पंचशील प्रकाशन जयपुर, प्रथम संस्करण, 2005, पृष्ठ 291
6. डॉ रमेश रावत, भाषा विज्ञान, पंचशील प्रकाशन जयपुर, प्रथम संस्करण, 2005, पृष्ठ 292
7. डॉ रमेश रावत, भाषा विज्ञान, पंचशील प्रकाशन जयपुर, प्रथम संस्करण, 2005, पृष्ठ 292
8. भोलानाथ तिवारी, राजभाषा हिंदी, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, 2015, पृष्ठ 123,
9. भोलानाथ तिवारी, राजभाषा हिंदी, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, 2015, पृष्ठ 123,
10. भोलानाथ तिवारी, राजभाषा हिंदी, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, 2015, पृष्ठ 124,
11. भोलानाथ तिवारी, राजभाषा हिंदी, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, 2015, पृष्ठ 157

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 68-71

भगवतीचरण वर्मा कृत उपन्यास 'चित्रलेखा' का फिल्मांतरण : एक समीक्षा

डॉ. वंदना तुकाराम काटे
सहायक प्राध्यापिका, अनंतराव थोपटे महाविद्यालय, भोर।

बीसवीं शताब्दी के आरंभ से ही सिनेमा ने एक प्रभावशाली माध्यम के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। भगवतीचरण वर्मा जैसे साहित्यकारों ने साहित्य के साथ–साथ सिनेमा को भी संस्कारित करने का प्रयास किया है। भगवतीचरण वर्मा कृत प्रख्यात उपन्यास 'चित्रलेखा' सन् 1934 में लिखा गया है। जिसका प्रकाशन राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली से हुआ है। यह एक ऐतिहासिक उपन्यास है। जिसमें चंद्रगुप्त मौर्य के युग की एक कहानी है। उपन्यास के केंद्र में पाप–पूण्य की समस्या है। हिंदू धर्म में अर्थ, काम और मोक्ष का अलग महत्त्व है। उपन्यास में वर्णित पात्र लौकिक जीवन को अभिषाप मानते हैं और धर्म तथा अध्यात्म को ही मुक्ति का मार्ग समझते हैं। पाप और पूण्य कि व्याख्या को जानने के लिए उपन्यास का पात्र महाप्रभु रत्नांबर अपने दोनों षिष्यों को संसार के भोगी और योगी के पास भेजते हैं। उपन्यास में भोगी के रूप में जीवन व्यतीत करनेवाले पात्र सामंत बीजगुप्त है और योगी के रूप में जीवन व्यतीत करने वाले पात्र साधु कुमारगिरि है।

उपन्यास में महाप्रभु रत्नांबर गुरू के रूप में चित्रित पात्र है। जो अपने शिष्यों द्वारा पुछा गया प्रश्न पाप और पुण्य के व्यवहार को जानने के लिए संसार के भोगी सामंत बीजगुप्त और योगी साधु कुमारगिरि के पास अनुक्रमें श्वेतांक को तथा विशालदेव को भेजते हैं। महाप्रभु रत्नांबर का मानना है कि पाप और पूण्य का अनुभव संसार में रहकर ही प्राप्त किया जा सकता है।

महाप्रभु रत्नांबर के मतानुसार जीवन और जगत से वैराग्य पाने वाला व्यक्ति ही पुण्य को ठिक से समझा सकता है और महाप्रभु रत्नांबर के अनुसार योगी कुमारगिरि ने संसार की समस्त वासनाओं पर विजय पाई है, उसे संसारिक सुखों से विरक्ति है। उसने ममत्व को वशीभूत करके यौवन और वैराग्य से अलैकिक शक्ति प्राप्त की है। किंतु जब वास्तविक तौर पर विशालदेव योगी कुमारगिरि के आश्रम में रहता है, तो उसे उसके विपरित ही दिखाई देता है। मृत्युंजय अपनी बेटी यशोधरी की शादी सामंत बीजगुप्त से कराना चाहता था। परंतु सामंत बीजगुप्त पाटलीपुत्र राज्य की राज नर्तकी चित्रलेखा से प्रेम करता था। सामंत बीजगुप्त नर्तकी चित्रलेखा को भूलकर यशोधरा से शादी के लिए राजी हो जाए, इसलिए यशोधरा के पिता मृत्युंजय योगी कुमारगिरि की मद्द लेता है और योगी कुमारगिरि चित्रलेखा को जीवन का सार या मोक्ष का महत्त्व बताता हुआ उसे सामंत बीजगुप्त से अलग करता है। योगी कुमारगिरि उसे समझाते हुए कहता है कि स्त्री अंधकार, मोह, माया और वासना का रूप

होती है और इसी के बीच सामंत बीजगुप्त फँसा होने के कारण यशोधरा से शादी करने से इंकार कर रहा है। वह तुम्हारे यौवन और सौंदर्य के पीछे इतना पागल है कि उसे खुद का और तुम्हारा कल्याण किसमें है, समझ में नहीं आता है। यदि तुम दोनों का कल्याण चाहती हो, तो मेरे साथ चलो। लेकिन चित्रलेखा योगी कुमारगिरि की बातों को न मानकर सामंत बीजगुप्त से रिश्ता बनाए रखती है। एक दिन उसे प्रेम का महत्त्व त्याग में होता है, इसकी अनुभूति यशोधरा के विचारों से होती है और उसकी दासी द्वारा उसका एक सफेद बाल उसके यौवन को चुनौति देता है, तो वह योगी कुमारगिरि की बातों को याद करती है और निर्णय लेती है कि वह योगी कुमारगिरि की शिष्या बनकर उनके आश्रम में आकर जिदंगी बिताएगी। वह सामंत बीजगुप्त से यह वचन लेकर वहाँ से निकलती है कि सामंत बीजगुप्त यशोधरा से ब्याह करके अपने वंश को आगे बढ़ाएगा।

चित्रलेखा जब योगी कुमारगिरि से शिष्या बनाने की विनंती करती है, तो योगी कुमारगिरि इंकार कर देता हैं। किंतु चित्रलेखा योगी कुमारगिरि को जगत कल्याण की बातें समझा कर उनकी शिष्या बनती है। यह सब महाप्रभु रत्नांबर के शिष्य विशालदेव के सामने घटित होता है। धीरे–धीरे योगी कुमारगिरि चित्रलेखा के सौंदर्य की ओर आकर्षित हो जाते हैं और उसे प्राप्त करने के लिए झुठ बोलते हैं कि सामंत बीजगुप्त यशोधरा से शादी कर रहा है। यह बात चित्रलेखा से बर्दास्त नहीं होती और वह बेहोश हो जाती है। इसी का फायदा योगी कुमारगिरि उठाकर अपनी वासनापूर्ति करना चाहता है। लेकिन उसके सौभाग्य से उसके साथ कुछ विपरित घटता नहीं और विशालदेव द्वारा यशोधरा और श्वेतांक के विवाह का समाचार उसे मिल जाता है। सचाई ज्ञात होने पर चित्रलेखा योगी कुमारगिरि का आश्रम छोड़कर सामंत बीजगुप्त के पास चली जाती है और योगी कुमारगिरि अपने किए पर पछताता है और आत्महत्या करने के लिए गंगा नदी की तरफ जाते समय उसे सांप दंश करता है। इन घटनाओं से स्पष्ट हो जाता है कि योगी किस प्रकार भोगी बन जाता है।

महाप्रभु रत्नांबर के मतानुसार सामंत बीजगुप्त भोगी है। बीजगुप्त के ह्रद्य में यौवन की उमंग है। उसकी आँखों में मादकता की लाली है। मदिरा पाना करना तथा भोगविलास में ही उसे जीवन का सुख मिलता है। बीजगुप्त में सौंदर्य है और उसके ह्रद्य में संसार और जगत की समस्त वासनाओं का निवास है। आमोद और प्रमोद ही उसके जीवन का साधन है।

'चित्रलेखा' उपन्यास नायिका प्रधान है। चित्रलेखा एक अट्ठारह साल की ब्राह्मण विधवा है। उसके विधवा होने की कथा उसका प्रेम विवाह करना है। पाटलीपुत्र की ब्राह्मण कन्या क्षत्रिय पिता और शुद्र माता का पुत्र कृष्णादित्य से आंतरजातिय विवाह करती है। समाज तथा दोनों के परिवारवालों का विरोध होने के कारण उनका परिवारवालों से रिश्ता टुट जाता है। दोनों को जीवन जीते समय सहारा न होने के कारण दर–दर की ठोंकरे खानी पड़ती है। इन्हीं ठोंकरों के कारण चित्रलेखा का पति कृष्णादित्य आत्महत्या करता है। कृष्णादित्य से चित्रलेखा को संतान प्राप्ति भी हो जाती है। किंतु वह अधिक समय तक जीवित नहीं रहती। कृष्णादित्य की मृत्यु के बाद विधवा चित्रलेखा को उसके माता–पिता अपनाते नहीं। वह अपना उदरनिर्वाह करने के लिए नृत्य कला का आश्रय लेती है। उसके नृत्य और सौंदर्य की चर्चा चारों ओर फैलती है। इसका पता जब सामंत बीजगुप्त को चलता है, तो वह चित्रलेखा के संपर्क में आ जाता है और दोनों में आपसी प्रेम हो जाता है। सामंत बीजगुप्त के पिता चंद्रगुप्त और यशोधरा के पिता मृत्युंजय बीजगुप्त और यशोधरा का ब्याह कराना चाहते हैं। किंतु बीजगुप्त और यशोधरा के ब्याह में चित्रलेखा बाधा बनती है। योगी कुमारगिरि की मद्द से चित्रलेखा को बीजगुप्त

से अलग किया जाता है। बीजगुप्त चित्रलेखा से दिए हुए वचन के अनुसार यशोधरा से शादी करने के लिए तैयार हो जाता है।

सामंत बीजगुप्त और चित्रलेखा मदिरापान और यौन क्रीड़ाओं में अपना जीवन व्यतीत कर रहे होते हैं। तब शिष्य श्वेतांक चित्रलेखा और बीजगुप्त से पाप–पूण्य के बारे में पुछता है और मदिरा पान करना पाप समझता है। परंतु जब बीजगुप्त श्वेतांक को यह समझाते हैं कि जो करके मनुष्य पछताता है, वह पाप है और हम दोनों मदिरापान करके पछताते नहीं, तो वह पाप नहीं है। धीरे–धीरे श्वेतांक भी मदिरापान तथा नारी के संपर्क में आ जाता है। श्वेतांक को यशोधरा से प्रेम होता है। वह सामंत बीजगुप्त को उसके बारे में बताता है। दोनों भी एक ही दिन शादी करने का सोचते हैं, तब श्वेतांक कहता है कि वह मृत्युंजय की बेटी से प्यार करता है और उससे ब्याह करना चाहता। तो सामंत बीजगुप्त को त्याग ही प्रेम का दूसरा नाम है, यह चित्रलेखा द्वारा बताई गई बाते याद आती है और वह चित्रलेखा के इस विचारों के अनुसार सुर्यवंषी श्वेतांक को अपनी सारी संपत्ति और पद देकर पाटलीपुत्र चला जाता है। महाप्रभु रत्नांबर द्वारा भेजा गया शिष्य और उसका व्यवहार उसे योगी से भोगी बनाता है।

सन् 1934 में लिखे इस उपन्यास पर केदार शर्मा जी ने सन् 1941 और सन् 1964 में अनुक्रमें दो बार 'चित्रलेखा' शीर्षक से फिल्म बनाई। सन् 1941 में बनाई फिल्म की पटकथा, संवाद और गीत केदार शर्मा जी ने ही लिखे थे। सिर्फ संगीत उस्ताद झांडे खान और ए. एस. ज्ञानी ने दिया था। फिल्म में योगी कुमारगिरि की भूमिका ए. एस. ज्ञानी ने निभाई और नायिका की भूमिका महताब ने निभाई। यह फिल्म अधिक लोकप्रिय तो न बन सकी किंतु उसके गीत बहुत लोकप्रिय हुए। मूल उपन्यास की कथा के अनुसार तथा केदार शर्मा के अनुभव की कमी के कारण सन् 1941 में बनी 'चित्रलेखा' फिल्म प्रसिद्ध नहीं हुई।

केदार शर्मा ने उसी उपन्यास पर फिर से सन् 1964 दूसरी बार फिल्म बनाई। जिसमें मुख्य कलाकार के रूप में चित्रलेखा की भूमिका मीना कुमारी ने और बीजगुप्त की भूमिका प्रदीप कुमार ने निभाई, तो कुमारगिरि की भूमिका अशोक कुमार ने निभाई। इनके साथ–साथ महमूद, मिन ममताज, जेब रहमान, अचला सचदेव, बेला बोस, नीता आदि दिगज कलाकार इस फिल्म के पात्र बने।

योगी कुमारगिरि अपने स्वार्थ के लिए जब चित्रलेखा से झुठ बोलकर उसे अपनी वासना का शिकार बनाता है और चित्रलेखा को विशालदेव से सचाई मालुम हो जाने पर वह योगी कुमारगिरि का आश्रम छोड़कर चली जाती है। योगी कुमारगिरि अपने किए पर पछताता है और आत्महत्या करने के लिए गंगा नदी की तरफ जाते समय गंगा मैया से प्रार्थना करता है कि उसे वह अपने में समा ले तभी सांप उसे दंश करता है। फिल्म में यह दिखाया है कि सांप के दंश करने के बाद सचमुच गंगा मैया में बाढ़ आती है और योगी कुमारगिरि उसमें समा जाता है, योगी कुमारगिरि के आत्महत्या का प्रसंग उपन्यास में वर्णित नहीं है। यहाँ तक की फिल्म में यह भी दिखाया है कि योगी कुमारगिरि को चित्रलेखा से प्रेम हो जाने पर तथा उसे चित्रलेखा का प्रेम न मिलने पर ग्लानी महसूस करता है, जो कि इसका जिक्र तक उपन्यास में नहीं है।

उपन्यास में बीजगुप्त और यशोधरा की सगाई नहीं हुई है। सिर्फ दोनों के पिता की इच्छा है कि दोनों का ब्याह हो। किंतु फिल्म में संवादों के माध्यम से बताया है कि दोनों की शादी हुई है। जब श्वेतांक चित्रगुप्त के दरबार में पाप और पुण्य का अनुभव करने के लिए आता है, तब वह वहाँ पर यशोधरा को देखता है और

नारी के संपर्क में आने से उसकी स्थिति का जिक्र गीत से फिल्म में वर्णित है। जैसे :–

''लागे मनवा के बीच कटारी,
कै मारा गया, कै मारा गया ब्रह्मचारी।
कैसे जुलमी बनाई तैन नारी,
कै मारा गया ब्रह्मचारी।''

श्वेतांक को यशोधरा से प्रेम हो जाता है। वह इसका जिक्र सामंत बीजगुप्त से करता है। बीजगुप्त श्वेतांक की इच्छा नुसार उसका विवाह उस युवती से कराने का निश्चय करता है और यहाँ तक बताता है कि दोनों एक ही दिन में ब्याह करेंगे। परंतु जब बीजगुप्त को पता चलता है कि श्वेतांक यशोधरा से प्रेम करता है, तो वह अपनी संपत्ति, वैभव और पद त्यागकर वहाँ से चला जाता है। ऐसा वर्णन उपन्यास में नहीं है। उपन्यास की कथा में एक युवा बीजगुप्त और एक सुंदर स्त्री चित्रलेखा प्रेम और त्याग के कारण भोगी से योगी बन जाते हैं, किंतु संन्यासी बनकर नहीं जीते, तो गरीबी का, सामान्य मनुष्य का जीवन जीते हैं।

उपन्यास में चित्रलेखा के विधवा हो जाने की कथा वर्णित है, यह वर्णन फिल्म में नहीं है। फिल्म में सिर्फ चित्रलेखा बीजगुप्त के सामने अपना अतीत बयान इसलिए करती है कि भविष्य में इन बातों के कारण आपसी संबंधों में घृणा पैदा न हो। उपन्यास में चित्रलेखा योगी कुमारगिरि की तरफ आकर्षित दिखाई है। बल्कि फिल्म में ऐसा नहीं है। फिल्म में वह योगी कुमारगिरि के पास बुढ़ापे के भय से तथा अपने मोहजाल से बीजगुप्त को मुक्ति देने हेतु जाती है। उपन्यास में बीजगुप्त मृत्युंजय, यषोधरा और श्वेतांक के साथ वाराणसी जाता है। फिल्म में चित्रलेखा और बीजगुप्त दोनों भी नारी प्रेम को माया का रूप समझकर संसार से विरक्ति चाहते हैं और निराश होकर अंत में पाटलीपुत्र में योगी का जीवन बिताते हैं।

सारांश में उपन्यास कि कथा पाप और पुण्य की खोज से होती है और उसका विकास पाप–पूण्य के निर्धारण से तथा अंत तठस्थता से होता हैं। क्योंकि भगवतीचरण वर्मा के मतानुसार समाज में पाप और पूण्य परिस्थितिजन्य होता है। पांखडी लोग भोगी बनकर भोली जनता को किस प्रकार ठगते हैं इसका जीवंत उदाहरण 'चित्रलेखा' उपन्यास है। फिल्म में जो संन्यासी योगी कुमारगिरि है वह भोगी बन जाता है और जो गृहस्थी सामंत बीजगुप्त है वह संसार को त्यागकर योगी बनता है। नैसर्गिक प्राकृतिक प्रेम का संदेश देने वाली तथा पाखंड का पर्दाफाश करने वाली एक सामाजिक फिल्म सन् 1964 में प्रदर्षित हुई है। जिसका सार इस गीत में है :–

''संसार से भागे फिरते हो,
भगवान को तुम क्या पाओगे।
ये पाप है क्या ?
ये पुण्य है क्या ?
रीतों पर धर्म की मुहरे हैं,
हर युग में बदलते धर्मों को,
कैसे आदर्श बनाओगे।
संसार से भागे फिरते हो।''

Email ID : vkaidrr@gmail.com, Phone No. 9860504985

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 72–75

अनिवार्य कोर पाठ्यक्रम की शिक्षा में आवश्यकता : नई शिक्षा नीति के संदर्भ में

पुनीता, शोधार्थिनी
प्रोफे. सविता श्रीवास्तव
दयालबाग एजुकेशन इंस्टीट्यूट, दयालबाग, आगरा।

सारांश :-

शोध पत्र शिक्षा जगत के लिए एक मील के पत्थर के भांति कार्य करते हैं। प्रस्तुत शोध पत्र भविष्य में शिक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा। शिक्षा बालक के वास्तविक स्वरूप का निर्माण करती है तथा उसे एक सम्पूर्ण मानव बनती है जोकि जीवन की हर परिस्थिति में स्वयं संभाल सकता है। मानव को अच्छा नागरिक बनाने के साथ–साथ जीवन यापन की कला को सिखाने में शिक्षा के अनिवार्य कोर पाठ्यक्रम की अहम भूमिका है जोकि बालकों में शिक्षा के साथ ही कौशलों से अवगत कारयते हैं और उसे कुशल नागरिक बनाने का काम करते हैं। यह शोध पत्र कोर पाठ्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास में सहायता प्रदान करने की बात करता है।

मुख्य बिंदु :- शिक्षा, अनिवार्य कोर पाठ्यक्रम।

प्रस्तावना :-

परिवर्तन के इस युग में मानव जीवन संघर्ष का जीवन बन गया है। आज के समय में जहाँ समाज और परिवेश में प्रतिदिन निरंतर परिवर्तन हो रहा है, वहीं शिक्षा ही वह कुंजी है जो मनुष्य के इस संघर्षशील जीवन को प्रगति के पथ पर ले जा सकती है और सौभाग्य का संचार कर सकती है। शिक्षा का अर्थ वास्तव में समाज में अनुकूल परिवर्तन लाना है। शिक्षा बालक की बुराइयों को दूर कर उसके आंतरिक गुणों को उजागर करती है, जिसके प्रकाश में बालक अपने व्यक्तित्व का विकास करता है तथा समाज को भी लाभान्वित करता है।

शिक्षा :-

शिक्षा बालक के आचरण को निखारती है।यह निखार बालक और समाज दोनों के लिए उपयोगी है। जीवन की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ–साथ शिक्षा व्यक्ति को मानवता के गुणों एवं नैतिक मूल्यों से भी परिचित कराती है,यद्यपि प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार कार्य करता है,किन्तु शिक्षा उन कार्यों को नया आधार प्रदान करती है।

यूनेस्को, 1972 "शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के विकास में योगदान देती है। वह विकास मन, शरीर, बुद्धि,

संवेदनशीलता, मूल्यों एवं आध्यात्मिकता से संबंधित है।"

रवींद्रनाथ टैगोर के अनुसार, 'उच्चतम शिक्षा वह है जो हमें केवल जानकारी ही नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को उसके संपूर्ण अस्तित्व के साथ सामंजस्य स्थापित करने में भी मदद करती है और इसका अंतिम लक्ष्य उन लोगों की स्थिति में सुधार करना है जो हाशिए पर हैं।'

अनिवार्य कोर पाठ्यक्रम :-

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) वह पाठ्यक्रम जो बाल केंद्रित होता है, तथा बालक की अनुकूलतम परिस्थितिओं को देखकर तैयार किया जाता है, जिसमें कुछ अनिवार्य विषय तथा कुछ विषय ऐसे होते है जिन्हे छात्र अपनी क्षमता के आधार पर चुन सकते है, ताकि सभी छात्रों को शिक्षा देकर उनका तथा समाज का विकास किया जा सके।

कोर पाठ्यक्रम छात्रों में मौलिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा नैतिक गुणों को प्रवाहित करते हैं जिनकी सहायता से बालक एक सभ्य नागरिक बनता है। शिक्षा में इनका प्रयोग बहुत ही सराहनीय है। वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि कोर पाठ्यक्रमों द्वारा शिक्षा में मौलिकता तथा नैतिकता को पुनः जीवित किया जा रहा है।

शिक्षा के साथ–साथ संस्कृति विरासत दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़ाया जाता है। मूल्यों को आधार मान कर ही कोर पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाता है।

कोर पाठ्यक्रम के निर्माण में निम्न बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है :-

1. शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक तथा नैतिक अखंडता।
2. सच्चाई, संयम और साहस की भावना।
3. नम्रता, सादा जीवन, निस्वार्थ सेवा और त्याग।
4. वैज्ञानिक स्वभाव, व्यावहारिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण।
5. अपने हाथों से काम करने की इच्छा और क्षमता।
6. सभी आस्थाओं और आस्थाओं का सम्मान।
7. मनुष्य में भाईचारे की भावना का निर्माण।

अनिवार्य कोर पाठ्यक्रम के अंतर्गत बालकों को अनेक धर्मों, सभ्यताओं, मान्यताओं तथा उनमे समाहित गुणों को पढाया जाता है इसके साथ–साथ जीवन कौशलों से भी अवगत कराया जाता है। परिवर्तन के समय में जीवन जीने की कला से अवगत कराया जाता है। बालक को बताया जाता है कि वह किस तरह बिना किसी को हानि पहुंचाये अपने कर्तव्यों का पालन कर सकता है।

आधुनिक समय में, शिक्षा का मतलब किसी को सलाह देना नहीं माना जाता है, न ही किसी बालक को काल्पनिक दूर के भविष्य को ध्यान में रखकर शिक्षा देना है। आज शिक्षा का उद्देश्य वास्तव में बालक के वर्तमान का निर्माण करना और उसके भावी जीवन में हर स्तर पर बालक का मार्गदर्शन और समर्थन करना है।

अगर हम सामाजिक पहलू को ध्यान में रखते हुए कहें तो शिक्षा सामाजिक प्रक्रिया की एक अवस्था है जिसका उद्देश्य समाज के सदस्यों को जीवनभर अपने वर्ग में रहने के योग्य बनाना है। आज शिक्षा का मतलब कड़ी मेहनत नहीं है, बल्कि शिक्षा प्राप्त करना एक आनंददायक अनुभव है, बालक को नई चीजें सीखने में मजा

आता है, वही वास्तव में शिक्षा है।

शिक्षा की प्रक्रिया में, पारंपरिक शिक्षा में बालक को एक निष्क्रिय श्रोता के रूप में जाना जाता था, वह शिक्षा प्रणाली निष्क्रिय थी, लेकिन वर्तमान समय में, बालक निष्क्रिय श्रोता के बजाय एक सक्रिय छात्र बन गया है। आज के समय में बालक कई चीजों को खुद करके सीखने में विश्वास रखता है। शिक्षक सहयोगी या मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है, वह पहले की तरह नियम बताने वाली मशीन नहीं है। बालकों के प्रति शिक्षक का व्यवहार कठोर नहीं, बल्कि मित्र की तरह मृदु और सहानुभूतिपूर्ण होता है। शिक्षक का कर्तव्य है कि वह बालक के सामने ऐसी समस्याएं प्रस्तुत करे, जिनका समाधान करने में बालक सक्रिय हो जाए। बालक के जीवन के हर चरण में शिक्षा का अलग महत्व होता है, चाहे वह प्राथमिक स्तर हो, माध्यमिक या उच्च शिक्षा स्तर हो, बालक को हर स्तर पर अलग–अलग क्षेत्रों में ज्ञान प्राप्त होता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 :–

शिक्षा मानव के विकास के साथ–साथ सामाजिक कल्याण में भी आवश्यक भूमिका निभाती है चूंकि हमारा संविधान भारत को एक लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण, सामाजिक रूप से जागरूक, सुसंस्कृत और मानवीय राष्ट्र के रूप में परिकल्पित करता है, जहां सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावना है।

उचित शिक्षा किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास और आजीविका की स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चूंकि भारत ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और समाज की ओर बढ़ रहा है, इसलिए अधिक से अधिक भारतीय युवा उच्च शिक्षा की ओर बढ़ेंगे। 21वीं सदी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, शिक्षा का आवश्यक उद्देश्य चिंतनशील बहुमुखी प्रतिभा के साथ रचनात्मक व्यक्तियों का विकास करना होना चाहिए।

शिक्षा एक से अधिक विशिष्ट क्षेत्र स्तर पर अध्ययन को सक्षम बनाती है और चरित्र और नैतिक और संवैधानिक मूल्यों, जिज्ञासा, वैज्ञानिक स्वभाव, व्यक्तिगत उपलब्धि और व्यावसायिक विषयों सहित विभिन्न विषयों में ज्ञान का उत्पादन भी करती है। शिक्षा द्वारा छात्रों को सार्थक जीवन और काम के लिए तैयार किया जाना चाहिए और अधिक स्वतंत्रताके साथ उनको सक्षम करना चाहिए।

निष्कर्ष :–

शिक्षा न केवल एक शैक्षणिक प्रक्रिया है, बल्कि सामाजिक और मानव विकास की मुख्य आधार भी है। शिक्षा न केवल ज्ञान का संचय प्रदान करती है, बल्कि मानवता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की समझ भी प्रदान करती है। 2020 की शिक्षा नीति के क्षेत्र में राष्ट्रीय नीति और उच्च शिक्षा का संदर्भ न केवल यह है कि शिक्षा के उद्देश्य अब तकनीकी या पेशेवर प्रशिक्षण तक सीमित हैं, बल्कि व्यक्तित्व और सामाजिक सुरक्षा के विकास के लिए एक पूर्ण परिप्रेक्ष्य भी हैं। शिक्षण विधियों को अब भी बदला जा रहा है, बालकों के साथ सक्रिय और रचनात्मक छात्रों की क्षमताएं विकसित हो रही हैं। शिक्षक अब सहयोगी हैं और जीवन में बालकों को प्रशिक्षित करने में मदद करने के लिए मार्गदर्शक हैं। इसलिए, न केवल मानव सफलता के लिए, बल्कि राष्ट्र के सामान्य विकास के लिए भी शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

संदर्भ सूची :–

1. सिंह, कुमार अरुण (2015) मनोविज्ञान समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ।

2. गुप्ता (2016) भारतीय शिक्षा का एतिहास, विकास।
3. लाल एण्ड शर्मा 2009 भारतीय शिक्षा का एतिहास, विकास एवं समस्याएं।
4. दयालबाग शिक्षा नीति 1975
5. नई शिक्षा नीति 2020
6. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986)

- **https://www.kailasheducation.com/2020/06/samajik-mulya-arth-paribhasha.**
- **https://www.aryaexams.com/2022/04/what-is-core-curriculum.htmlhtm**
- https://hi.sainte-anastasie.org/articles/bienestar/inteligencia-espiritual-la-bsqueda-de-un-propsito-mediante-la-calma-interna.html
- https://hi.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%A8%E0%A4%BE%E0%A4%A4%E0%A4%95

puneetachaudhary.india@gmail.com
Puneeta 7060607601, 9456009006

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 76–79

पर्यावणीय आत्मीयता वर्तमान शिक्षा की आवश्यकता

बरखा बेन्स, शोधार्थिनी
प्रोफे. सविता श्रीवास्तव
शिक्षा संकाय, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टिट्यूट दयालबाग, आगरा।

मनुष्य एक आश्रित प्राणी है जो किसी न किसी रूप में दूसरों पर निर्भर रहता है। मानव और पर्यावरण का आपस में अटूट संबंध है मानव ही पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकता है। मानव ही वह एकमात्र प्राणी है जो पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकता है। मानव अपनी सहूलियत को देखते हुए न जाने कितने ऐसे कार्य कर रहा है जो कि पर्यावरण को हानि पहुंचा रहे हैं। समय के परिवर्तन के साथ–साथ नई–नई बीमारियों का जन्म हो रहा है। जनसंख्या में लगातार वृद्धि द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित करने में मानव की प्रमुख भूमिका है। जनसंख्या के बढ़ने से आवास, वस्त्र खाद्य पदार्थों आदि की आवश्यकता भी बढ़ रही है। इन्हीं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मनुष्य अत्यधिक वनों की कटाई कर रहा है, औद्योगिक क्रांतियां हो रही हैं, दुर्घटनाएं हो रही है, कारखाने का निर्माण, नदियों में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा, अत्यधिक रसायनों का उपयोग, औद्योगिक क्रांतियां से वायु प्रदूषण, अम्लीय वर्षा, अत्यधिक वाहनों का उपयोग, यह सब क्रियाएं प्रकृति को हानि पहुंचा रही हैं और हमारा पर्यावरण दिन–प्रतिदिन दूषित होता जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि जितना मनुष्य पर्यावरण को स्वच्छ रखेगा वह उतना ही स्वस्थ रह सकेगा।

पर्यावरण :–

हमारे चारों ओर का वह पर्यावरण जिसमें हम, आप और अन्य सभी जीव–जन्तु जैसे पेड़–पौधे, जानवर आदि रहते हैं, वह मिट्टी जिसमें पेड़–पौधे रहते हैं, जिस जमीन पर हम रहते हैं, जिस पर हम अपना घर बनाते हैं, जिस पानी को हम प्यास लगने पर पीते हैं और जिस हवा में हम सांस लेते हैं, पेड़, पहाड़, रेगिस्तान, तालाब इत्यादि मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। मनुष्य अपना पूरा जीवन उसी वातावरण में व्यतीत करता है तथा उसी पर्यावरण में अंत में विलीन हो जाता है। इसलिए मनुष्य का परम कर्तव्य है कि वह जिस पर्यावरण में निवास कर रहा है, उसकी रक्षा एवं संरक्षण करे।

विद्वानों द्वारा पर्यावरण का परिभाषिकरण :–

वुडवर्थ के अनुसार : 'पर्यावरण शब्द का अभिप्राय उन सब बाहरी शक्तियों एवं तत्वों से है, जो व्यक्ति को आजीवन प्रभावित करते हैं।'

पर्यावरण केन्द्रित आत्मीयता (Eco-centric affinity) :– पर्यावरण केंद्रित आत्मीयता से तात्पर्य है पर्यावरण के प्रति स्नेह, पर्यावरण केंद्रित स्नेह से तात्पर्य है कि कैसे मनुष्य को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनकर

एक पर्यावरण प्रेमी बनता है तथा पर्यावरण के प्रतिकर्तव्यों का पालन करना सीखता है। वास्तव में मनुष्य और पर्यावरण का संबंध अटूट है जिसके द्वारा ही पर्यावरण मनुष्य जाति के जीवन को सुलभ बनता है और मानव से यह उम्मीद की जाती है कि वह भी पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाए और अपने जीवन को सुरक्षित बनाए। मानव का पर्यावरण के साथ संबंध तथा सकारात्मक व्यवहार ही पर्यावरण के प्रति स्नेह कहलाता है।

पर्यावरण केन्द्रित आत्मीयता का परिभाषिकरण :-

बूथ के अनुसार, (1992) इको–सेंट्रिज्म समग्र रूप से जैविक समुदाय पर ध्यान केंद्रित करता है और पारिस्थितिकी तंत्र संरचना और पारिस्थितिक प्रक्रियाओं को बनाए रखने का प्रयास करता है। इको–केंद्रित का अर्थ है 'जन्मजात उद्देश्य जो पर्यावरण पर केंद्रित हैं।' और आत्मीयता का तात्पर्य 'एक स्नेह' से है। इस प्रकार पर्यावरण–केंद्रित आत्मीयता पर्यावरण या पारिस्थितिकी तंत्र के साथ स्नेह का प्रतिनिधित्व करती है।

पर्यावरणीय नैतिकता के संदर्भ में, एक पर्यावरण–केंद्रित दृष्टिकोण वह है जो मानता है कि पृथ्वी की पारिस्थितिकी और पारिस्थितिक तंत्र (इसके वायुमंडल, जल, भूमि और सभी जीवन रूपों सहित) में आंतरिक मूल्य हैं–अर्थात् उन्हें संरक्षित और महत्व दिया जाना चाहिए, भले ही वे ऐसा कर सकें। इसका उपयोग मानव द्वारा संसाधन के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। वर्तमान अध्ययन में, इको–केंद्रित आत्मीयता को प्रकृति के प्रति प्रेम या स्नेह, प्रकृति से जुड़ा हुआ महसूस करना, प्रकृति में सुरक्षा महसूस करना और प्रकृति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के रूप में वर्णित करना है।

मानव और पर्यावरण का अटूट संबंध :-

मानव और पर्यावरण का संबंध तो मानव तथा प्रकृति के जन्म से ही हैद्यभारत की तो संस्कृति ही यही है –ऐतरेयोनिषत के अनुसार ब्रह्मांड का निर्माण पांच तत्वओं पृथ्वी, वायु, आकाश, जल एवं अग्नि को मिलाकर हुआ है। हमारे वेदों में भी इन्हीं पांच तत्वों को संतुलित रखने की बात की गई है कि जब–जब इन पांच तत्वों का संतुलन बिगड़ा है तब–तब पृथ्वी पर प्रलय का निर्माण हुआ है। इन तत्वों में किसी भी प्रकार का संतुलन उसके परिणाम स्वरुप सुनामी, ग्लोबल वार्मिंग प्राकृतिक आपदाएं होती है। वेदों में हमारी प्रकृति के प्रत्येक घटक को दिव्य स्वरुप प्रदान किया गया है। हमारे अनेक क्रियो में भी प्रकृति के हर पहलू को देवीय रूप दिया गया है। हम देखते हैं कि जब भी हम अपनी पौराणिक पुस्तकों को पढ़ते हैं तो पाते हैं कि उनमें अग्नि देवता, पृथ्वी मां, जल देवता, वायु देवता आदि तरीकों से इन पांच तत्वों को संबोधित किया गया है।

डॉ. टेलर के मतानुसार, "प्रकृति मानव के लिए एक प्रकार की योजना प्रस्तुत करती है। मानव उस योजना को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है। यह योजनाएँ एक प्रकार से सुअवसरों के समान हैं जिन्हें मानव चाहे स्वीकार करे या ठुकरा दे, किन्तु मानव का हित इसी में है कि इन सुअवसरों से लाभ उठाए और अपना पर्यावरण से सुरक्षित संबंध बनाये"।

पर्यावरण सुरक्षा संबंधित योजनाएं :-

पर्यावरण सुरक्षा एवं पर्यावरण में सुधार करने के उद्देश्य से पर्यावरण (संरक्षण अधिनियम (Environment) Protection Act-EPA),1986 भारत सरकार द्वारा अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम केंद्र सरकार को पर्यावरण प्रदूषण को रोकने और देश के विभिन्न हिस्सों में विशिष्ट पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिये अधिकृत करता है।

पर्यावरण सुरक्षा संबंधित योजनाएं :-

पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है जिनसे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। अनेक परियोजनाएं ऐसी हैं जो कि वातावरण को शुद्ध करने का कार्य कर रही है। जिनके द्वारा हमारे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है उन्हें परियोजनाओं और कानूनी अधिनियम, की सहायता से हमारे वातावरण में हो रहे प्रदूषण को कम किया जा सकता है।

भारत में पर्यावरण संबंधित उपरोक्त कानूनों का निर्माण उस समय किया गया था जब पर्यावरण प्रदूषण देश में इतना व्यापक नहीं था। काननू व नियम पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन अधिनियम के अतिरिक्त ऐसी परियोजनाएं चलाई जा रही हैं जो कि पर्यावरण के लिए अनेक रूप से लाभकारी है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय नदी संरक्षण कार्यक्रम, प्राकृतिक संसाधनों और पारिस्थितिकी प्रणालियों के संरक्षण की उप–योजनाएं, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और हरित भारत मिशन, राष्ट्रीय तटीय प्रबंधन कार्यक्रम, जलवायु परिवर्तन के तहत हिमालयी अध्ययन पर राष्ट्रीय मिशन लागू कर रहा है। भारत सरकार के केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और हरित भारत मिशन देश में नष्ट हुए वनों और उनके आसपास के क्षेत्रों के पुनर्जीवन में योगदान करते हैं। राष्ट्रीय नदी संरक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रदूषण निवारण कार्यों के माध्यम से नदियों तक पहुँचने वाले प्रदूषण भार को रोककर नदियों के प्रदूषित हिस्सों में पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने में सुविधा प्रदान करता है। इस प्रकार यह कहा जाना गलत नहीं होगा कि समय–समय पर हमारे पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार द्वारा इन कार्यक्रमों को चलाए जाने से जब तक कुछ नहीं होगा तब तक भारत का हर नागरिक अपने पर्यावरण के प्रति स्नेह की भावना को जागृत नहीं करेगा। हमारा पर्यावरण सिर्फ और सिर्फ तब ही सुरक्षित एवं स्वच्छ रह सकता है तब जब भारत का हर नागरिक अपने पर्यावरण के प्रति स्नेह की भावनाओं को जागृत करें और अपने पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। समय–समय पर अनेक योजनाएं बनाई जाती हैं किंतु वे सफल जब ही होती है तब हर व्यक्ति उन योजनाओं को पूर्ण करने में अपना योगदान देता है।

पर्यावरण केन्द्रित आत्मीयता आज की आवश्यकता है :-

वर्तमान समय में दिन प्रतिदिन हो रहे बदलाव को देखते हुए आज की आवश्यकता है कि हमारी पीढ़ी को हम इस प्रकार तैयार करें वह अपने पर्यावरण के साथ स्नेह की भावना रखें ताकि आने वाले नए युग में पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण किया जा सके। क्योंकि हम जानते हैं कि जब तक हम अपने बालकों को पर्यावरण के प्रति स्नेह की भावना विकसित नहीं करेंगे तब तक भी अपने पर्यावरण को नहीं समझेंगे तथा उसकी सुरक्षा एवं स्वच्छता का ध्यान नहीं रखेंगे। वर्तमान का समय परिवर्तन का समय है परिवर्तन के दौर में दिन प्रतिदिन हो रहे परिवर्तन में हमारे जीवन शैली भी आती है। हमारे जीवन शैली इतनी विलासता पूर्ण हो गई है कि हम अपने पर्यावरण को भूलकर अपनी सहूलियत एवं आनंद पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। हम अपने बालकों को यह बताये कि वह जिंदगी में कुछ ऐसा करें जिससे कि वे अपनी प्रकृति रूपी धरोहर को संभाल कर रख पाए कोई भी ऐसा कृत्य ना करें जिससे कि हमारे वातावरण में प्रदूषण बढ़ और प्रकृति को क्षति पहुंचे। बालकों

को समय–समय पर यह याद दिलाया जाए कि हम अपने पर्यावरण को कैसे स्वच्छ और सुरक्षित रख सकते हैं।

निष्कर्ष :-

इस प्रकार पर्यावरणीय मुद्दों को उजागर कर सभी समस्याओं का पता लगाकर उनको जड़ से खत्म करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। हम उन सभी समस्याओं को पहचाने जिनके द्वारा हमारे पर्यावरण को हानि पहुंच रही है। वास्तव में हमारा उद्देश्य भी यही है कि हम पर्यावरण के प्रतिस्नेह की भावना रख अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाए। ताकि आने वाले समय में आने वाली अनेक आपदाएं तथा बीमारियां मनुष्य जाति से दूर रहे और मानव एक स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन यापन कर सके। हमारा उद्देश्य है कि जो कारण पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं, और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य और जीवन को और अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं उनसे बचने के लिए हमारे सामाजिक दायित्वों पर चर्चा की जाए। पर्यावरण से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया जाए और उन्हें इतना सक्षम बनाया जाए कि वे दूसरों को पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने से रोक सकें।

7017792936
barkha28071981@gamil.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 80-85

समाज–सुधारक कबीर की स्त्री–विषयक धारणाएं

डॉ० योजना कालिया
एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, विवेकानन्द महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय।

कबीरदास सच्चे महात्मा, ज्ञानी, कर्मठ, समाज–सुधारक, बुराइयों का विरोध करने वाले, स्पष्टवादी, निर्भीक, तपस्वी, सदाचारी और परोपकारी संत थे। उनका जीवन बहुजन हिताय तथा 'सर्वे भवन्तु सुखिनं सर्वे सन्तु निरामया' के महान सिद्धान्तों की पूर्ति था। कबीर युग स्रष्टा और युग पुरूष माने जाते हैं। हिन्दू और मुसलमान उन्हें सम्मान रूप से अपना मसीहा मानते हैं। उस समय भारत में हिन्दू–मुस्लिम–धर्म संघर्ष अपने प्रचण्ड रूप में व्याप्त था। कबीर ने इन दोनों धर्मावलम्बियों के विविध विरोधों को मिटाकर मानवतावाद की स्थापना का प्रयास किया। उसके लिए उन्होनें समाज में व्याप्त जाति–भेद, बाहयाडम्बरों, संकीर्णताओं का खुलकर विरोध किया। ऐसा माना जाता है कि उन्होनें मूल तत्व को पहचान लिया था, परम तत्व की पहचान कर ली थी, सत्य को जान लिया था। उनके ईश्वर, जीव, जगत, माया और मोक्ष संबंधी तर्को को आज भी अकाट्य माना जाता है। उन्होनें एक ओर दार्शनिक चिंतन किया, वहीं भावात्मक रहस्यवाद से संबंधिघ्त उक्तियों की रचना भी की है। कबीर वास्तव में यथार्थवादी संत थे जिन्होंनें विभिन्न रूढियों से ग्रस्त पतनोन्मुखी समाज को जाग्रत करने का कार्य किया। जब हिन्दू और मुसलमान दोनों ही राम और रहीम के नाम पर झगड़ा करते थे कबीर उन्हें सीधे शब्दों में यूं समझाते थे :–

हिन्दू कहै मोहि राम पियारा, तुरक कहै रहिमान।
कबीर लड़ि लड़ि दोनों मुये मरम न काहू जाना।।

भाषा पर भी उनका पूर्ण अधिकार था। उन्होंनें जैसा चाहा भाषा को बना लिया, इसीलिए वाणी के डिक्टेटर कहलाए। वह मूलतः अद्वैतवादी थे। उनके अनुसार ब्रह्म ही सत्य है और संसार मिथ्या है। ब्रह्म और जीव एक दूसरे से भिन्न नहीं है अथवा एक ही हैं, ऐसा मानते हुए उन्होनें आत्म–साधना में लीन होने, वैराग्य धारण करने और मिथ्या संसार से दूर रहने का आग्रह किया है। निसंदेह कबीर की सामाजिक चेतना आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी कबीर के समय थी, क्योंकि आज भी हिन्दू और मुसलमान समुदायों के बीच सांप्रदायिक विद्वेष बना रहे, ऐसे प्रयोजित प्रयास जारी हैं, ऐसे में कबीर की समन्वयवादी मान्यताएं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पुनः पुनः चर्चित होनी चाहिए इसमें कोई संदेह नहीं, परंतु उनकी नारी विषयक धारणाओं पर एक बार सोचना होगा। उनकी स्त्री–विषयक मान्यताओं की प्रासंगिकता आज कितनी है, यह निष्पक्ष होकर विचार करने योग्य प्रश्न है, क्या कबीरदास की महान छवि के चलते उनकी उन मान्यताओं को यथावत स्वीकार किया जा सकता है? या उनकी उन मान्यताओं का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण भी संभव है? उनके समय के अनुकूल इन

धारणाओं का कारण क्या था? और आज उन्हें कहां तक मान्यता दी जा सकती है? यह प्रश्न इस लेख का प्रमुख कारण बने हैं। डॉ० मदनलाल शर्मा ने 'कबीरदास' नामक पुस्तक में 'कबीरदास की नारी भावना' शीर्षक लेख में लिखा है "कबीरदास के व्यक्तघ्त्वि में नारी–साधना के लिए तिलभर भी स्थान नहीं था। उनके लिए नारी का सम्पर्क इतना ही क्लष्टि था जितना पानी को मथकर घी निकालना या बालू से तेल निकालना"।

कबीरदास ने स्त्री के कामिनी रूप का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। कामिनी नारी वह होती है, जो कामविमुग्धा होकर पर पुरूष को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करती है। वह काम मुग्ध हो, स्वपति की परवाह न करके पर पुरूष को आकर्षघ्ति करती है। ऐसी स्त्री को वह नागिन और मधुमक्खी के समान घातक मानते है :–

कांमणि़ काली नागणीं तीन्यू लोक मंझारि।
राम सने ही ऊबरे विषई खाये झारि।।

कामिनी के साथ ही उन्होंने स्त्री को परनारी–वृत्ति का भी निषेध किया है। पर नारी कामिनी की भाँति स्वयं साधिका नहीं होती बल्कि पर नारी पर पुरूष मुग्ध होता है। पर यहां भी कबीर पर नारी की वृत्ति में ही दोष बताते हैं और मुग्ध पुरूष को उससे सजग रहने की सलाह देते हैं। वह पुरूष को समझाते हैं कि पर नारी तो पुरूष के विनाश का कारण है। भारतीय संस्कृति में साधारण से साधारण व्यक्ति भी इस तथ्य से अवगत है कि परस्त्री वृत्ति में पड़कर रावण भी नहीं बच पाया था :–

परनारी पैनी छुरी मति कोई लागौ अंग।
रावण से जोधा गये पर नारी के संग।।

कबीर परनारी के दूषित स्वभाव को यूं देखते है :–

परनारी राता फिरै चोरी बिढ़ता खाहि।
दिवस चारि सरसा रहै, अति समूला जाहि।।
पर नारी पर सुन्दरी बिरला बंचौ कोई।
खाती मीठी खाँड सी अंत काल विष होई।।
धोबी की नाँद की साखि कहा जामैं मैल कटै सबके कपड़ा कौं।

यहाँ पर स्त्री को धोबी की नाँद के समान बताया गया है, जिसमें सभी भले–बुरे लोगों के कपड़े धुलते हैं, और उनका मैल एकत्र हो जाता है।

कबीर की दृष्टि में एक योगी के लिए नारी–प्रेम महापाप है। नारी–प्रेम पुरूष के लिए अत्यंत घातक बताया है क्योंकि नारी के प्रेम–पाश में आबद्ध होने से भक्ति, मुक्ति और ज्ञान, ये तीनों ही अमूल्य रत्न नष्ट हो जाते हैं। इसलिए इन रत्नों की इच्छा रखने वाले पुरूष को नारी का आंचल पूर्णतया त्याग देना चाहिए। उनके अनुसार कनक और कामिनी दोनों ही योग–मार्ग की बाधाएं हैं। ये अग्नि की तरह हैं, जिन्हें देखने से ही शरीर जलने लगता है और यदि इनका स्पर्श किया जाये तो सर्वनाश ही हो जाता है :–

एक कनक अरू कामिनी दोऊ अग्निन की झाल।
देखें ही तन प्रजलै परस्यां हैव पैमाला।।

नारी के आचरण पर आक्षेप करते हुए कबीर कहते हैं दुराचारिणी नारी संसार की जूठन की तरह है। जो

उत्तम व्यक्ति होते हैं वे ऐसी नारी से दूर रहते हैं जबकि नीच प्रवृत्ति वाले उसके निकट रहते हैं :–

जोरू जूठणि जगत की भले बुरे का बीच।
उत्तम ते अलगे रहैं निकट रहैं तें नीच।।

कबीरदास नारी को नर्क का कुण्ड बताते हैं, जिससे कोई बिरला ही बच सकता है।

नारी कुण्ड नरक का बिरला थम्भै बाग।
कोई साधु जन ऊबरै सब जग मूवा लाग।।

वह नारी को माया मानते हैं जो कि महाठगिनी है। वह त्रिगुण का फंदा लेकर घूमती है। उसकी वाणी बड़ी मधुर है, प्रभावशालिनी है। वह मोह है, काम है, क्रोध है, लोभ है और अहंकार भी है। जिस किसी ने भी नारी को अपनाया है, वही सकाम है :–

माया महाठगिनी हम जानी।
तिरगुन फाँसि लिए कर डोलै, बोलै मधुरी वाणी।।

कबीर के समय में परिवार में भी स्त्री को दूसरी श्रेणी की नागरिक ही स्वीकार किया जाता था, जिसे यौन–शुचिता, पातिव्रत्य, सतीत्व जैसे हथियारों का प्रयोग कर घर की चार दीवारी में रखा जाता था। मध्यकाल के सारे कवि ईश्वर के उपासक हैं तथा उसमें उनकी अटूट आस्था है। यह सारे कवि लोक की पीड़ा को शिद्दत से महसूस करते हैं। समाज में व्याप्त धार्मिक रूढ़ियों को संत कवि तोड़ते हैं तथा उसे पुर्नयारव्यायित भी करते हैं लेकिन स्त्री पराधीनता के एजेण्डे को छोड़ देते हैं। कबीर की तरह तुलसीदास के यहाँ भी हमें उनका नारी–निंदक दृष्टिकोण दिखाई देता है। उनके अनुसार :–

जप तप नेम जलाश्रय झारी।
होई ग्रीष्म सोषइ सब नारी।।

अर्थात् स्त्री जप, तप, नियमरूपी सम्पूर्ण जल को ग्रीष्म बनकर सोख लेती है। वे स्त्री को दीपशिखा के समान तथा पुरूष को पतंगे की तरह देखते हैं :–

दीप सिखा सम जुबति तन मन जनि होसि पतंग।

यहाँ दीपशिखा केवल पुरूष रूपी पतंगें को जलाने के लिए ही क्यों है? वह अपने सहज प्रतीक रूप 'ज्ञान का प्रकाश' या 'चेतना' के रूप में क्यों प्रयुक्त नहीं हुई। कबीर और तुलसी का नारी–निंदक वाला दृष्टिकोण लगभग एक जैसा है। यद्यपि यह भी सत्य है कि जब तुलसी स्वपीड़ा और लोक की वेदना से पीड़ित होते हैं तो मध्यकालीन स्त्री की वास्तविक दशा का चित्रण करते हैं और इसी प्रकार कबीर जब आत्म–परमात्म चिंतन की विरह वेदना से व्याकुल होते हैं तो प्रत्येक जगह स्त्री का रूप धारण कर लेते है। इस संदर्भ में पुरूषोत्तम अग्रवाल की टिप्पणी द्रष्टव्य है– "स्त्री के प्रति आकर्षण को साधक की सबसे बड़ी समस्या मानना, स्त्री के प्रति आकर्षण से साधक को विरत करने के लिए स्त्री मात्र को भयावह और तिरस्कारणीय छवि देना, उसकी छायामात्र से भुजंग के अंधे हो जाने का बयान करना और दूसरी तरफ साधना के गहनतम धरातल पर नारी की वाणी बोलने लगना, प्रेम के समूचे प्रसंग को नारी की निगाह से देखने लगना, मिलन की आतुरता और विरह की व्यथा को स्त्री की तरह महसूसना कबीर की काव्य संवेदना की यह फाँक गौर–तलब है"।

यहाँ प्रश्न यह उठता है कि कबीर की स्त्री–विषयक इन धारणाओं के पीछे क्या कारण हो सकते हैं। यदि

उनके व्यक्तिगत जीवन पर नजर डालें तो ज्ञात होता है इनके जीवन के विषय में अनेक दंतकथाएं प्रचलित हैं। कहते हैं कि उनका जन्म स्वामी रामानंद के आशीर्वाद के परिणामस्वरूप एक विध्वा ब्राहम्णी के गर्भ से हुआ था जिसने लोक–लाजवश पैदा होते ही इनका त्याग कर दिया। यूं मां द्वारा त्यागे जाने की घटना ने भी कबीर के हृदय में किसी विष बेल का बीज अवश्य ही डाला होग। तत्पश्चात् नीरू और नीमा नामक जुलाहा दंपति ने इनका पालन–पोषण किया। जिसमें उनके पिता एक बड़े गोंसाई थे और उनके प्रति कबीर के मन में बड़ा आदर था। दूसरी ओर कबीर की मां कबीर से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं थी। जब कभी कबीर संतों का सत्संग करते थे, वे कबीर का तिरस्कार करती थीं। कबीर का घड़े में गंगा जल लाना और उसे घर में सींचना मां को जरा भी अच्छा नहीं लगता था। इसी प्रकार माला पर प्रभु राम के नाम का जाप करना उनके दुःख का करण था क्योंकि उनके कुल में किसी ने कभी राम का नाम लिया ही नहीं था। जब कबीर ने अपना व्यवसाय–तनना और बुनना छोड़ दिया तब तो उनके दुःख की सीमा ही नहीं रही।

तनैनां बुननां तज्या कबीर,
राम नाम लिखि लिया शरीर।।
जब लग भरौं नली का बेह, तब लग टूटै राम सनेह।।
ठाढी रोवै कबीर की माई, ए लरिका क्यूं जीवै खुदाई।
कहे कबीर सुनहूं री माई, पूरणहास त्रिभुवन राई।।

भाव यह कि कबीर की माता को कबीर के आचार–विचार पर घोर मन–स्ताप है। माता के इसी विरोध से कबीर के मन में यह बात घर कर गई होगी कि ईश्वर प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा यदि कोई है तो वह स्त्री है। तत्पश्चात् पत्नी के रूप में लोई भी कबीर से उनके इसी स्वाभाव के कारण रूष्ट बतायीं जातीं हैं :–

तूटे तागे निखुटी पानि। द्वार ऊपर झिलिकावहि कान।
कूच विचारे फूए फाल। या मुंडिया सिर चढ़िबो काल।।
इहु मुंडिया सग लो द्रबु खोई। आवत जात ना कसर होई।
तुरी नारि की छोड़ी बात। राम नाम बाका मन राता।।

इस पद से ज्ञात होता है कि लोई कबीर की भक्ति पर बहुत अप्रसन्न है। वह कहती है कि पानी सूख जाने पर करघे का धागा टूट–टूट निकल जाता है परंतु कबीर इसकी परवाह न कर कान हिलाता हुआ सन्यासियों के स्वागत के लिए बाहर निकल जाता है। नमी में पड़े रहने के कारण कूंचा फूल गया है और उस पर फफूंदी चढ़ गई है। यह मुंडिया (सन्यासी) कबीर जीविका चलाने की चिंता नहीं करता और मालूम होता है कि इसके सिर पर काल नाच रहा है, इस मुंडिया कबीर ने सारा धन सन्यासियों के ऊपर लगा दिया और तिस पर भी उनके आने–जाने में कोई कमी नहीं आई। परिवार के लोग तो दाने–दाने को मुहताज हैं और सन्यासियों का आना–जाना अनवरत जारी है। लोई की इन कटुक्तध्यिों को सुनकर कबीर ने उसे विवेकहीन तथा निष्ठुर कहा है।

एक अन्य पद में कबीर अपने दो विवाहों का उल्लेख भी करते हैं। संभव है पहली पत्नी से पारिवारिक जीवन सुखी न होने के कारण कबीर ने दूसरा विवाह किया हो कालान्तर में पहली पत्नी ने किसी दूसरे व्यक्ति से विवाह कर लिया हो। अपनी पहली पत्नी के विषय में कबीर कहते हैं :–

पहिली कुरूपि कुजाति कुलखनी, साहुरै पेईअै बुरी।
अब की सरूपि सुजाति सुलखनी, सहजै उदरि धरी।।
भली सरी मुई मेरी पहिली बरी।
जुगु जुगु जीवउ मेरी अब की घरी।।

यह ध्यातव्य है कि पहली वाली जिसकी मृत्यु से कबीर संतुष्ट दिखाई देते है एक स्त्री है और दूसरी भी जिसके जुग–जुग जीने की कामना वह कर रहे हैं वह भी स्त्री ही है। इससे स्पष्ट है कि कबीर की दृष्टि में वही स्त्री अच्छी पत्नी हो सकती है जो मृदुभाषी, सुंदर, सचरित्र और सर्वगुण सम्पन्न हो। परंतु डॉ० मदनलाल शर्मा ऊपर वर्णित कबीर की वैवाहिक स्थिति को अस्वीकार करते हैं, "हमारा स्पष्ट मत यह है कि कबीर दास का न तो विवाह ही हुआ था, न उनकी कोई 'लोई' नाम की पत्नी थी। यह सब क्षेपक हैं और विश्वसनीय नहीं हैं।" आगे वह कहते हैं कि "हम यह विश्वासपूर्वक कह सकते हैं कि कबीरदास ने किसी भी 'लोई' नाम की स्त्री से विवाह नहीं किया था–वह तो पति था, योगी था, संयमी और सदाचारी था। वह भली प्रकार जानता था कि एक योगी के लिए नारी विष–तुल्य है। अतरू वह स्वयं तो नारी से दूर था ही, अन्य योगियों को भी नारी के सम्पर्क से दूर रहने की शिक्षा, प्रेरणा और उपदेश देने का सतुत्य कार्य भी कबीरदास ने किया है।"

चलिए मदनलाल शर्मा जी के इस मत को भी हम मान लेते है कि कबीर दास का विवाह नहीं हुआ था, परंतु इससे उनकी स्त्री–विषयक मान्याताएं तो नहीं बदल सकती। नारी के विषय में स्थान–स्थान पर उन्होंनें जो कटु वचन कहे हैं उनका कारण क्या है? यद्यपि डॉ० सुन्दरलाल शर्मा इस तथ्य को भी अस्वीकार करते हैं कि कबीर स्त्री–विरोधी थे, "कबीर को नारी जाति से घृणा नहीं थी। उन्हें तो केवल नारी के अकाट्य और मोहक प्रभाव से अरूचि थी, जिससे ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी नहीं बच सके हैं।"

वास्तव में कबीर पर नाथ–पंक्तियों की साधना–वृति का पूर्ण प्रभाव था। मत्स्येन्द्रनाथ, गोरखनाथ इत्यादि अन्य योगियों का भी स्त्री के विषय में यही मत था। इन्हीं सन्तों और योगियों की भाँति ही कबीर 'सती' नारी का सर्वथा सम्मान करते हैं :–

सती जलन कूं नीकली पीव का सुमरि सनेह।
सबद सुनत जीव नीकल्या भूलि गई सब देह।।

कबीर ऐसी स्त्री को महान और सम्मान योग्य मानते हैं जो प्रेम, धर्म और आदर्श पर अपना तन और मन न्यौछावर कर देती है, जो प्रियतम के बिना एक क्षण भी अपने पार्थिव अस्तित्व को रखना हेय समझती है। जो अपने मृतक पति के साथ सहर्ष जीवित जल जाती है। ऐसी पतिव्रता धर्म परायण सती का रूप और तेज अनूप है। वह किसी भी योगी से कम नहीं होती।

कबीर पर सूफी मत का भी पर्याप्त प्रभाव था। सूफी–मत के जिन तत्वों से संत–समाज प्रभावित था वह इस प्रकार माने जाते हैं :–

आचार की पवितत्रता। सुफ (उनकी भांति) पवित्र जीवन जिस पर आध्यात्मिकता का पूर्ण रंग उभर सके।

प्रेम और उसकी मादकता जिससे प्रतीकों के माध्यम में रहस्यवाद की अवतारणा हो सके।

माया का मानवीकरण जो शैतान के समकक्ष ही है। जिस प्रकार शैतान बन्दे को रास्ते से हटाकर इन्द्रियाशक्ति की ओर ले जाता है, उसी प्रकार माया भी भक्त को ईश्वरीय प्रेम से हटाकर संसार के क्षणिक

आकर्षणों के जाल में फंसा देती है। संत–संप्रदाय में भी माया अद्वैतवाद की माया की माया की भांति भ्रमात्मक और मिथ्या तो है ही किन्तु इसके अतिरिक्त वह सक्रिय रूप से जीव को सत्पथ से हटाने वाली भी है। इस दृष्टि से सनत सम्प्रदाय में माया का मानकीकरण है। यह मानकीकरण स्त्री के रूप में, जो ठगिनी है, डाकिनी है, सबको खाने वाली है। सम्भवतः यह सूफीयत के शैतान का ही प्रतिरूप है।

यदि कबीर की इस मानसिकता के पीछे तत्कालीन समाज को भी कारण माना जाए, जिसका संकेत डॉ० के. एम. अशरफ की पुस्तक 'हिन्दुस्तान के निवासियों का जीवन और उनकी परिस्थितियाँ' में यूं किया गया है – "स्त्रियों के कार्य एवं उनकी स्थिति विशेष रूप से अधीनस्थ रही है और कालांतर में पुरूष की सेवा और जीवन के प्रत्येक चरण में उस पर निर्भर रहना ही क्रमशः उसके कार्य और स्थिति माने जाने लगे। वह पुत्री के रूप में अपने पिता के संरक्षण में और विधवा के रूप में अपने ज्येष्ठ पुत्र की देख–रेख में रहती थी।" तो क्या एक समाज–सुधारक कबीर को इन मान्यताओं को जस की तस मानकर इना समर्थन करने का अधिकार मिल जाता है?

अपने समय के मार्गदर्शन के रूप में प्रसिद्ध क्यों स्त्री की इस स्थिति का विरोध नहीं कर पाए? स्पष्ट है कि उनकी दृष्टि में इन सब में कुछ भी अन्याय जैसा था ही नहीं। परिणामतः कहा जा सकता है कि मध्यकालीन बोध का स्त्री–विषयक प्रभाव कबीर पर बहुत था, क्योंकि यदि सूर अपनी गोपियों को प्रश्न–उत्तर का अधिकार उसी काल में दे सकते थे, मीरा खुलकर विरोध जानने की सामर्थ्य रखती थीं तो फिर कबीर क्यों नहीं? ऐसा में वर्तमान तक भी स्त्रियों को अपने अस्तित्व की जो लड़ाई जारी रखनी पड़ रही है, उसके कारण के रूप में कुछ अंश कबीर की इस दृष्टि का भी है, इस बात में मुझे तनिक भी संदेह नहीं। उन पर यह आरोप लगाया जा सकता है कि उन्होनें "आधी दुनिया" को नजरअंदाज करके पुरूष–मुक्ति का ही प्रयास किया है।

संदर्भ ग्रथ :–

1. लौह पुरूष कबीर – श्रीमती सुशीला सिन्हा।
2. कबीररू एक अनुशीलन – डॉ० रामकुमार वर्मा।
3. कबीर ग्रन्थावली – डॉ० श्याम सुंदर दास।
4. कबीर दास – डॉ० मदनलाल शर्मा।
5. स्त्री समय – संकल्पनापंत।
6. कबीर का सहज दर्शन – प्रो० जयबहादुर लाल।

दूरभाष 9540932431

ईमेल– yojnakalia73gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
SANGAM
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 86-91

पृथ्वीराज रासो के महत्वपूर्ण तथ्य

श्रीमती सुमित्रा
एम. ए. नेट हिन्दी

सार :-

पृथ्वीराज रासो हिंदी भाषा में हिंदी का एक महत्वपूर्ण महाकाव्य है जिसमें सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन एवं चरित्र का वर्णन किया गया है। इसके रचयिता चंद्रवरदाई पृथ्वीराज के बचपन के मित्र एवं उनके राजकवि के रूप में दरबार में थे। और उनकी युद्ध यात्रा के समय वीररस की कविताओं से सेना को प्रभावित किया करते थे। 1165 से 1192 के बीच पृथ्वीराज चौहान का राज्य अजमेर से दिल्ली तक फैला हुआ था। पृथ्वीराज रासो और पृथ्वीराज काव्य के अनुसार पृथ्वीराज का जन्म क्षत्रिय कुल में हुआ था। पृथ्वीराज रासो एक बहुत विस्तृत लगभग 2500 पृष्ठों का एक ग्रंथ है, जिसमें 69 समय (अध्याय, सर्ग) है। इसमें प्राचीन समय में प्रचलित सभी छंदों का प्रयोग व्यवहार में हुआ था। मुख्य छंद कवित्त दुहा तोमर, गोत्र त्रोटक गाहा और आर्या। पृथ्वीराज रासो के पिछले भाग का चंद के पुत्र जल्हण भट राव द्वारा पूर्ण किया गया। रसों के अनुसार जब शहाबुद्दीन गौरी पृथ्वीराज को कैद करके गजनी ले गया तब कुछ दिनों के बाद चंद भी वहाँ गए और जाते समय अपने पुत्र जल्हण के हाथ में रासो की पुस्तक देकर उसे पूर्ण करने का संकेत दिया। पृथ्वीराज की किसी कवि के रूप में रचना में होने में दिए हुए सवतो से मेल न होने के कारण अनेक विद्वान संदेह करते है। इस ग्रंथ की सबसे पुरानी प्रति बीकानेर के राजकीय पुस्तकालय में मिली हैं, जिनमें कुछ तीन प्रतियाँ है। रचना के अंत में पृथ्वीराज द्वारा शब्दवेधी बाण चलाकर गौरी को मारने के बाद कही गयी हैं।

परिचय :-

चंद्रबरदाई कृत पृथ्वीराज रासो रासक परंपरा का एक काव्य है। दिल्ली के अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज के जीवन की घटनाओं को लेकर लिखा गया यह एक हिंदी का ग्रंथ है। पहले यह काव्य एक ही रूप में हिंदी जगत से परिचित था। इसके ग्यारह रूपक आते हैं। इसका एक छोटा रूप मिला, जिसमें रू. 3500 रुपक थे। एक और कुछ प्रतियों में मिला, जिसमें 1200 से अधिक रूपक नहीं थे। बाद में दो प्रतियाँ और मिली, जिसमें चार सौ व साढ़े पांच सौ रुपक थे। कुछ विद्वानों ने भिन्न मत प्रकट किया। घटना का छोटा रूप भी अनैतिहासिकता से मुक्त नहीं रहता। एक विद्वान ने 1955 में पृथ्वीराज रासो के तीन पाठों का आकार संबंध शीर्षक लिखकर यह बताया कि पृथ्वीराज और उनके विपक्ष के बलाबल को सूचित करने वाली जो संख्या रचना के तीन पाठों में बृहत मध्यम व छोटे में मिलती है, उसमें समानता नहीं है। यदि यह पाठ बृहद मध्यम लघुलघुतम क्रम में विकसित होते तो यह संक्षेप क्रिया के कारण बलाबल सूचक संख्या में कोई अंतर नहीं मिलता। श्रृंखलाए

लघु, मध्यम व बृहद क्रम में ही उत्तरोत्तर अधिकाधिक टूटी है और बीच बीच में इसी क्रम से अधिकाधिक छंद व प्रसंग प्रक्षेपाकर्ताओं के द्वारा लिखा गया।

पृथ्वीराज रासो के रचयिता कवि चंदबरदाई का वास्तविक नाम पृथ्वी भट्ट था। शुक्ल चंद हिंदी के प्रथम महाकवि माने जाते हैं इनका पृथ्वीराज रासो हिंदी का प्रथम महाकाव्य है। पंडित हरप्रसाद शास्त्री चंदरबरदाई का जन्म लाहौर में हुआ मानते हैं जबकि शुक्ल ने इनका जन्म 1168 ईस्वी में माना है। तथा लिखा है कि" रासो के अनुसार यह भट जगत गोत्र के थे। इनके पूर्वजों की भूमि पंजाब में थी, जिसमें लाहौर में उसका जन्म हुआ था। शुक्ल ने हरप्रसाद शास्त्री द्वारा प्राप्त चंद का एक वंशवृक्ष प्रस्तुत किया। वह वंशवृक्ष शास्त्री जी को नानूराम भाट से प्राप्त हुआ था, जो स्वयं को चंद का वंशज मानता था। चंद के चार पुत्र थे, जिसमें चौथा पुत्र जल्हण था, जिसने पृथ्वीराज रासो महाकाव्य को पूर्ण किया था।

पृथ्वीराज रासो के संस्करण :-

बृहद संस्करण :-

इसका प्रकाशन नागरिक प्रचारिणी काशी में हुआ था। इसकी हस्तलिखित प्रति उदयपुर संग्रहालय में सुरक्षित है। समा ने 1585 ई. लिखित प्रतियों के आधार पर संपादन करवाया, जिसमें। 69 समय (अध्याय सर्ग) तथा 16,306 छंद है।

द्वितीय संस्करण :-

द्वितीय संस्करण में 7000 छंदों थे। लेकिन इसका प्रकाशन नहीं हुआ। इसकी हस्तलिखित प्रतियाँ अबोहर के साहित्य सदन तथा बीकानेर के जैन ज्ञान भंडार में सुरक्षित है। यह 17 वीं सदी में रचित है।

तृतीय संस्करण :-

इसमें 3500 छंद तथा 19 समय है, जिसकी हस्तलिखित प्रति बीकानेर के अनूप संस्कृत पुस्तकालय में सुरक्षित है।

चौथा संस्करण :-

इसमें 1300 छंद है डॉ. दशरथ शर्मा इसे ही मूल व प्रमाणिक रासो मानते है।

पृथ्वीराज रासो के समय का विवरण :-

पृथ्वीराज रासो में 69 समय बताया गया है जिनका वर्णन सुमन राजे ने चंद्रवरदायी शीर्षक रचना में पृथ्वीराज रासो के 69 समय का विवरण निम्न प्रकार से दिया है।

* प्रथम समय :– ढूंढा दानव की कथा, पृथ्वीराज का दिल्ली में जन्म और अजमेर लाए जाने की कथा, कवि पत्नी का प्रश्न, हरिकथा वर्णन करने का वायदा।
* दूसरा समय :– दशावतार वर्णन।
* तीसरा समय :– ढिल्ली– किल्ली कथा।
* चौथा समय :– लोहाना आजानबाहु का पराक्रम।
* पांचवां समय :– आखेट में वीरों का वशीकरण।
* सातवां समय :– नाहर राय की कन्या से विवाह युद्ध।
* आठवां समय :– मेवाती मुगल कथा।

* नवां समय :– गौरी से बेर होने का कारण युद्ध।
* दसवां समय :– गौरी की द्रोहाग्नि।
* ग्यारहवां समय :– चित्ररेखा की उत्पत्ति।
* बारहवाँ समय :– भोला राय, भीम देव द्वारा शिवपुरी जलाने का वर्णन, पृथ्वीराज का युद्ध, भीम की पराजय।
* तेरहवां समय :– दूसरी तरफ से गौरी का आक्रमण पृथ्वीराज की विजय।
* चौदहवाँ समय :– इंछिनी से पृथ्वीराज का विवाह।
* पंद्रहवां समय :– विवाह के बाद लौटते हुए पृथ्वीराज पर मेवात के मुगल के युद्ध का निर्णय।
* सोलवां समय :– दंपति सुख पुंडीरी दाहिमी विवाह की चर्चा।
* सत्रहवाँ समय :– पृथ्वीराज के कुमारावस्था की मृगया का वर्णन।
* अठारहवाँ समय :– अनंगपाल के दिल्ली दान की कथा।
* उन्नीसवां समय :– गौरी के माधो भाट की कथा।
* बीसवां समय :– पद्मावती विवाह कथा।
* इक्कीसवां समय :– रावल समरसिंह से पृथा का विवाह।
* बाइसवां समय :– होली कथा।
* तेईसवां समय :– दीपावली कथा।
* चौबीसवां समय :– सट्टा वन आगे, भूमि से धन प्राप्ति।
* पच्चीसवाँ समय :– पृथ्वीराज का शशीव्रता से विवाह।
* छब्बीसवां समय :– शशीव्रता का उपसंहार।
* सताइसवां समय :– देवगिरी विजय के पश्चात आगमन।
* अट्ठाईसवां समय :– अनंगपाल का वापस लौटना युद्ध पुनः गमन।
* उनतीसवां समय :– आषेट, छघ्घर नदी युद्ध।
* तीसवां समय :– कर्नाट देश पर चढ़ाई।
* इकतीसवां समय :– देवास और धार पर चढ़ाई की मंत्रणा।
* बत्तीसवां समय :– मालवा में मृगया।
* तेतीसवां समय :– इंद्रावती से विवाह।
जहां एक ओर पिछले कुछ दशकों की नीतियां से कई युवा समूहों को विकास प्रक्रिया उसके है वही इसका एक बड़ा हिस्सा इस पूरी प्रक्रिया से बहिष्कृत महसूस कर रहा है। हिंडा तय करने के लिए जब हमने इन विविध युवा समूहों से संपर्क किया तो ये बात और रूप से सामने आई। ये पूरी प्रक्रिया अग्रलिखित कारणों से अनेक कठिन और सुनातील रहीं। बहिष्कृत युवा समूहों से संवाद स्थापित करना, उपयुक्त विशेषज्ञों की समान भूलि (Expathy) सुनिश्चित करना। एजेंडा तय करने की पूरी पद्धति में कई संशोधन किए गए। इमने परिदृश्य रचना (Scenario Building) का प्रयास किया ताकि विशेषज्ञों की राय को उपयुक्त महत्व दिया जा सके और इसे अन्य विशेषज्ञों के संदर्भ में परिमाणित (Quantify) किया जा सके।

आंकड़ा एकत्रण :-

विशेषज्ञों की पहचान करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था लेकिन वाईएलटीटी द्वारा तैयार की गई प्रश्नावली पर उनके उत्तर लेना और भी कठिन था। विशेषज्ञों को युवा एजेंडा की जरूरत और इसके लिए एकत्रित आंकड़ों के महत्व के बारे में पूरी जानकारी दी गई थी। विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया कुछ हद तक संतोषजनक थी लेकिन इसमें बहुत समय लगा और यह प्रक्रिया विशेषज्ञों के लिए काफी नवीन भरी भी थी और कुछ अवसरों पर हमें प्रक्रिया के कुछ हिस्से को छोड़ना पड़ा। लेकिन इससे हमारा विश्लेषण प्रभावित नहीं हुआ। क्योंकि विश्लेषण की इकाई विशेषज्ञ ना होकर विषय विशेष और समूह विशेष थी। हालांकि विशेषज्ञों से संपर्क करने और उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए इंटरनेट और संबंधित तकनीकों का बड़े स्तर पर इस्तेमाल करना प्रस्तावित था लेकिन अंततः टेलीफोन पर बातचीत और वैयक्तिक मेलजोल से ये सब संभव हो सका। कुछ साक्षात्कारकर्ताओं के काम में मुद्दों और आंकड़े एकत्रित करने की पद्धति को पूरी तरह ना समझ पाने के कारण भी बाधा आई। इस प्रकार की शोध प्रक्रियाओं में आंकड़ा एकत्रण से संबंधित समस्याओं से निपटने के लिए हमने विशेषज्ञ चयन के मापदंडों को शिथिल किया और मुद्दों की बेहतर व्याख्या की।

आंकड़ा विश्लेषण :-

हमारे बेहतर प्रयासों के बावजूद हम अपनी परिकल्पनाओं (Hypothess) के सत्यापन हेतु आवश्यक सांख्यिकीय परीक्षणों के लिए पर्याप्त आंकड़े एकत्रित नहीं कर सके। आंकड़ों के विश्लेषण के पहले स्तर पर हमने परिणामों को निम्नलिखित तीन प्रकार के परिदृश्यों के संदर्भ में सारणीबद्ध तरीके से प्रस्तुत किया।

मुद्दे के समाधान की दिशा में ईमानदार और सच्चे प्रयास किए जाए।

1. मुद्दे के संदर्भ में प्रयासों की वर्तमान स्थिति बनी रहे।
2. मुद्दे की पूर्ण रूप से उपेक्षा की जाए।
3. इन परिदृश्यों के अंतर्गत अगले पांच से दस वर्षों में इन मुद्दों के भावी स्वरूप के पूर्वानुमान का प्रयास किया गया।

अगले चरण में हमने इन मुद्दों पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा की और ये देखा कि क्या हमने सभी प्रासंगिक और महत्वपूर्ण मुद्दों को पहचान लिया है और क्या कोई अति महत्त्वपूर्ण मुद्दा छूट तो नहीं गया है। हमने ये भी

जानने की कोशिश की कि इन चिंताओं का समाधान कैसे किया जाए। यहां ये बात ध्यान में रखना जरूरी है कि हमारा विश्लेषण विशेषज्ञों की राय और उनके द्वारा दी गई रेटिंग्स पर आधारित है और हमारी धारणा है कि ये विशेषज्ञ विभिन्न क्षेत्रों, आयु वर्गों और समाज के अलग–अलग तबकों के युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह मान्यता दोषपूर्ण हो सकती है। जिससे कि आंकड़ों और उनके विश्लेषण की वस्तुनिष्ठता सीमित हो जाती है। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों और कई विधियों से प्राप्त निष्कर्षों के सत्यापन के द्वारा इस समस्या को न्यूनीकृत करने का प्रयत्न किया गया।

जनसांख्यिकीय लाभांश की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि देश के सामने खड़ी चुनौतियों को युवाओं के दृष्टिकोण से देखा और समझा जाए से महत्वपूर्ण है कि मुद्दों को उनकी गंभीरता, उनसे प्रभावित जनसंख्या और संभावित परिदृश्य के आधार पर प्राथमिकता दी जाए क्योंकि संसाधनों की सीमितता के कारण सभी समस्याओं को एक साथ नहीं सुलझाया जा सकता। साथ ही चूंकि कई मुद्दे अंतर्संबंधित हैं और समान कारणों से उपजते हैं, अतः उच्च प्राथमिकता के एक मुद्दे के समाधान से उससे जुड़े कई अन्य वैसे मुद्दे सभी जो सतही तौर पर असंबद्ध लग सकते हैं. स्वतः ही हल हो जाएंगे। इसके साथ ही ये भी बेहद जरूरी है कि नीति निर्धारकों को इन मुद्दों के संभावित समाधान हेतु समुचित 2 सुझाव और सिफारिशें दी जाएं। इसीलिए वाईएलटीटी का विश्वास है कि युवा एजेंडा, मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर पहचानने, भविष्य में उनके संभावित परिदृश्य को सामने लाने और उनके समाधान के लिए संमावित समाधान ढूंढने में सफल होना चाहिए। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए, वाईएलटीटी ने भारत के लिए युवा एजेंडा तैयार करने का प्रयास किया है। देश की अंतर्निहित विविधताओं को ध्यान में रखते हुए हमने अधिकतम संभावित स्रोतों से संकेन्द्रित और विकेचित (Top Down और Bottom up) तरीकों द्वारा सूचनाओं और विचारों को एकत्रित करते हुए मुद्दा के विश्लेषण का प्रयास किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मिश्रा. एस.एन. एवं अन्य न्यू पंचायती राज इन एक्शन मित्तल पटि वर्ष 20151
2. मिश्रा, आर.वी. लोकल लेवल प्लानिंग एण्ड डेवलपमेन्ट हेरिटेज नई दिल्ली वर्ष 2016 एमजेड, रोजाल्डो, तुमेन कल्चर एण्ड सोसाइटी, ए ध्योरिकल और स्टेनको।
3. बुनिवर्सिटी प्रेस कैलीफोर्निया प्रेस वर्ष 20161 आर. डब्लू, कैनल, जेन्डर एण्ड पॉवर पॉजिटी प्रेस, कैम्ब्रिज यूकेलार वर्ष 2017।
4 पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण (संकलन) इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर, जून जुलाई वर्ष 2018।
5. सिंह, अवतार लीडरशिप पैटनर्स एण्ड विलेज स्ट्रक्चर : स्टर्लिंग पब्लिशर्स प्रा. लि. जालंधर, वर्ष 2018।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 110–116

स्वतंत्र भारत में भारतीय शिक्षा व्यवस्था का परिदृश्य

Surendra Kumar Pareek
Assistant Professor, Department of Education
Institute of Advanced Studies in Education, (Deemed to be University), Sardarshahar, Rajasthan.

परिचय :-

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और भारत में यह स्वतंत्रता के बाद से परिवर्तन का एक प्रमुख कारक रही है। वर्षों से, देश ने व्यापक शैक्षिक सुधारों का अनुभव किया है, जो 1947 में एक बड़े पैमाने पर निरक्षर समाज से एक प्रमुख वैश्विक शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। साक्षरता दर बढ़ाने, उच्च शिक्षा के विस्तार और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी पहल और नीतियाँ लागू की गई हैं। स्कूलों, विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की स्थापना ने भारत की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे शोध, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा मिला है। इन सकारात्मक प्रगति के बावजूद, शिक्षा प्रणाली अब भी कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जो इसकी प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक असमान पहुँच, पारंपरिक शिक्षण विधियाँ, उद्योग से संबंधित कौशल की कमी और रटने पर अत्यधिक निर्भरता जैसी समस्याएँ प्रमुख चिंताओं में शामिल हैं। इसके अलावा, शहरी और ग्रामीण शिक्षा के बीच असमानता, अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा और डिजिटल विभाजन ने सीखने की खाई को और अधिक गहरा कर दिया है। आज के गतिशील युग में, एक अधिक छात्र–केंद्रित, तकनीकी–एकीकृत और कौशल–आधारित शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक स्पष्ट हो गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की शुरुआत ने भारत की शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। यह नीति लचीलापन, बहु–विषयक शिक्षा और व्यावहारिक शिक्षण पर जोर देकर शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और उद्योग–उन्मुख बनाने का लक्ष्य रखती है। डिजिटल टूल्स, व्यावसायिक प्रशिक्षण और शोध–आधारित शिक्षण पद्धतियों के उपयोग से छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने की उम्मीद की जाती है। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षा, एडटेक समाधान और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों की बढ़ती उपस्थिति विशेष रूप से दूरदराज और वंचित क्षेत्रों के छात्रों के लिए शिक्षा की पहुँच में सुधार करने की क्षमता रखती है। भारत यदि एक वैश्विक ज्ञान शक्ति के रूप में उभरना चाहता है, तो सतत नवाचार को बढ़ावा देना, शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुधार करना और दूरदर्शी शैक्षिक नीतियों को लागू करना आवश्यक होगा। भारतीय शिक्षा प्रणाली का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप कितनी तेजी से अनुकूलन कर सकती है, प्रौद्योगिकी का लाभ उठा सकती है और एक समावेशी एवं गतिशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा दे

सकती है। यह लेख भारत के शिक्षा क्षेत्र की ऐतिहासिक प्रगति, उपलब्धियों और मौजूदा चुनौतियों की चर्चा करता है और एक अधिक प्रभावी और समान शैक्षिक ढाँचा विकसित करने के संभावित उपायों की पड़ताल करता है।

ऐतिहासि पृष्ठभूमि :-

स्वतंत्रता से पहले, भारत की शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश साम्राज्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई थी, न कि भारतीय जनता के लिए। ब्रिटिश शासन के तहत, शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ऐसे कर्मचारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और निम्न–स्तरीय सरकारी अधिकारियों का निर्माण करना था जो उपनिवेशी शासन में सहायता कर सकें। इसके परिणामस्वरूप, अधिकांश जनसंख्या, विशेष रूप से महिलाएं, ग्रामीण इलाकों के लोग और दलितों और आदिवासियों जैसी हाशिये पर रहने वाली जातियां शिक्षा से वंचित थीं। 1947 में भारत की साक्षरता दर केवल 12 प्रतिशत थी, जो व्यापक अशिक्षा और समाज के बड़े हिस्से के औपचारिक शिक्षा से बाहर होने को दर्शाता है। औपनिवेशिक काल की शिक्षा व्यवस्था अभिजात्यवादी थी, जहां अधिकांश विद्यालय शहरी क्षेत्रों में स्थित थे और शासक वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए थे। पाठ्यक्रम मुख्य रूप से ब्रिटिश हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था, और इसमें भारत के इतिहास, संस्कृति या स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों का बहुत कम ध्यान रखा गया था। विशेष रूप से महिलाएं, शिक्षा तक पहुंच में गंभीर प्रतिबंधों का सामना करती थीं, जिससे देश में लिंग असमानता और भी बढ़ गई थी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, भारत के नेताओं ने एक समावेशी और प्रगतिशील शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता को पहचाना, जो देश को ऊंचाइयों तक पहुंचा सके और जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर सके। सरकार ने साक्षरता को बढ़ाने और शिक्षा तक पहुंच को फैलाने के लिए कई पहलों की शुरुआत की। एक महत्वपूर्ण कदम 1956 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना थी, जिसका उद्देश्य देशभर में उच्च शिक्षा संस्थानों को बढ़ावा देना और उनकी गुणवत्ता और सुलभता सुनिश्चित करना था। स्वतंत्रता के बाद के वर्षों में प्राथमिक शिक्षा को बढ़ाने और देशभर में नए शैक्षिक संस्थान स्थापित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। विभिन्न नीतियां बनाई गईं ताकि नामांकन दर में वृद्धि हो, विशेष रूप से लड़कियों के लिए, और शिक्षा तक पहुंच में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर किया जा सके। मध्यान्तर भोजन योजना और वयस्क साक्षरता कार्यक्रम जैसी पहलों ने हाशिये पर रहने वाली जातियों के लिए शिक्षा की बाधाओं को समाप्त करने के लिए कदम उठाए और समाज के सभी वर्गों से भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

1960 और 1970 के दशकों में, भारत ने औद्योगिकीकरण और आधुनिकीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए तकनीकी शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय प्रबंधन संस्थान जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की स्थापना की गई, जिनका उद्देश्य एक कुशल कार्यबल तैयार करना था जो विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति को बढ़ावा दे सके।

प्रयास केवल शैक्षिक संस्थानों की संख्या बढ़ाने के नहीं थे, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए भी किए गए थे। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत करने, पाठ्यक्रम विकल्पों का विस्तार करने और शिक्षण विधियों में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां बनाई गईं। हालांकि, अवसंरचना की कमी, योग्य शिक्षकों की कमी और शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक सुविधाओं के बीच असमानताएं जैसे चुनौतियां बनी रहीं और एक सच्ची समावेशी शिक्षा प्रणाली के विकास में रुकावट डालती रहीं।

इन प्रारंभिक प्रयासों के बावजूद, भारत की शिक्षा व्यवस्था ने यह सुनिश्चित करने में चुनौती का सामना किया कि सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। 21वीं सदी में ही महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे जाने लगे, विशेष रूप से 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के लागू होने के बाद, जिसने प्राथमिक शिक्षा को प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार बना दिया। इसके अलावा, माध्यमिक और उच्च शिक्षा को मजबूत करने, शिक्षा में डिजिटल उपकरणों को शामिल करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सुधारों की शुरुआत की गई।

अंत में, स्वतंत्रता के बाद भारत ने शिक्षा सुधार और विस्तार की लंबी यात्रा की, जिसका उद्देश्य औपनिवेशिक युग से विरासत में मिली असमानताओं को समाप्त करना था। जबकि देश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, पहुंच, गुणवत्ता और समावेशिता से संबंधित चुनौतियां बनी हुई हैं। फिर भी, एक समतामूलक, प्रगतिशील और वैश्विक प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली का दृष्टिकोण भारत के प्रयासों को आकार देता है, यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा देश की भविष्य की वृद्धि और विकास के लिए एक मजबूत आधार बने।

भारतीय शिक्षा में विकास के प्रमुख चरण :

1. स्वतंत्रता के बाद के सुधार (1947-1986)

विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948–49) और माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952–53) ने स्वतंत्र भारत में उच्च और माध्यमिक शिक्षा के विकास के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन आयोगों ने शिक्षा में एक मजबूत नींव की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि बौद्धिक विकास और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा मिल सके। इनके सुझावों ने महत्वपूर्ण सुधारों को जन्म दिया, जैसे विश्वविद्यालयों का विस्तार और भारत की विविध सामाजिक–आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशिष्ट अध्ययन क्षेत्रों का परिचय। 1968 की शिक्षा नीति, जो कोठारी आयोग (1964–66) की सिफारिशों से प्रेरित थी, एक ऐतिहासिक पहल थी जो शिक्षा को और अधिक समावेशी और सुलभ बनाने का प्रयास करती थी। इस नीति ने सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा के महत्व को पहचाना और विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुँच में असमानताओं को दूर करने का लक्ष्य रखा। विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देकर, इस नीति ने भाषाई विभाजन को पाटने और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने की कोशिश की, जिससे शिक्षा छात्रों के विभिन्न पृष्ठभूमियों से संबंधित और सुलभ हो सके।

1976 का संवैधानिक संशोधन, जिसने शिक्षा को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित किया, भारत में एक एकीकृत शिक्षा प्रणाली बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस बदलाव ने केंद्रीय और राज्य सरकारों के बीच शिक्षा नीतियों के निर्माण में अधिक सहयोग को संभव बनाया, जिससे एक अधिक समन्वित और संगठित दृष्टिकोण अपनाया जा सका। इसने राष्ट्रीय शैक्षिक मानकों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाया, जबकि क्षेत्रीय मुद्दों का भी समाधान किया। यह बदलाव कई आगामी शैक्षिक सुधारों की नींव रखी, जिनमें 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का परिचय शामिल था, जिसने सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाया। इन पहलों के संयुक्त प्रयासों ने भारत में एक अधिक समावेशी, सुलभ, और गुणवत्ता–प्रधान शिक्षा प्रणाली के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 और 1992

1986 की शिक्षा नीति भारत के शैक्षिक परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी, जिसमें

शिक्षा को सभी के लिए सुलभ और समावेशी बनाने पर जोर दिया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिककरण था, ताकि प्रत्येक बच्चा, चाहे उसका सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि कोई भी हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। इस लक्ष्य का उद्देश्य निरक्षरता को समाप्त करना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए मजबूत शिक्षा की नींव स्थापित करना था। नीति ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का भी प्रयास किया, जिसके लिए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को मजबूत करने, उनकी स्वायत्तता बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के उपाय किए गए कि वे समाज की बदलती जरूरतों के अनुसार प्रासंगिक और अद्यतन पाठ्यक्रम प्रदान करें।

इसके अतिरिक्त, नीति ने व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को भी पहचाना, जो छात्रों को नौकरी के बाजार के लिए तैयार करती है। व्यावहारिक कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, इस नीति का उद्देश्य शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटना था, ताकि स्नातक विभिन्न उद्योगों में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त कर सकें। इस समर्थन के लिए, नीति ने तकनीकी संस्थानों के विकास और विस्तार को बढ़ावा दिया, जिसमें पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज शामिल हैं, जो इंजीनियरिंग, चिकित्सा और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस नीति द्वारा पेश की गई एक महत्वपूर्ण पहल थी भारत में ओपन यूनिवर्सिटी प्रणाली की स्थापना। इस प्रणाली का उद्देश्य उन लोगों के लिए लचीली अध्ययन विकल्प प्रदान करना था, जो भौगोलिक कारणों, काम की प्रतिबद्धताओं या वित्तीय प्रतिबंधों के कारण नियमित, पारंपरिक शैक्षिक संस्थानों में भाग नहीं ले सकते थे। इसके परिणामस्वरूप 1985 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, जो भारत के शैक्षिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दूरस्थ शिक्षा में एक अग्रणी के रूप में कार्य किया, जो पत्राचार पाठ्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कार्यक्रमों की पेशकश करता था। इस पहल ने उच्च शिक्षा तक पहुंच का विस्तार किया, विशेष रूप से गैर–परंपरागत छात्रों के लिए, जिनमें कार्यरत पेशेवर, ग्रामीण क्षेत्र के लोग और हाशिए पर रहने वाले समूह शामिल थे। सस्ती और लचीली अध्ययन के अवसर प्रदान करके, ओपन यूनिवर्सिटी प्रणाली ने शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने में मदद की और यह सुनिश्चित किया कि शिक्षा एक व्यापक जनसंख्या तक पहुंच सके, जो समग्र राष्ट्रीय विकास में योगदान करती है।

3. शिक्षा का अधिकार (आरटीई) और अन्य सुधार (2000–वर्तमान)

2009 का शिक्षा का अधिकार अधिनियम भारत में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर था, जिसने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया। इस आयु वर्ग के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करके, आरटीई ने देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में महत्वपूर्ण सुधार किया। इसने एक समान शैक्षिक माहौल की स्थापना की और लंबे समय से चले आ रहे असमानताओं को दूर करने में मदद की। 2020 में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कई सुधारों के साथ शिक्षा प्रणाली को और अधिक परिवर्तित किया। सबसे महत्वपूर्ण बदलावों में से एक था 5+3+3+4 स्कूल संरचना की शुरुआत, जो पुराने 10+2 प्रणाली की जगह आई, और इसे बच्चों के संज्ञानात्मक विकास के चरणों के साथ बेहतर तरीके से मेल खाने के लिए डिजाइन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कौशल विकास को भी प्राथमिकता दी, जिससे कोडिंग और अनुभवात्मक सीखने को प्रारंभिक स्तर पर ही स्कूलों में जोड़ा गया, ताकि छात्र वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से

तैयार हो सकें। नीति ने उच्च शिक्षा में लचीलापन और बहुविषयक दृष्टिकोण को भी बढ़ावा दिया, जिससे छात्रों को अपनी रुचियों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन करने की स्वतंत्रता मिली, इस प्रकार एक समग्र और संतुलित शैक्षिक अनुभव को बढ़ावा दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर दिया, और SWAYAM और DIKSHA जैसी पहलों के माध्यम से डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रदान किए, जिससे शिक्षा के अंतर को पाटने में मदद मिली, विशेष रूप से दूरदराज और underserved क्षेत्रों में। कुल मिलाकर, ये सुधार एक समावेशी, अभिनव और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखते हैं, जो 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर ढंग से अनुकूलित है।

भारतीय शिक्षा प्रणाली के समक्ष चुनौतियाँ :-

भारत ने शिक्षा तक पहुँच को विस्तारित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन कई चुनौतियाँ प्रणाली की प्रभावशीलता में रुकावट डाल रही हैं। एक प्रमुख समस्या शिक्षा की गुणवत्ता है, विशेष रूप से सरकारी स्कूलों में, जहाँ उच्च नामांकन दरों के बावजूद, शिक्षण मानकों या शैक्षिक परिणामों में सुधार नहीं हुआ है। पाठ्यक्रम अक्सर तेजी से बदलती और तकनीक–प्रेरित दुनिया की आवश्यकताओं के अनुसार अद्यतन नहीं होता, जिससे छात्र आधुनिक जीवन की जटिलताओं के लिए तैयार नहीं होते। इसके अतिरिक्त, एक बड़ी संख्या में स्नातक रोजगार प्राप्त करने में असफल रहते हैं, क्योंकि शिक्षा प्रणाली और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच अंतर है। कई छात्र अपनी पढ़ाई समाप्त करने के बाद व्यावहारिक कौशल या उद्योग–प्रासंगिक ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाते, जो उन्हें कार्यबल में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, जिससे उनकी रोजगार अवसरों में सीमितता होती है।

क्षेत्रीय विषमताएँ इस समस्या को और बढ़ाती हैं, क्योंकि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में अभी भी उचित शैक्षिक ढाँचा की कमी है। इन क्षेत्रों में स्कूलों के पास बुनियादी सुविधाओं की कमी होती है जैसे कार्यशील कक्षाएँ, डिजिटल संसाधन और शिक्षण सामग्री, जिससे छात्रों को विशेष रूप से नुकसान होता है। शिक्षा प्रणाली का अत्यधिक निर्भरता परीक्षा और रटने की प्रक्रिया पर भी छात्रों में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता के विकास को सीमित करती है। परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करने से छात्रों में शॉर्ट–टर्म लर्निंग स्ट्रेटेजी की प्रवृत्ति होती है, बजाय इसके कि वे विषयों की गहरी समझ और नवाचार की सोच विकसित करें, जो आज के तेजी से बदलते समय में महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा, शिक्षकों की कमी, विशेष रूप से ग्रामीण स्कूलों में, एक लगातार चुनौती है। इन क्षेत्रों में कई स्कूलों में योग्य शिक्षक नहीं होते या कम शिक्षक होते हैं, जिससे बड़ी कक्षाओं के लिए छात्रों की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो जाता है। यह कमी छात्रों को उचित ध्यान न देने, पाठ योजना की अपर्याप्तता और समग्र शिक्षा गुणवत्ता में गिरावट का कारण बनती है। संसाधनों और योग्य शिक्षकों की कमी शहरी और ग्रामीण शिक्षा के बीच की खाई को और गहरा करती है, जिससे कम विकसित क्षेत्रों के छात्रों के लिए अवसरों की कमी होती है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक है कि समग्र सुधार किए जाएं, ताकि एक समान और प्रभावी शिक्षा प्रणाली बनाई जा सके। इन सुधारों को व्यावहारिक कौशल विकास, शिक्षक प्रशिक्षण में निवेश, क्षेत्रीय विषमताओं को संबोधित करने, और एक अधिक समग्र शैक्षिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने पर केंद्रित होना चाहिए, जो आलोचनात्मक सोच और नवाचार को प्रोत्साहित करें। इन मुद्दों को हल करके, भारत यह

सुनिश्चित कर सकता है कि इसकी शिक्षा प्रणाली छात्रों को वैश्विक अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार करती है और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाती है।

सारांश :–

भारत का शिक्षा तंत्र स्वतंत्रता के बाद से गहरे परिवर्तन से गुजरा है, जो एक विखंडित और सीमित संरचना से बदलकर सार्वभौमिक पहुँच और समावेशी विकास की ओर अग्रसर हुआ है। समय के साथ, देश ने साक्षरता दर बढ़ाने, उच्च शिक्षा का विस्तार करने और शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। शिक्षा के अधिकार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसे कानूनी उपायों ने इन प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो।

हालाँकि, अभी भी महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। शिक्षा की गुणवत्ता, क्षेत्रीय असमानताएँ, और शिक्षा परिणामों और रोजगार योग्यताओं के बीच अंतर जैसी समस्याएँ जारी हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में आज भी पुराना पाठ्यक्रम, अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा, और योग्य शिक्षकों की कमी जैसी समस्याएँ हैं। हालांकि शिक्षा तक पहुँच में सुधार हुआ है, लेकिन प्रणाली अभी भी उन स्नातकों को तैयार करने में असमर्थ है जिनके पास आज के प्रतिस्पर्धात्मक नौकरी बाजार में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल नहीं हैं। रटने और परीक्षा–केन्द्रित शिक्षा पर जोर देना छात्रों की आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने की क्षमता को भी सीमित करता है।

आगे बढ़ते हुए, भारत का शिक्षा तंत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो आगे के सुधारों और नवाचार के लिए तैयार है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जो कौशल विकास, व्यावहारिक शिक्षा और प्रौद्योगिकी के समावेश पर जोर देती है, शिक्षा और रोजगार के बीच के अंतर को पाटने का प्रयास करती है। लचीले अध्ययन मॉडल और एक अंतरविभागीय दृष्टिकोण को पेश करना विभिन्न रुचियों और प्रतिभाओं को समायोजित करने का प्रयास करता है, जिससे समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। SWAYAM और DIKSHA जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की बाधाओं को समाप्त कर दिया है, जिससे ऑनलाइन शिक्षा की पहुंच अधिक से अधिक छात्रों तक हो रही है। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक शिक्षा, कोडिंग, उद्यमिता और जीवन कौशल पर ध्यान केंद्रित करना छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और विशेषज्ञता प्रदान कर रहा है, जो उन्हें एक जटिल और आपस में जुड़े हुए दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

अंततः, भारत के शिक्षा तंत्र का भविष्य इस पर निर्भर करेगा कि वह छात्रों और समाज की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार नवाचार और अनुकूलन में कैसे सक्षम होता है। शिक्षा को केवल शैक्षिक सफलता तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि जीवन कौशल, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमताओं को भी पोषित करना चाहिए, ताकि छात्र 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों का सामना कर सकें। समावेशिता, कौशल विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को प्राथमिकता देते हुए, भारत एक मजबूत और गतिशील शिक्षा तंत्र का निर्माण कर सकता है, जो युवा शक्ति को सशक्त बनाता है और राष्ट्रीय विकास और समृद्धि की दिशा में प्रेरित करता है।

सन्दर्भ सूची :–

1. अग्निहोत्री, ए. ''भारत में शिक्षा : चुनौतियाँ और अवसर'' जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन, खंड 58, संख्या 3, 2019, पृ. 45–61

2. भटनागर, आर. ''स्वतंत्रता के बाद भारत में शैक्षिक सुधार'' एजुकेशनल रिव्यू ऑफ इंडिया, खंड 12, संख्या 2, 2016, पृ. 123–137
3. चौधरी, एस. ''स्वतंत्रता के बाद भारतीय शिक्षा प्रणाली का विकास'' इंडियन एजुकेशनल रिसर्च जर्नल, खंड 45, संख्या 1, 2020, पृ. 11–25
4. देसाई, ए. ''स्वतंत्र भारत में उच्च शिक्षा की भूमिका'' इंडियन जर्नल ऑफ हायर एजुकेशन स्टडीज, खंड 9, संख्या 4, 2018, पृ. 89–102
5. गुप्ता, पी. ''भारत में समावेशी शिक्षा के लिए संघर्ष'' सोशल साइंस रिव्यू, खंड 25, संख्या 2, 2017, पृ. 158–171
6. खान, एस. ''भारत में ब्रिटिश विरासत का शैक्षिक प्रणाली पर प्रभाव'' हिस्ट्री ऑफ एजुकेशन क्वार्टरली, खंड 23, संख्या 1, 2015, पृ. 34–56
7. कुमार, ए. ''स्वतंत्रता के बाद भारत में शिक्षा : एक आलोचनात्मक विश्लेषण'' जर्नल ऑफ एजुकेशनल डेवलपमेंट, खंड 30, संख्या 3, 2020, पृ. 65–78
8. मिश्रा, आर. ''स्वतंत्र भारत में शिक्षा और समाज'' इंडियन एजुकेशन रिव्यू, खंड 16, संख्या 1, 2017, पृ. 120–132
9. नायर, एस. ''भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और समानता : एक अवलोकन'' एजुकेशनल पॉलिसी एनालिसिस, खंड 19, संख्या 2, 2021, पृ. 56–74
10. पाठक, आर. ''स्वतंत्रता के बाद भारत में तकनीकी शिक्षा का विकास'' इंडियन जर्नल ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, खंड 5, संख्या 3, 2019, पृ. 145–160
11. राजपूत, एम. ''भारत में शिक्षा सुधारः स्वतंत्रता के बाद की चुनौतियाँ'' इंडियन एजुकेशन जर्नल, खंड 21, संख्या 2, 2018, पृ. 99–112
12. शर्मा, पी. ''भारत में ग्रामीण शिक्षा का पहुंच : एक उभरता हुआ मुद्दा'' इंडियन रूरल डेवलपमेंट जर्नल, खंड 4, संख्या 3, 2020, पृ. 47–59
13. सिंह, के. ''भारत में निजी संस्थाओं की शिक्षा प्रणाली में भूमिका'' जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन पॉलिसी, खंड 24, संख्या 1, 2016, पृ. 102–115
14. वर्मा, एस. ''शिक्षा सबके लिए : स्वतंत्रता के बाद भारत में सरकारी पहल'' पॉलिसी रिव्यू जर्नल, खंड 18, संख्या 2, 2019, पृ. 90–104
15. यादव, जे. ''भारत में सार्वभौमिक शिक्षा को लागू करने में चुनौतियाँ'' इंडियन एजुकेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च, खंड 22, संख्या 4, 2021, पृ. 34–46

Contact No. 7357193356
E-mail: pareeksurendra67@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 117–121

भारतीय समाज में परम्परागत सामाजिक संबंध एवं डिजिटल सामाजिक संबंध

डॉ. योगेश कुमार त्रिपाठी
असिस्टेंट प्रोफेसर (अतिथि), समाज शास्त्र विभाग,
महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ (उ0प्र0)
डॉ. कमल कश्यप भास्कर
रामनगर, शंकरगंज, जौनपुर (उ0 प्र0)

सार :–

यह शोध पत्र ''परंपरागत सामाजिक संबंधों'' एवं ''डिजिटल युग में विकसित सामाजिक संबंधों'' का समीक्षात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। सामाजिक संबंध, 'मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं', जोकि समाज में 'भावनात्मक', 'मनोवैज्ञानिक' एवं 'सांस्कृतिक' जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं। परंपरागत सामाजिक संबंध, आमने–सामने बातचीत व शारीरिक उपस्थिति पर आधारित होते हैं; जिनमें गहन भावनात्मक जुड़ाव, विश्वास एवं सामाजिक समर्थन की भूमिका होती है। यह संबंध 'पारिवारिक, सामुदायिक व सांस्कृतिक' मानदंडों के अंतर्गत विकसित होते हैं, तथा समाज में एकता–सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं। यद्यपि, भौगोलिक दूरी व समय की बाधाएं इन संबंधों में सीमाएं उत्पन्न कर सकती हैं। डिजिटल युग में, सोशल मीडिया, मैसेजिंग एप्स एवं वीडियो कॉलिंग जैसे प्लेटफार्मों ने सामाजिक संबंधों की नई परिभाषा दी है। डिजिटल सामाजिक संबंधों में, 'वैश्विक जुड़ाव' व 'त्वरित संवाद' की सुविधा होती है, जोकि समय एवं स्थान की बाधाओं को समाप्त करती है। यह ऑनलाइन संबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है एवं नए समुदायों के निर्माण का अवसर प्रदान करता है; तथापि डिजिटल संबंधों में, 'गोपनीयता उल्लंघन', 'सतही जुड़ाव', व 'साइबरबुलिंग' जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं; जोकि मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। इस शोध में परंपरागत एवं डिजिटल संबंधों के विभिन्न पहलुओं की तुलना की गई है, जिसमें 'संचार माध्यम', 'भावनात्मक जुड़ाव', विश्वास निर्माण', एवं 'सामाजिक समर्थन' शामिल हैं। यह पाया गया कि ''परंपरागत संबंधों में भावनात्मक गहराई अधिक है, जबकि डिजिटल संबंध अधिक लचीले होते हैं''।

मुख्य शब्द :– संचार माध्यम, सामाजिक संबंध, डिजिटल सामाजिक संबंध, परम्परागत सामाजिक संबंध।

परिचय :–

''सामाजिक संबंध'', मानव अस्तित्व का एक अभिन्न हिस्सा हैं, जोकि व्यक्ति को समाज से 'जोड़ने',

'भावनात्मक समर्थन देने' एवं उसकी सामाजिक पहचान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम जानते हैं कि 'पारंपरिक समाजों में', यह संबंध 'सांस्कृतिक', 'धार्मिक' एवं 'नैतिक मूल्यों' के आधार पर विकसित होते थे। व्यक्तियों के आपसी 'संवाद', 'सहयोग' एवं 'सामूहिक भागीदारी' के माध्यम से परंपरागत सामाजिक संबंधों का निर्माण होता था। ऐसे संबंधों में 'परिवार', 'मित्रता', 'पड़ोसी' एवं 'समुदाय के अन्य सदस्य' प्रमुख भूमिका निभाते थे। इनमें 'विश्वास', 'प्रतिबद्धता' एवं 'गहरी भावनात्मक निकटता' का विशेष महत्व होता था। हालांकि, 21वीं सदी में 'डिजिटल क्रांति' एवं 'प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास' के कारण सामाजिक संबंधों का स्वरूप तेजी से बदल गया है। इंटरनेट व सोशल मीडिया के आगमन ने एक नई प्रकार की सामाजिकता को जन्म दिया है; जिसे हम ''डिजिटल सामाजिक संबंध'' कहते हैं। देखा जाए तो पता चलता है कि इन संबंधों में व्यक्ति 'टेक्स्ट', 'ऑडियों' एवं 'वीडियों' के माध्यम से संवाद करता है। यह नए प्रकार का सामाजिक जुड़ाव 'स्थान एवं समय' की सीमाओं को समाप्त करता है, जिससे वैश्विक स्तर पर सामाजिक नेटवर्क का विस्तार संभव हो गया है। डिजिटल सामाजिक संबंधों में कई सकारात्मक पहलू भी हैं; जैसे कि 'त्वरित संवाद', 'नए लोगों से जुड़ाव', तथा 'व्यापक नेटवर्किंग'। इसके बावजूद, इन संबंधों में कुछ गंभीर चुनौतियां भी हैं; जिनमें 'सतही जुड़ाव', 'गोपनीयता उल्लंघन', 'साइबरबुलिंग' एवं 'डिजिटल लत' शामिल हैं। प्रस्तुत शोध पत्र छवि यह है कि यह ''परंपरागत–डिजिटल सामाजिक संबंधों की प्रकृति, विशेषताओं एवं सामाजिक प्रभावों का विश्लेषण करता है''।

परंपरागत सामाजिक संबंध :-

''परंपरागत सामाजिक संबंध'', मानव सभ्यता के आरंभ से ही सामाजिक संरचना का मूल आधार रहा है। इसके विषय में जब भी ध्यान जाता है तो 'सार्वभौमिक रूप' से ज्ञात होता है कि यह संबंध 'आध्यात्मिक', 'सांस्कृतिक' एवं 'नैतिक मूल्यों' से गहराई से जुड़े होते हैं; जोकि हमे न केवल सामाजिक रूप से बल्कि 'भावनात्मक' व 'आत्मिक' रूप से भी संबल प्रदान करते हैं; जैसा कि हम समझते हैं कि परंपरागत सामाजिक संबंधों की विशेषता यह है कि सदियों से चल रहे 'सामाजिक', 'सांस्कृतिक' एवं 'पारिवारिक' रीति–रिवाजों के आधार पर निर्मित होते हैं। 'परिवार' (जोकि सामाजिक संबंधों की पहली इकाई है) व्यक्ति को 'सुरक्षा', 'प्रेम' एवं 'नैतिक' शिक्षा प्रदान करता है। 'माता–पिता', 'भाई–बहन', 'दादा–दादी' व अन्य पारिवारिक सदस्य व्यक्ति के सामाजिक–आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन संबंधों में 'सह–अस्तित्व', 'दायित्व' एवं 'सहयोग' के सिद्धांत निहित होते हैं; जोकि व्यक्ति को जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन करते हैं; यद्यपि, परंपरागत सामाजिक संबंधों की कुछ अपनी सीमाएं भी प्रतीत होती हैं, देखा जाए तो इन संबंधों में कभी–कभी 'सामाजिक दबाव', 'रूढ़िवादिता' एवं 'पारिवारिक कलह' के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। किन्तु बावजूद इसके, ऐसे संबंधों की मूल प्रकृति व्यक्ति को ''आत्मिक शांति, स्थायित्व और सुरक्षा प्रदान करना है''। वस्तुतः, परंपरागत सामाजिक संबंध ''केवल एक सामाजिक बंधन नहीं, अपितु एक आध्यात्मिक यात्रा भी हैं; जोकि व्यक्ति को मानवीय मूल्यों, सह–अस्तित्व व करुणा के पथ पर अग्रसर करते हैं''। इसीलिए यह संबंध सामाजिक एकता एवं जीवन के गहन अर्थ को समझने का माध्यम है, जोकि मनुष्य के अंतर्मन को स्थिरता एवं शांति प्रदान करते हैं।

डिजिटल सामाजिक संबंध :-

डिजिटल सामाजिक संबंधों का उदय ''डिजिटल युग'' में सामाजिक संबंधों का स्वरूप तीव्रता से बदला है। निश्चित रूप से डिजिटल संबंधों में व्यक्ति ''टेक्स्ट–वॉयस–वीडियो कॉल'' के माध्यम से संवाद करता है,

जिससे समय–स्थान की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। 'त्वरित संवाद क्षमता', 'भावनात्मक जुड़ाव' एवं 'नए समुदायों का निर्माण' डिजिटल संबंधों की सबसे प्रमुख विशेषता है। यदि हम चुनौतियों और सीमाओं पर ध्यान दे तो पता चलता है कि डिजिटल संबंधों की सबसे बड़ी चुनौती 'सतही जुड़ाव' है। यह संबंध अक्सर 'गहरे भावनात्मक स्तर' पर नहीं होते तथा केवल बाहरी जुड़ाव का आभास कराते हैं। 'गोपनीयता की समस्या' भी एक बड़ी चुनौती है; क्योंकि डेटा चोरी एवं साइबरबुलिंग जैसी समस्याएं मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। विश्वास निर्माण की समस्या, 'डिजिटल संबंधों में पारदर्शिता की कमी भी एक महत्वपूर्ण समस्या है'। लोग अपनी असली पहचान छिपा सकते हैं या भ्रामक जानकारी प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे विश्वास का निर्माण कठिन हो जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से डिजिटल संबंध सीमित आत्मिकता प्रदान करते हैं। यह संबंध भले ही तात्कालिक आत्मिकता प्रदान करें, किंतु गहरे आत्मिकता के लिए परंपरागत संबंधों का महत्व बना रहता है। वास्तव में, 'डिजिटल सामाजिक संबंध' आधुनिक युग की एक महत्वपूर्ण देन हैं, जोकि वैश्विक स्तर पर जुड़ाव व संवाद को आसान बनाते हैं; फिर भी, इनके नकारात्मक पहलुओं को समझते हुए 'संतुलन' बनाए रखना आवश्यक है, जिससे कि व्यक्ति इनके लाभों का अधिकतम उपयोग कर सके।

परंपरागत एवं डिजिटल सामाजिक संबंधों की तुलना :-

परंपरागत एवं डिजिटल सामाजिक संबंधों को इस रूप में हम व्यक्त कर सकते हैं– (1) संवाद का माध्यम, परंपरागत सामाजिक संबंध आमने–सामने की बातचीत पर आधारित होते हैं, जिसमें व्यक्ति की शारीरिक उपस्थिति अनिवार्य होती है। इसके विपरीत, डिजिटल संबंध टेक्स्ट, ऑडियो एवं वीडियो माध्यमों पर निर्भर करते हैं। डिजिटल माध्यम त्वरित संवाद की सुविधा प्रदान करते हैं, लेकिन इसमें संवाद की गहराई अक्सर कम हो जाती है। (2) भावनात्मक जुड़ाव, परंपरागत संबंधों में भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है, क्योंकि इसमें व्यक्तियों के बीच लंबे समय तक की गई बातचीत एवं अनुभवों का आधार होता है। डिजिटल संबंधों में भावनात्मक गहराई अक्सर सतही होती है, क्योंकि यह आभासी दुनिया तक सीमित रह जाती है। (3) विश्वास निर्माण, विश्वास निर्माण परंपरागत संबंधों में धीरे–धीरे होता है और इसे समय और अनुभव से मजबूत किया जाता है। डिजिटल संबंधों में गोपनीयता की समस्या और झूठी पहचान की संभावना के कारण विश्वास कायम करना कठिन हो सकता है। (4) सामाजिक समर्थन, परंपरागत संबंधों में संकट के समय परिवार, मित्र और समुदाय से तत्काल समर्थन मिलता है। डिजिटल संबंधों में समर्थन उपलब्ध होता है, लेकिन यह आमतौर पर भावनात्मक से अधिक सूचनात्मक होता है। (5) समय–स्थान की बाधा, परंपरागत संबंध समय एवं स्थान की बाधाओं से सीमित हो सकते हैं। दूसरी ओर, डिजिटल संबंध भौगोलिक दूरी को समाप्त कर प्रत्येक क्षण जुड़ाव की सुविधा प्रदान करते हैं। (6) गोपनीयता व सुरक्षा, परंपरागत संबंधों में बातचीत अधिक सुरक्षित होती है, क्योंकि यह व्यक्तिगत स्तर पर होती है। डिजिटल संबंधों में डेटा चोरी, साइबर अपराध एवं निजी जानकारी के दुरुपयोग का खतरा हमेशा बना रहता है। उक्त आधार पर यह भी कहा जा सकता है कि दोनों प्रकार के सामाजिक संबंधों में अपनी–अपनी विशेषताएं एवं सीमाएं हैं। जिसमें परंपरागत संबंध गहराई एवं स्थिरता प्रदान करते हैं; जबकि डिजिटल संबंध लचीलापन एवं त्वरित जुड़ाव की सुविधा देते हैं।

डिजिटल संबंधों का समाज पर प्रभाव :-

यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं है कि डिजिटल युग में सामाजिक संबंधों का समाज पर बहुआयामी

प्रभाव पड़ा है। इसने 'व्यक्ति' एवं 'समाज' के बीच 'संवाद' तथा 'सामाजिक जुड़ाव' के नए तरीके विकसित किए हैं। इसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलू समाज में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं; सकारात्मक प्रभाव, (1) वैश्विक जुड़ाव, डिजिटल माध्यमों ने लोगों को वैश्विक स्तर पर जोड़ा है, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और समाजों के बीच संवाद का आदान–प्रदान बढ़ा है। (2) सूचना का प्रसार, डिजिटल संबंधों ने सूचनाओं के त्वरित प्रसार को संभव बनाया है। (3) मानसिक समर्थन, डिजिटल समुदायों के माध्यम से लोग मानसिक समर्थन प्राप्त कर सकते हैं। अवसाद, चिंता या अन्य समस्याओं से पीड़ित व्यक्ति ऑनलाइन सहायता समूहों का लाभ उठा सकते हैं। (4) सामाजिक जागरूकता, डिजिटल माध्यमों का उपयोग सामाजिक अभियानों एवं जन–जागरूकता कार्यक्रमों के लिए किया जा सकता है। नकारात्मक प्रभाव, (1) सतही जुड़ाव, डिजिटल संबंध अक्सर सतही होते हैं, जिनमें गहरी भावनात्मक निकटता का अभाव होता है। यह व्यक्ति में अकेलापन व सामाजिक अलगाव की भावना पैदा कर सकता है। (2) साइबरबुलिंग एवं उत्पीड़न, साइबरबुलिंग एवं ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी समस्याएं बढ़ी हैं, जोकि मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। (3) डिजिटल लत, डिजिटल संबंधों की बढ़ती लत ने लोगों को वास्तविक जीवन के सामाजिक संबंधों से दूर कर दिया है। यह पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में दूरी का कारण बन सकता है। (4) गोपनीयता का उल्लंघन, डिजिटल संबंधों में डेटा चोरी, हैकिंग एवं निजी जानकारी के दुरुपयोग का खतरा हमेशा बना रहता है। उपरोक्त के आधार पर हम निश्चित रूप से यह कह सकते हैं कि डिजिटल संबंधों ने समाज को एक नई दिशा दी है, जोकि संवाद एवं जुड़ाव को आसान बनाती है। हालांकि, इसके नकारात्मक प्रभावों को पहचानकर एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, जिससे कि समाज डिजिटल युग में सकारात्मक रूप से विकसित हो सके।

परंपरागत एवं डिजिटल सामाजिक संबंधों के बीच संतुलन :–

हम, यह कह सकते हैं कि डिजिटल युग में जहां इंटरनेट एवं सोशल मीडिया ने सामाजिक संबंधों का स्वरूप बदल दिया है, वहीं परंपरागत सामाजिक संबंधों का महत्व भी बना हुआ है। संतुलन बनाए रखने के लिए व्यक्ति को इन दोनों प्रकार के संबंधों के गुणों को समझना व अपनाना आवश्यक है। परंपरागत संबंध ''गहरे भावनात्मक जुड़ाव'', ''स्थिरता'' एवं ''व्यक्तिगत समर्थन'' प्रदान करते हैं। परिवार–दोस्तों के साथ बिताया गया समय 'मानसिक शांति' एवं 'आत्मिक संतुष्टि' प्रदान करता है। इसके विपरीत, डिजिटल संबंध 'लचीलापन', 'त्वरित संवाद' एवं 'नए अवसरों तक पहुंच' प्रदान करते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल प्लेटफार्मों पर पारदर्शिता एवं विश्वास को बढ़ावा दिया जाए, जिससे कि डिजिटल संबंध भी गहराई एवं स्थायित्व प्राप्त कर सकें; क्योंकि संतुलन बनाकर ही व्यक्ति अपने सामाजिक जीवन को 'संतुलित', 'संतुष्ट' एवं 'समृद्ध' बना सकता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव :–

वर्तमान शोध पत्र के निष्कर्ष इस प्रकार से हैं, (1) परंपरागत एवं डिजिटल सामाजिक संबंध दोनों के अपने–अपने महत्व हैं; (2) परंपरागत संबंध गहराई एवं आत्मिक संतुष्टि प्रदान करते हैं; (3) डिजिटल संबंध त्वरित संवाद एवं वैश्विक जुड़ाव की सुविधा देते हैं; तथा (4) दोनों प्रकार के संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखना सामाजिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुझाव, वर्तमान अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर कुछ मुख्य सुझाव भी दिए जा सकते हैं, (1) संतुलित समय वितरण, परंपरागत व डिजिटल दोनों प्रकार के संबंधों

के लिए समय निर्धारित करना चाहिए; (2) डिजिटल प्लेटफार्मों का विवेकपूर्ण उपयोग, सोशल मीडिया का उपयोग सीमित रखना चाहिए व केवल आवश्यक संवादों पर ही ध्यान देना चहिये; (3) भावनात्मक जुड़ाव को प्राथमिकता देना चाहिए, व्यक्तिगत मुलाकातों और आमने–सामने की बातचीत के अवसर बढ़ाना चाहिए; (4) विश्वास एवं पारदर्शिता, डिजिटल संबंधों में भी विश्वास व पारदर्शिता को बढ़ावा देना चाहिए; तथा (5) डिजिटल डिटॉक्स का पालन, नियमित अंतराल पर डिजिटल उपकरणों से ब्रेक लेना चाहिए तथा परिवार व दोस्तों के साथ अधिक समय व्यतीत करना चाहिए। उक्त सुझावों को अपनाकर व्यक्ति अपने सामाजिक जीवन को निश्चित रूप से अधिक समृद्ध और संतुलित बना सकता है।

संदर्भ सूची :–

1. Calcagni, F., Amorim Maia, A. T., Connolly, J. J. T., & Langemeyer, J. (2019). Digital co-construction of relational values: Understanding the role of social media for sustainability. Sustainability Science, 14(5), 1309-1321.
2. Dolan, R., Conduit, J., Fahy, J., & Goodman, S. (2016). Social media engagement behaviour: a uses and gratifications perspective. Journal of strategic marketing, 24(3-4), 261-277.
3. Erstad, O., Hegna, K., Livingstone, S., Negru-Subtirica, O., & Stoilova, M. (2024). How digital technologies become embedded in family life across generations: scoping the agenda for researching 'platformised relationality'. Families, Relationships and Societies, 13(2), 164-180.
4. Gheorghe, I. R., Purcarea, V. L., & Gheorghe, C. M. (2018). Consumer eWOM communication: The missing link between relational capital and sustainable bioeconomy in health care services. Amfiteatru Economic, 20(49), 684-699.
5. Graham, S. L. (2015). Relationality, friendship, and identity in digital communication. In The Routledge handbook of language and digital communication (pp. 305-320). Routledge.
6. Spartin, Lark, and John Desnoyers-Stewart. "Digital Relationality: Relational aesthetics in contemporary interactive art." In Proceedings of EVA London 2022, pp. 150-157. BCS Learning & Development, 2022.
7. Vasileiadou, E. M., Missler-Ber, M., & Ullrich, S. (2011, April). Relational capital management of new ventures through virtual embeddedness and social media. In Proceedings of the European conference on intellectual capital.–2011.–? (pp. 447-461).
8. Whimster, S. (2018). Pure relationality as a sociological theory of communication. Frontiers in Sociology, 3, 304153
9. Wilding, R., Worrell, S., & Baldassar, L. (2025). DIGITAL EMPOWERMENT AND RELATIONALITY. Digital Empowerment for Refugee and Migrant Learners: Applying Strengths-Based Practice to Adult Education.

tripathiyogesh683@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 122–125

"मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी" : तृतीय लिंगी समुदाय के संघर्ष और स्वीकृति की यात्रा

डॉ. वी. गोविंद
सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय कड़गंची।

शोध सार :–

भारतीय समाज में हिजड़ा समुदाय को लंबे समय से हाशिए पर रखा गया है। उन्हें तिरस्कार, भेदभाव और सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है। लेकिन समय–समय पर कुछ व्यक्तित्व ऐसे उभरते हैं, जो अपने साहस और संकल्प से न केवल अपनी पहचान स्थापित करते हैं, बल्कि पूरे समुदाय के लिए आवाज बन जाते हैं। लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ऐसी ही एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपनी आत्मकथा "मैं हिजड़ा, मैं लक्ष्मी" के माध्यम से हिजड़ा समुदाय के संघर्ष, उनके अधिकारों और सामाजिक स्वीकृति की आवश्यकता को उजागर किया है।

यह शोध आलेख लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की आत्मकथा के संदर्भ में हिजड़ा समुदाय के सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी पहलुओं का विश्लेषण करेगा। इसमें यह समझने का प्रयास किया जाएगा कि कैसे लक्ष्मी ने अपने व्यक्तिगत संघर्षों को एक सामूहिक आंदोलन में परिवर्तित किया और ट्रांसजेंडर अधिकारों की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बीज शब्द :– किन्नर, हिजड़ा, लैंगिक, एल जी बी टी क्यू, मुख्यधारा, असमानता, भेदभाव।

मूल आलेख :–

यह लेख लिखने का उद्देश्य आपके साथ संवाद स्थापित करना है। संवाद जो विचारों को जन्म दें। विचार जो विमर्शों की दुनिया के बीच हमें खड़ा करे। विमर्श जो सदैव चिंतनशील रहने के लिए प्रेरित करे। क्या यह चिंतन सदैव गतिशील रहा है? नहीं। इस चिंतन या विमर्श के पक्ष से सदैव किसी न किसी वर्ग का तिरस्कार होता रहा है। चिंतन का क्षेत्र सिर्फ भाषा या समाज तक आकर ही रुक जाना मात्र नहीं है बल्कि उसका अधिकार क्षेत्र प्रथमतः व्यक्ति है। वह व्यक्ति जिसने इस समाज की स्थापना की है। गौरतलब है कि मैं यहाँ व्यक्ति को मुख्य मान रहा हूँ। वह व्यक्ति जो सदैव अपने समाज या समुदाय को प्रगतिशील बनाने का स्वप्न देखता है लेकिन इन स्वप्नों के बीच हमारा यह समाज अवरोध का कार्य करता है। एक ऐसा ही व्यक्तित्व है लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी जिन्होंने अपनी लैंगिकता को व्यक्तिगत रूप से अनेक जटिलताओं के बाद स्वीकार किया। वे कहती हैं। "जब मैं पाँचवीं कक्षा में था, तब से गे लोगों के साथ रहता था। उनसे मिलता था, उनकी पार्टियों में जाता था।

पर धीरे–धीरे उनमें भी मुझे परायेपन का एहसास होने लगा था।"[1]

1910 में जर्मन सेक्सोलॉजिस्ट मैग्नस हिर्चफील्ड 'ट्रांसवेस्टेट' शब्द का प्रयोग करते हैं। सन् 1949 में 'ट्रांससेक्सुअल' शब्द सामने आता है। 1970 में 'सूजन स्टैंकर (ट्रांसजेण्डर) 19वीं शताब्दी के मध्य से 2000 के समय अमेरिकी ट्रांसजेण्डरी का इतिहास लिखते हैं तथा यह 2008 3 में काशिल होता है। स्टैंकर ट्रांसजेए परिभाषा कुछ इस प्रकार देते हैं। "People who move away from the gender they were assigned at birth.

1910 में जर्मन सेक्सोलॉजिस्ट मैग्नस हिर्चफील्ड 'ट्रांसवेस्टेट' शब्द का प्रयोग करते हैं। सन् 1949 में 'ट्रांससेक्सुअल' शब्द सामने आता है। 1970 में 'सूजन स्टैकर (ट्रांसजेण्डर) 19वीं शताब्दी के मध्य से 2000 के समय अमेरिकी ट्रांसजेण्डरों का इतिहास लिखते हैं तथा यह 2008 में प्रकाशित होता है। स्टैंकर ट्रांसजेण्डर की परिभाषा कुछ इस प्रकार देते हैं :–

""People who move away from the gender they were assigned at birth, People who cross over (trans) the boundaries who constructed by their culture to define and contain their geader."

"(जो लोग अपने जन्म के समय लिंग से अलग हो जाते हैं और जो उनके लिंग में निहित और उनकी संस्कृति द्वारा परिभाषित सीमाओं को पार करते हैं वे हैं ट्रांसजेंडर)"[2]

डॉ. पुनीत विसारिया के अनुसार "किन्नरों के चार वर्ग देखने को मुख्य रूप से मिलते हैं बुचरा, नीलिमा, मनसा व हंसा।"[3]

प्रो. मेराज अहमद लिखते हैं कि "हिजड़ा शब्द से हमारे मस्तिष्क में ऐसे लोगों की छवि बनती है, जिनके जननांग पूरी तरह विकसित न हो पाये हों अर्थात् वह न ही पूर्ण पुरुष हो न ही पूर्ण स्त्री। कुछ लोग पुरुष होकर भी स्वभाव से स्त्रैण होते हैं, उन्हें पुरुषों के बजाय स्त्रियों के बीच रहने में सहजता महसूस होती है।"[4]

प्रो. मेराज के शब्दों में "हम उन कारणों की जाँच कर सकते हैं जिन कारणों ने लक्ष्मी को हिजड़ा होने से रोका हुआ था।"[5]

उसके समक्ष अवरोधक कौन है? समाज! समाज ही उसका अवरोधक है जो उसको व उसके समुदाय को लैंगिक विस्थापन के लिए विवश करता है। यह विस्थापन ही इस समुदाय को समाज से बिल्कुल कांटकर अलग कर देता है। इनके लैंगिक विस्थापन का कारण बनती हैं समाज की अपेक्षाएँ – "स्त्री और पुरुष इन दो रेखाओं के बीच के हम... 'बिटवीन द लाइन्स'। हम में स्त्रीत्व है पर हम स्त्री नहीं हैं। पुरुषत्व है, पर हम पुरुष भी नहीं हैं... पुरुषों जैसा शरीर होने की वजह से समाज उस पर उसके तथाकथित पौरुषत्व की कल्पना थोप देता है कि इन सब में मैं वो 'पुरुष' नहीं। मन घुटता रहता है। कब तक सहता रहेगा कोई...?"[5]

चित्रा मुद्गल इनकी इसी पीड़ा को रेखांकित करते हुए कहती हैं कि "जननांग विकलांगता बहुत बड़ा दोष है लेकिन इतना बड़ा भी नहीं कि तुम मान लो कि तुम धड़ का मात्र वहीं निचला हिस्सा भर हो। मस्तिष्क नहीं हो, दिल नहीं हो, घड़कन नहीं हो, आंख नहीं हो। तुम्हारे हाथ–पैर नहीं हैं। हैं. हैं. हैं. सब वैसा ही है, जैसे औरों के हैं। यौन सुख लेने से वंचित हो तुम, वात्सल्य सुख से नहीं। सोचो।"[6]

समाज की ये अपेक्षाएँ कहीं न कहीं पारिवारिक अपेक्षाओं में परिवर्तित होती जाती है जिसका भुगतान उस व्यक्ति को करना होता है जो पहले से ही शारीरिक व मानसिक यातना झेल रहा है। लक्ष्मी के हिजड़े होने के संबंध में उसके परिवार की प्रतिक्रिया को देखिए। "घर में घुसते ही माँ ने चिल्लाना शुरू किया। पापा भी गुस्सा

थे। वो स्वाभाविक ही था। उनकी पहली प्रतिक्रिया थी, "अपनी चौदह पीढ़ियों में ऐसा किसी ने नहीं किया होगा। हमारा खानदान ब्राह्मण को है... उसके मान–सम्मान के बारे में तो कम से कम सोचना चाहिए था। तुम्हारी बहन की शादी हो गयी है। उसके घरवाले क्या कहेंगे?"[7]

अंततः लक्ष्मी के प्रयासों से उसका परिवार उसकी लैंगिकता को स्वीकार्यता देता है।

लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने अपनी इस कृति में समुदाय से संबंधित बहुत से प्रश्नों को उठाया है। वह लिखती हैं कि किस प्रकार इस समुदाय को शारीरिक और मानसिक रूप से शोषण का शिकार होना पड़ता है। "और सच में, उस वक्त मेरा शरीर एक खिलौने की तरह बन गया था। कोई भी आये और कुछ भी कर ले। दो बार तो मुझ पर बलात्कार करने की कोशिश की थी।"[8] इस शोषण के पर्याय में ही लक्ष्मी ने प्रतिरोध को चुना "पुरुष प्रधान समाज में कैसे बर्ताव करना चाहिए, इस बारे में अब मैं मन ही मन सोचने लगा था। इस पुरुष मानसिकता के सामने मुझे कड़ी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। खुद पर आनेवाली दुर्घटना को टाल सकता हूँ, दूसरे को टाल सकता हूँ... पर ऐसे कितने दिन टाल पाऊँगा...? मुझे प्रतिकार करना सीखना होगा।"[9]

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल 2014 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा–किन्नरों को तृतीय लिंग के रूप में स्वीकृति दी जायेगी। अनुच्छेद 14, 16 व 21 का हवाला देते हुए कहा– देश के नागरिक होने के नाते किन्नरों को रोजगार, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, तथा रोजमर्रा की जिन्दगी में स्वीकार्यता मिलेगी। इसके बाद 2016 में संसद ने भी लोकसभा में ट्रांसजेण्डर व्यक्ति का अधिकार विधेयक प्रस्तुत किया और 2019 में ट्रांसजेण्डर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम पारित किया। परंतु आज भी किस प्रकार से इस समुदाय को प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुझना पड़ता है इसका उदाहरण लक्ष्मी हमारे समक्ष उस समय उपस्थित करती हैं जब सुभद्रा के गुम होने व उसकी लाश मिलने के पर इसी व्यवस्था का उन्हें सामना करना पड़ता है। लक्ष्मी इसका प्रतिरोध करती है "वे हिजड़े हैं, मेरे चेले हैं, यह समझकर उनकी तरफ मत देखो। एक व्यक्ति की नजर से देखो। इनमें से अगर किसी ने कुछ किया होता तो मैं खुद उन्हें आपको सौंप देती। "पुलिस ने सबकी अच्छी तरह से पूछताछ की। मैं और मेरे चेले उनके सामने खड़े थे, पर उन्हें कोई भी क्लू नहीं मिला।"[10]

सामाजिक असमानता का यह कारण ही इस समुदाय को अपराध की ओर धकेलता है, हर अपराध इन्होंने ही किया है इस मनोरोग से भी हमें बचना होगा। "हम हिजड़े आम लोगों की तरह ही जीते हैं। असल में आम गरीब इनसानों की तरह, जिनकी कोई कीमत ही नहीं है। किसी का भी सहारा नहीं होता। परिवार ने बाहर निकाल दिया और समाज ने जैसे बहिष्कृत किया हुआ है। हम कैसे जीते होंगे? क्या खाते होंगे? इसकी किसी को परवाह ही नहीं है और फिर किसी हिजड़े से अपराध हुआ तो फौरन उसे मारने के लिए सब दौड़ते हैं, न जाने कौन–कौन सी दफा लगाकर पुलिस भी उन्हें फंसाती है। इस अपराध का समर्थन करने का सवाल ही पैदा नहीं होता, पर हर अपराध का एक सामाजिक पहलू होता है और हिजड़ों के बारे में वही सबसे महत्त्वपूर्ण है। पर इस पर कोई ध्यान नहीं देता।"[11]

लक्ष्मी अपनी इस आत्मकथा में सामाजिक असमानता को दिखाती हैं। इस असमानता के पर्याय में वह प्रतिरोध को चुनती हैं। यह प्रतिरोध ही उसे यह कहने की ताकत देता है कि "किसी परिवार में सभी का रंग बहुत गोरा है, एक ही लड़का काले रंग का है... तो क्या उसे परिवार से बाहर निकाला जाता है? किसी व्यक्ति का रंग, उसकी पसन्द, उसका किसी कला के प्रति झुकाव ये जितना प्राकृतिक है, उतनी ही उसकी लैंगिकता प्राकृतिक

है। इसी सन्दर्भ में के. वनजा लिखती हैं "ट्रांसजेंडर होकर जन्म लेना किसी भी व्यक्ति का स्वयं का चुनाव नहीं होता। इसलिए वह किसी भी तरह से पारिवारिक एवं सामाजिक लज्जा का कारण नहीं है, बहिष्कार का भी।"[12] अंततः मैं इतना ही लिखना चाहूँगा कि समाज और साहित्यकारों ने कभी इनकी ओर दृष्टि की ही नहीं। इनकी सामजिक असमानताओं को कभी जाँचा परखा ही नहीं गया है। हिंदी साहित्य में किन्नर समाज से संबंधित साहित्य अब धीरे–धीरे प्रकाश में आ रहा है परंतु अभी भी उसे उस रूप में स्वीकार्यता नहीं मिली जिस रूप में मिलनी चाहिए। चित्रा मुद्गल कहती हैं– "निर्मला' की तरह उन पर लिखा गया होता तो आज थर्ड जेण्डर की स्थिति बहुत अलग होती। यहाँ साहित्यकारों ने अपने कर्तव्य को समझा ही नहीं। अभी भी दोनों मुद्दों पर जमीनी काम बाकी है। सिर्फ लिखकर अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं मान लेना चाहिए, जमीन पर उतरिए।"[13]

निष्कर्ष :–

लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की आत्मकथा "मैं हिजड़ा, मैं लक्ष्मी" केवल एक व्यक्तिगत यात्रा का दस्तावेज नहीं, बल्कि हिजड़ा समुदाय के संघर्ष, अस्मिता और सामाजिक स्वीकृति की लड़ाई का प्रतीक है। इस आत्मकथा के माध्यम से लक्ष्मी ने न केवल अपने जीवन की चुनौतियों और उपलब्धियों को साझा किया, बल्कि हिजड़ा समुदाय के प्रति समाज की रूढ़ियों और भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण को भी उजागर किया है।

लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि साहस, आत्मसम्मान और संघर्ष के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान स्थापित कर सकता है और सामाजिक परिवर्तन का वाहक बन सकता है।

आधार ग्रंथ :–

1. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, मैं हिजड़ा... मैं लक्ष्मी!, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, संस्करण – 2021

संदर्भ सूची :–

1. मै हिजड़ा... मैं लक्ष्मी, पृ. 43
2. Susan Stryker: Transgender History, Da Capa Press, 2009
3. पुनीत विसारिया, किन्नर विमर्श।
4. सं. एम. फिरोज खान, किन्नर : थर्ड जेंडर अनूदित कहानियाँ, पृ. 8
5. मैं हिजड़ा... मैं लक्ष्मी, पृ. 50
6. 'चित्रा मुद्गल, पोस्ट बॉक्स नं. 203 नालासोपारा, सामायिक प्रकाशन, संस्करण 2020, पृ. 50
7. "मैं हिजड़ा... मैं लक्ष्मी, पृ. 115
8. "में हिजडा... मैं लक्ष्मी, पृ 142–143
9. "मैं हिजड़ा... मैं लक्ष्मी, पृ. 153
10. मैं हिजड़ा... मैं लक्ष्मी, पृ. 159
11. मैं हिजड़ा... मैं लक्ष्मी, पृ. 162
12. के वनजा, क्वीर विमर्श, वाणी प्रकाशन, पृ. 150
13. चित्रा मुद्गत से साक्षात्कार, प्रियंका नारायण, किन्नर विमर्श सेक्स और सामाजिक स्वीकार्यता, वाणी प्रकाशन, 2021, पृ. 158

9494250061, jadavgovind@cuk.ac.in

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 126–131

COMPARISON OF SUICIDE RATIO IN BETWEEN KOTA CITY AND OTHER CITIES

Anzari Begam
Assistant Professor, Psychology, Modi Institute of Management & Technology, Dadabari Kota

INTRODUCTION :

Suicide, derived from Latin woard suicidium, is "the act of taking one's own life".

* **Suicidal Behavior :**

- Suicide is the act of intentionally killing yourself, most often as a result of depression or other mental illness.
- Suicidal behavior is termed as an inability to cope with the demands of life.
- Thoughts and plans about suicide are called suicide ideation.
- Suicide usually results from the interaction of many factors, usually including stressful life events.

Suicide is among the top three causes of death among youth worldwide. According to the WHO, every year, almost one million people die from suicide and 20 times more people attempt suicide; a global mortality rate of 16 per 100,000, or one death every 40 seconds and one attempt every 3 seconds, on average. Suicide worldwide was estimated to represent 1.8% of the total global burden of disease in 1998; in 2020, this figure is projected to be 2.4% in countries with market and

former socialist economies. According to the most recent World Health Organization (WHO) data that was available as of 2011, the rates of suicide range from 0.7/100,000 in the Maldives to 63.3/ 100,000 in Belarus. India ranks 43rd in descending order of rates of suicide with a rate of 10.6/ 100,000 reported in 2009 (WHO suicide rates).The rates of suicide have greatly increased among youth, and youth are now the group at highest risk in one-third of the developed and developing countries. The emerging phenomenon of "cyber-suicide" in the internet era is a further cause for concern; also because the use of new methods of suicide are associated with epidemic increases in overall suicide rates.Suicide is nevertheless a private and personal act and a wide disparity exists in the rates of suicide across different countries. A greater understanding of region-specific factors related to suicide would enable prevention strategies to be more culturally sensitive. This focus is also highlighted in the September 10, 2012 World Suicide Prevention Day theme "Suicide Prevention across the Globe: Strengthening Protective Factors and Instilling Hope". This qualitative review explores the historical and epidemiological aspects of suicide in with a special focus on India. We hope that exposure of the problem will facilitate primary prevention planning.

Provision in Indian lows :

Attempted suicide is a serious problem requiring mental health interventions, but it continues to be treated as a criminal offence under the section 309 of Indian Penal Code. The article reviews the international legal perspective across various regions of the world, discusses the unintended consequences of section 309 IPC and highlights the need for decriminalization of attempted suicide in India. The Mental Health Care Bill, 2013, still under consideration in the Rajya Sabha (upper house), has proposed that attempted suicide should not be criminally prosecuted. Decriminalization of suicidal attempt will serve to cut down the undue stigma and avoid punishment in the aftermath of incident, and lead to a more accurate collection of suicide-related statistics. From a policy perspective, it will further emphasize the urgent need to develop a framework to deliver mental health services to all those who attempt suicide

The Supreme Court had granted 'voluntary death' on March 9, At the time, the court said that under Article 21 of the Constitution, a person has the same right to live as he has the right to die with dignity. The court had approved passive euthanasia. It involves stopping the treatment of the sick person, so that he can die.

Classification : Types of Suicide –

Euthanasia - Individuals who wish to end their own lives may enlist the assistance of another party to achieve death.

Murder–suicide - A murder–suicide is an act in which an individual kills one or more other persons immediately before or at the same time as him or herself.

Suicide attack - A suicide attack is an act in which an attacker perpetrates an act of violence against others.

Escape - In extenuating situations where continuing to live would be intolerable, some people use suicide as a means of escape.

OBJECTIVES :

- To study the relationship of stressful life events with suicidal ideation in early teenagers.
- To study the relationship of self-oriented perfectionism with suicidal ideation in early teenagers.
- To study the relationship of emotional competence with suicidal ideation in early teenagers
- To study the relationship of stressful life events with self-oriented perfectionism in early teenagers.
- To study the relationship of stressful life events with emotional competence in early teenagers.
- To study the relationship of self-oriented perfectionism with emotional competence in early teenagers.
- To find out the relative contribution of stressful life events, self-oriented perfectionism and emotional competence towards suicidal ideation in early teenagers.

HYPOTHESES :

- There will be significant relationship between stressful life events and suicidal ideation in early teenagers.

- There will be significant relationship between self-oriented perfectionism and suicidal ideation in early teenagers.
- There will be negative relationship between emotional competence and suicidal ideation in early teenagers.
- There will be negative relationship of stressful life events with self-oriented perfectionism in early teenagers.
- There will be negative relationship of stressful life events with emotional competence in early teenagers.
- There will be negative relationship of self-oriented perfectionism with emotional competence in early teenagers

METHODOLOGY :

Primary data - Methods used by the researcher and Review of Literature to collect the required data and its analysis. Several sources like course- related documents such as; Course Co-coordinators, Faculty Members, Students, Principals of Schools and Colleges and Parents of the students who make would be in a position to take decisions would be contacted to gather information.

Secondary data - The main research will use both Quantitative as well as Qualitative.

Research methods to determine the current state of the art of education patterns followed in the educational institute which caters to the research objectives with the help of a well Structured Questionnaire, Structured Interviews, Participatory Observations as well as Structured Intervention.

Whenever the population is rather small or a comprehensive coverage is essential, the entire population would be selected but whenever the surveying of the total population would not be possible a sample would be selected by using Purposive and **Proportional Stratified Sampling Method.**

Because of the original nature of the data required, primary sources of all the education programs conducted during the period would be considered for the study. In addition to the published books, journal articles and other similar publications external to the institutions would also be used as a part of the literature review as well as **secondary data collection activity**.

To condense the volume of data thus collected, coding and content analysis would be used considering the semantic relationship of words. In order to maintain the ethics of the research, the identity of the individual institutions be kept confidential and restricted only for Research Activity.

- **Research Design :**

Experimental Research Design.

Research Approach : Analytical , Descriptive Survey. And questionnaire method.

Population :

Students in the age group of 12-19 would be considered as the population.

Sample Size: Depending on the permission to carry out the study program, division of the students in groups from different category of the Institute, the aim would be to have at-least 40 students from both the groups so as to arrive to decisive conclusions.

This would be taken up as a Pilot Study so as to check on the validity of the questionnaires and the accuracy of the information provided by the respondents in both the Experimental and the Control Groups.

After this I would like to reach out to about 500 Students so as to carry out an effective program based on the objectives of the research. Tools :

Part A – Demographic data

Part B – Structured questionnaire and

Part C — Personal Interviews will be conduct

Statistical Techniques :

- Mean
- Standard deviation
- Correlation
- Regression analysis

Other relevant higher statistical measure.

The findings and the Interpretations would be tabled followed by graphical representation of data which would also be included for ease of understanding.

	2018	2019	2020	2021	2022	2023
IITS	7	8	3	4	8	3
NITS	3	8	1	2	7	3
IIMS	1	0	1	1	1	0
TOTAL	11	16	5	7	16	6



CONCLUSION :-

Suicide and attempted suicide is something that should never be neglected. Suicide is defined as the act of killing yourself because you do not want to continue living.India has one of the world's highest youth suicide rates. One student took their own life every 42 minutes in 2020, according to the National Crime Records Bureau (NCRB).Kota, a coaching hub for students, plays a big role in

producing the future generation of doctors and engineers.Over 2.5 lakh students move to Kota every year to prepare for competitive exams. Nearly 30 suicides have been reported from Kota this year, compared to 15 in 2022.Packed schedules, cut -throat competition Constant pressure to do better, the Burden of parents' Expectations and homesickness are among the common struggle of the students here. To prevent further suicides the Rajasthan government has taken initiatives by forming various policies and guidelines.

Mumbai, formerly known as Bombay, has seen instances of student suicides, attributed to various factors including academic pressure, competition, high expectations from family and society, lack of adequate mental health support, and personal

REFERENCES :

1. Vijayakumar L. Suicide in India in Suicide in Asia. In: Yip PS, editor. Hong Kong Univ Press; 2008. pp. 121–31. [Google Scholar]
2. Accidental Deaths and suicides in India. National Crime Records Bureau. Ministry of home affairs. Government of India. 2007 [Google Scholar]
3. Rao VA. Attempted suicide. Indian J Psychiatry. 1965;7:253–64. [Google Scholar]
4. Nandi DN, Banarjee G, Boral GC. Suicide in West Bengal - A century apart. Indian J Psychiatry. 1978;20:155–60. [Google Scholar]
5. Hegde RS. Suicide in rural community. Indian J Psychiatry. 1980;22:368–70. [PMC free article] [PubMed]

Address- H. No 3 j 21 opposite dadabari police station kota 324009
Mob 9024435785
yogeshmehra785@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 132-136

नगण्यता की ताकत को अभिव्यक्त करने वाला कवि

शिवानी शर्मा
शोधार्थी, डी. एस. बी. परिसर, नैनीताल।

शोध सार :-

साहित्य का मुख्य उद्देश्य जनता को समाज में व्याप्त समस्याओं के प्रति सचेत करना और जनता का मार्गदर्शन करना है। कविता मानव मन की सहज अभिव्यक्ति है। यह लोगों के संस्कार और संवेदना को प्रभावित करती है। हिन्दी साहित्य जगत में बहुत से कवि हुए हैं। समकालीन साहित्य जगत में अपनी विशिष्टता के कारण अलग से ध्यान आकृष्ट करने वाले कवियों में से एक वीरेन डंगवाल भी हैं। वीरेन डंगवाल की कविताओं में दैनंदिन जीवन में प्रयोग में लाई जाने वाली किन्तु नगण्य समझी जाने वाली वस्तुओं तथा आम आदमी, जिसका महत्व कुछ विशेष अवसरों तक ही सीमित रह गया है, उन सभी की साधारणता और साधारण महत्ता को भी अभिव्यक्त करते हैं। इस शोध पत्र में वीरेन डंगवाल की कुछ ऐसी ही कविताओं पर बात की गई है,जिसमें वे साधारण चीजों और व्यक्तियों के माध्यम से लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हैं तथा अच्छे भविष्य की उम्मीद देते हैं।

बीज शब्द :- अतिक्रमण, मनुष्यता, संस्कार, अभिव्यक्ति, प्रखरता, आकृष्ट, वैविध्य, नगण्य, आडंबरहीन, तंबाकू, कठपुतली आदि।

मूल आलेख :-

साहित्य का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों और समस्याओं के प्रति सचेत करना है। साहित्य के सामाजिक घेरे में केवल उच्च वर्ग या मध्यम वर्ग नहीं आता, बल्कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति आता है। साहित्य में जड़ वस्तुओं को भी माध्यम बनाकर जीवन की अनुभूतियों को गहनता से अभिव्यक्त किया जाता है। कविता अपने समय को अभिव्यक्त करती है और कई बार समय सीमा का अतिक्रमण भी करती है। कविता को परिभाषित करते हुए विनय विश्वास लिखते हैं – "कविता मनुष्यता की संवेदन–लय है। अमानुषीकरण की प्रक्रिया में सर्जनात्मक हस्तक्षेप है। वह मनुष्य का विवेक जगाती है। जगाए रखती है। जाग्रत विवेक के कारण ही मनुष्य परिस्थितियों का खिलौना बनने से बच पाता है। हर हाल में मनुष्यता को सर्वोच्च रख पाता है। वही मनुष्यता, जिसकी पहचान है– दूसरों के दुःख में दुःख अनुभव करना। जितना हो सके, उसे दूर करना। दूसरों को इस्तेमाल करने की जगह उनके काम आना। लोभ की जगह प्रेम को चुनना। छल के नहीं, सच के साथ रहना। भोग का गुलाम होना नहीं, भोग पर अधिकार प्राप्त करना।"[1]

कविता मानव मन की सहज अभिव्यक्ति है। कविता लोगों के संस्कार और संवेदना को प्रभावित करती

है। हिन्दी साहित्य जगत में बहुत से बड़े कवि हुए हैं। बड़े कवि से तात्पर्य उन कवियों से है जिनकी कविताएँ संख्या में नहीं संवेदना के स्तर पर बड़ी हैं। अपनी प्रखरता और विशिष्टता के कारण अलग से ध्यान आकृष्ट करने वाले कवियों में से एक वीरेन डंगवाल भी हैं। उनकी कविताएँ संपूर्ण भारतीय जीवन की बात करती हैं। इन कविताओं में न सिर्फ संघर्षरत, वंचित व्यक्ति बल्कि छोटे– बड़े पशु, खाद्य पदार्थ, जड़ पदार्थ सबको अभिव्यक्ति मिली है।

वशिष्ठ अनूप लिखते हैं– "यात्राओं ने उनके अनुभव–जगत का विस्तार किया था जिससे उनकी कविताओं में खूब वैविध्य दिखाई पड़ता है। बहुत छोटी– छोटी नगण्य– सी चीजें, उनके स्पर्श से कविता बन जाती थीं।"[2]

वीरेन डंगवाल की कविताओं में हमारे दैनिक जीवन में प्रयोग में आने वाली वस्तुएँ, खाद्य सामग्री न केवल ब्यौरे के रूप में आते हैं अपितु ये चीजें कविता में व्यक्त भाव को सघन करती हुई प्रतीत होती हैं। अपनी कविता कैसी जिंदगी जिए में वे चश्मे के माध्यम से शिथिल पड़ते आपसी संबंध तथा भौतिकवादी होते जा रहे समाज पर व्यंग्य करते हैं। यह व्यंग्य फूहड़ नहीं बल्कि दिल में कचोट उत्पन्न करने वाला व्यंग्य है। व्यक्ति समाज की इकाई है। व्यक्ति के परस्पर संबंध ही एक बेहतर पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन का निर्माण करते हैं। आज के तकनीकी भौतिकवादी समाज में लोग केवल स्व तक सीमित होते जा रहे हैं। किसी की मृत्यु पर शोक तक जताने का समय लोगों के पास नहीं है।

"एक दिन चलते– चलते/यों ही ढुलक जाएगी गरदन/सबसे ज्यादा दुख/सिर्फ चश्मे को होगा,/खो जाएगा उसका चेहरा/अपनी कमानियों से ब्रह्मांड को जैसे–तैसे थामे/वह भी चिपटा रहेगा मगर।"[3]

यह सोचना भी कितना दुखद है कि एक व्यक्ति के इस संसार से जाने पर किसी मनुष्य को दुःख नहीं होगा। यह लोगों की खत्म होती जा रही संवेदना और उनके मशीनी होते जाने की तरफ संकेत है। यह आधुनिक दौर में इंसान के एकाकी होते जाने की कविता है।

वीरेन डंगवाल की कविताओं में आशा और उम्मीद सर्वत्र है। जैसा कि वशिष्ठ अनूप ने लिखा है, वीरेन मामूली सी चीज को भी स्पर्श कर कविता बना देते हैं। अपनी छोटी कविताओं में भी वीरेन इतनी बड़ी बात कह जाते हैं कि एक बार पढ़ने में वह मामूली लगती है और अंत तक पहुंचते–पहुंचते उसके असली आशय स्पष्ट होते जाते हैं। हमारे समाज के तथाकथित बड़े लोग जो धन और शक्ति से परिपूर्ण हैं, वे आम जन के लिए चिंता तो व्यक्त करते हैं पर जब आम जन के साथ उनके बीच रहने और स्वाभाविक सामान्य क्रियाएं करने की बाट आती है तब स्पष्ट भेद परिलक्षित होता है। यही बात वीरेन डंगवाल अपनी कविता हाथी–2 में कहते हैं–

"मैंने कभी हाथी को खाँसते हुए नहीं सुना/हालांकि उसके भी होते हैं फेफड़े/जैसा बताते हैं प्राणि–विज्ञानी/हाथी सिर्फ तब खाँसता है/जब वह हाथियों के बीच होता है/हमारे जैसे अदना आदमियों के बीच/वह सिर्फ हाथी होता है।"[4]

हमारे समाज का यही हाल है। प्रतिष्ठित लोग आम जनता के साथ उनके बीच रहने में असहज महसूस करते हैं जबकि आम जनता के जीवन जीने का तौर तरीका बेहद सरल और आडंबरहीन होता है।

आज के समय में एक दूसरे पर विश्वास करना मुश्किल होता जा रहा है। मनुष्य की अपनी निजी जिंदगी, अपना कोई एकांत नहीं रह गया है। मनुष्य आज अकेला तो होता जा रहा है पर सोशल मीडिया, इंटरनेट तथा

एआई के चलते अब वह डाटा में तब्दील हो रहा है। आज व्यक्ति इंटरनेट पर इतना इंगेज्ड है कि उसकी पसंद–नापसंद की अधिकतम जानकारी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। यह सब चीजें मनुष्य को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गईं लेकिन आज यह हालात हैं कि मनुष्य इन पर आश्रित सा हो गया है। कई बार हमारी खुद की बनाई चीजें ही हमारे नुकसान का कारण बनती हैं। और ऐसा ही हमारे आस–पास भी होता है कि हमारे अपने कहे जाने वाले लोग ही हमारे पतन का कारण बनते हैं। वीरें डंगवाल की कविता तंबाकू इसे बखूबी अभिव्यक्त करती है।

"इसे भी उगाया था/चौड़े पत्ते वाले इस बदमाश को/मेहनती हाथों ने/इतनी लग्न और चाव के साथ,खेतों में।/हमारे ही हाथों पैदा होते हैं कई बार/हमारे दुश्मन प्यारे–प्यारे।"[5]

वीरेन डंगवाल अपने विचार और अनुभव इस तरह कविता में शामिल करते हैं कि वे पाठक पर कोई दबाव न बनाते हुए उनकी संवेदना पर प्रभाव डालते हैं। आज हमारा समाज तकनीकी विकास, कानून, व्यवसाय, सौन्दर्य, बुद्धिमत्ता आदि चीजों की अंधी होड़ में शामिल हो गया है। लोग अपनी व्यक्तिगत या ज्यादा से ज्यादा पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं तक सीमित हो गए हैं और मनुष्य, जिसे सामाजिक प्राणी कहा जाता है वह गैर सामाजिक बनता जा रहा है। समाज जिस राह पर आगे बढ़ रहा है, वह चिंतनीय है। आज की पूँजी केंद्रित मानसिकता ने अपराधीकरण को बढ़ावा दिया है। ये भ्रष्ट लोग आम जनता के समक्ष खुद की छवि इतनी उजली तथा साफ–सुथरी पेश करते हैं कि लोगों को खतरे का एहसास तक नहीं होता। समाज में प्रेम का अभाव बढ़ रहा है। कवि अपनी कविता हड्डी खोपड़ी खतरा निशान में लिखते हैं–

"इधर काफी कम दिखाई देता है/हड्डी खोपड़ी खतरा निशान/.... /अब दरअसल सारे खतरे खत्म हो चुके/प्यार की तरह/दरअसल चारों तरफ चैन ही चैन है।"[6]

आज के समय में बलवान वही है जो कुटिल है। लोग कई मुखौटे लगाकर घूम रहे हैं। और आम आदमी इतना सरल हृदय होता है कि ये कपटी लोग अपने प्रपंचों से उसे छलते हैं और आम आदमी उसके बहकावे में आ जाता है। वीरेन डंगवाल अपनी कविताओं के माध्यम से सबको सचेत करते हैं और लोगों की परख करने के बाद ही उन पर विश्वास करने का आह्वान करते हैं।

"काफी बुरा समय है साथी/संस्कृति के दर्पण में ये जो शक्लें हैं मुस्काती/उनकी असल समझना साथी/अपनी समझ बदलना साथी।"[7]

समाज में पूँजीवादी शक्तियों का वर्चस्व ऐसा फैला कि आम आदमी नगण्य हो गया। पूँजी के चक्कर में व्यक्ति चेतना शून्य हो गया और पूँजी के हाथों की कठपुतली बन गया। अपने ही लोग अपनों के दुश्मन हो गए। वे रामसिंह के माध्यम से सभी लोगों से सवाल करते हैं :–

"तुम किसकी चौकसी करते हो रामसिंह?/तुम बंदूक के घोड़े पर रखी किसकी उंगली हो?/../कौन हैं वे, कौन/जो हर समय आदमी का एक नया इलाज/ढूंढते रहते हैं?"[8]

आम आदमी को पूँजीपति वर्ग मात्र हाड़–माँस का पुतला समझता है। अपनी स्वार्थ–सिद्धि के लिए ये धनाढ्य वर्ग आम आदमी की हत्या करने से भी नहीं कतराता। और कुकृत्य भी वह स्वयं नहीं करता, इसमें भी माध्यम एक आम आदमी ही बनता है। रामदास की इन पंक्तियों में स्पष्ट दिखता है कि पूँजी कैसे मासूम साधारण लोगों के साथ खिलवाड़ करती है मानो पूँजी के समक्ष इंसान का कोई अस्तित्व ही न हो।

"पहले वे तुम्हें कायदे से बंदूक पकड़ना सिखाते हैं/फिर एक पुतले के सामने खड़ा करते हैं/.... /उसके बाद वे तुम्हें आदमी के सामने खड़ा करते हैं/ये पुतले हैं रामसिंह, बदमाश पुतले/इन्हें गोली मार दो, इन्हें संगीन भोंक दो, इन्हें..इन्हें...इन्हें.../वे तुम पर खुश होते हैं–तुम्हें बख्शीश देते हैं/..../वे तुम्हें गौरव देते हैं और इस सबके बदले/तुमसे तुम्हारे निर्दोष हाथ और घास काटती हुई/लड़कियों से बचपन में सीखे गए गीत ले लेते हैं।"[9]

अपने देश, अपने समाज के लिए कवि प्रतिबद्ध है। आजादी के बाद लोगों ने जिस खुशहाल परिवेश की कल्पना की थी, वह कल्पना ही रह गई। स्थितियाँ बद से बदतर ही होती रही हैं। आज देश बेशक तरक्की कर रहा है, पर हमारे देश, हमारी संस्कृति की असल पूँजी हमारी संवेदनाएं गुम होती जा रही हैं। आज कोमल हृदय व्यक्ति का भरपूर फायदा उठाने से लोग नहीं चूक रहे। जिस देश की नींव ही आदर–सत्कार, सत्य, अहिंसा जैसे मूल्यों पर टिकी थी, आज वे मूल्य ही गायब होते जा रहे हैं।

"लोगों के दुख तनिक कम न हुए बढ़े और बढ़े और और/प्यास लगी होने पर एक ग्लास शीतल जल भी/प्यार सहित पाना आसान नहीं/बेगाने हुए स्वजन/कोमलता अगर कहीं दीख गई आँखों में, चेहरे पर/पीछे लग जाते हैं कई–कई गिद्ध और स्यार/बिस्कुट खिलाकर लूट लेने वाले ठग और बटमार/माया ने धरे कोटि रूप/अपना ही मुल्क हुआ जाता परदेस। प्यारे मंगलेश।"[10]

वीरेन डंगवाल मलीन समय में पोस्टकार्डों की महिमा के गीत गाने वाले कवि हैं। पोस्टकार्ड जो अब नई खोजों के फलस्वरूप अपनी संस्कृति की तरह विलुप्त से हो गए हैं। कवि लिखते हैं–

"सबसे बड़ी बात तो यह/कि वे मौजूद रहते हैं हर तरफ/भले लोगों की तरह/जरूर वे दिखाई नहीं देते।"[11]

आज हमारा मनुष्यता से विश्वास खोता जा रहा है। आज मौकापरस्ती, चालबाजी, षड्यन्त्र का ऐसा जाल फैला है कि मनुष्यता, मनुष्य की संवेदना कहीं नजर ही नहीं आती। ऐसे समय में कवि लोगों को आश्वस्त करता है कि अच्छे लोग हमारे आस–पास हैं। कवि लोगों में अच्छाई की, मनुष्यता की उम्मीद जगाता है। कवि ने साधारण चीजों की महत्ता को स्वीकारते हुए उनके माध्यम से समाज की बड़ी समस्याओं पर प्रकाश डाला। कवि सिर्फ खोखली उम्मीद नहीं देता बल्कि समाज में नगण्य समझे जाने वाले लोगों के संघर्ष की भी बात करता है। कहने को तो आज सभी बहुत तरक्की कर रहे हैं,पर समाज के तथाकथित उच्च लोगों की मानसिकता आज भी बहुत संकीर्ण है। आज भी दलित, आदिवासी, स्त्रियाँ अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज के सभी लोगों की बात करता है।

"वे रानियाँ भी गुलाम थीं/जो सोने की थाली में खाती थीं/गुलाम थीं वे भी लखूदास शिवदास की तरह" इस कविता में कवि आगे बोलता है कि असली भूत–प्रेत (नकारात्मक शक्तियां) तो वे लोग हैं जो हमारे पहाड़, जंगल, नदियाँ सब अपने स्वार्थ के लिए नष्ट करते जा रहे हैं। पर कवि हताश नहीं होता, अपितु इन विध्वंसकारी शक्तियों द्वारा नगण्य समझे वाले आम आदमी में संघर्षरत रहने तथा फलस्वरूप अच्छे भविष्य की उम्मीद जगाता है कि हमें कोशिश करनी होगी सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए।

"इनका नाश करने को चलो जुटते हैं/सभी एक साथ/.../आएगा वह दिन जरूर आएगा दुनिया मे/काहे होते हो निराश/.../चाहे हम न ला सकें/चाहे तुम न ला सको/मगर कोई न कोई तो लाएगा/उस

दिन को दुनिया में..."[12]

कवि व्यष्टि और समष्टि दोनों की बात करता है। कवि की ये पंक्तियाँ उनके पूरे कवि कर्म की कोशिश यहाँ प्रस्तुत करती हैं।

"शून्य ही है सबसे ताकतवर संख्या/हालांकि सबसे नगण्य भी/याद रखूँगा मैं पूरे संसार को ढोने वाली/नगण्यता की विनम्र गर्वीली ताकत/जिसे अभी सही–सही अभिव्यक्त होना है।"[13]

निष्कर्ष :-

कवि वीरेन डंगवाल विशिष्ट प्रतिभा के धनी थे। उनकी कुछ कविताएं बेहद भौतिक हैं, किन्तु उन कुछ कविताओं के अलावा उनकी प्रत्येक कविता एक गंभीर संदेश देती है। आज का समाज बाजार पर और भौतिकवादी संस्कृति पर इतना आश्रित हो गया है कि कवि की निरी भौतिक कविताएं भी अर्थहीन नहीं हैं। वीरेन साधारण सी वस्तुओं को अपनी प्रतिभा से कविता में बदलने में सक्षम हैं। और यह काम उन्होंने बखूबी किया है। समाज के शोषित वर्गों को उनकी ताकत से रूबरू कराने की बात हो या आम आदमी को कुटिल, मौकापरस्त लोगों के विरुद्ध सचेत करने की बात हो, वीरेन की कविता में सब अभिव्यक्त हुआ है। कवि ने दैनिक जीवन में प्रयोग में लाई जाने वाली, किन्तु नगण्य समझी जाने वाली वस्तुओं तथा आम आदमी के संघर्षों के माध्यम से बहुत महत्वपूर्ण संदेश आम जन तक पहुंचाया है।

संदर्भ :-

1. विनय विश्वास, आज की कविता, पृ. 15
2. वशिष्ठ अनूप, समकालीन कविता के प्रतिमान, पृ. 123
3. (सं.) पंकज चतुर्वेदी, प्रतिनिधि कविताएं वीरेन डंगवाल, पृ. 23
4. वही, पृ. 45
5. वही, पृ. 66
6. वीरेन डंगवाल, दुष्चक्र में स्रष्टा, पृ. 13
7. (सं.) पंकज चतुर्वेदी, प्रतिनिधि कविताएं वीरेन डंगवाल, पृ. 25
8. वही, पृ. 27
9. वही, पृ. 28
10. वही, पृ. 73
11. वीरेन डंगवाल, दुष्चक्र में स्रष्टा, पृ. 51
12. (सं.) पंकज चतुर्वेदी, प्रतिनिधि कविताएं वीरेन डंगवाल, पृ. 140–141
13. वही, पृ. 72

Email: ssharmakashti@gmail.com

Ph. 9917186356

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 137–144

'रांगेय राघव' और शिवमंगल सिंह 'सुमन' : एक तुलनात्मक अध्ययन

(प्रगतिशील सामाजिक चेतना के काव्यकार के विशेष संदर्भ में)

डॉ. नेमीचन्द कुमावत
सहायक आचार्य (हिन्दी), मा. ला. वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राजस्थान)

हिंदी की प्रगतिशील काव्य–धारा में सामाजिक चेतना की अभिवृद्धि करने वाले कवियों में डॉ. रांगेय राघव एक महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर हैं। उनका जन्म 17 जनवरी, 1923 ई. को आगरा में हुआ। वे कवि के साथ एक प्रसिद्ध उपन्यासकार रहे हैं। 'घरौंदें', 'मुर्दों का टीला', 'कब तक पुकारूँ', 'विषाद मठ' जैसे प्रसिद्ध उपन्यास उन्होंने ही लिखे हैं। वे एक प्रगतिशील समीक्षक के रूप में भी विख्यात हैं। डॉ. राघव की प्रगतिशील सामाजिक चेतना का परिचय देने वाले दो काव्य–संग्रह हैं– 'राह के दीपक' और 'पिघलते पत्थर' (1946 ई.)। इनके अतिरिक्त प्रगतिवादी कवियों में वे अकेले कवि हैं, जिन्होंने मुक्तक काव्य के साथ ही चार प्रबंध कृतियाँ भी लिखी हैं– 'अजेय खंडहर' (1944 ई.), 'मेधावी' (1947 ई.), 'रूप–छाया' और 'पांचाली' (1955 ई.) आदि। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. राघव का 1962 ई. में अल्पायु में ही स्वर्गवास हो गया।

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के झगरपुर गाँव में 16 अगस्त, 1916 ई. को जन्मे शिवमंगल सिंह 'सुमन' अध्यापन कर्म से संपृक्त रहे हैं। उनके 'हिल्लोल' (1939ई.), 'जीवन के गान' (1941ई.), 'प्रलय–सृजन' (1945 ई.), 'विश्वास बढ़ता ही गया' (1955 ई.), 'पर आँखें नहीं भरीं' (1956 ई), 'विंध्य–हिमालय' (1966 ई.), 'मिट्टी की बारात' (1972 ई.), 'वाणी की व्यथा' (1980 ई.), 'कटे अँगूठों की बंदनवारें' (1991 ई.) आदि नौ काव्य–संग्रह हैं। 'सुमन' जी के काव्य–आयाम डॉ. रांगेय राघव की तुलना में व्यापक हैं, क्योंकि उन्होंने किसानों, मजदूरों के साथ ही निम्न–मध्य वर्ग पर भी सृजन किया है।

प्रगतिशील सामाजिक चेतना के समानधर्मा कवियों– केदारनाथ अग्रवाल, नागार्जुन, त्रिलोचन, रामविलास शर्मा, रांगेय राघव, 'मुक्तिबोध' और शिवमंगल सिंह 'सुमन' आदि ने 1936 ई. में स्थापित 'प्रगतिशील लेखक संघ से जुड़कर और मार्क्सवादी चिंतन के अनुरूप युगीन पल्लवित हो रहे यथार्थ–बोध को सामाजिक विचारधारा से जोड़कर ठोस रचनात्मक जमीन पर खड़ा करने का ऐतिहासिक कार्य सम्पन्न किया, जिसे प्रगतिशील सामाजिक चेतना का काव्य कहा जाता है। हिंदी समीक्षकों ने केदारनाथ अग्रवाल, नागार्जुन, त्रिलोचन को प्रगतिवादी काव्य में वृहत्त्यी के रूप में स्वीकारा है। इस संदर्भ में अन्य प्रगतिशील कवियों का योगदान भी इनसे कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। वृहत्त्यी के साथ ही डॉ. 'सुमन' जी का सृजन भी प्रगतिवाद के शीर्षस्थ कवियों के साथ अत्यंत महत्त्वपूर्ण

और प्रासंगिक है, जिसे इस तुलनात्मक अध्ययन द्वारा रेखांकित करने का एक प्रयास है। सामाजिक चेतना की दृष्टि से डॉ. रांगेय राघव और डॉ. 'सुमन' जी का क्या योगदान है, प्रगतिशील साहित्य के मूल्य उनके काव्य में किस हद तक और किस रूप में व्यक्त हुए हैं तथा ये दोनों कवि एक दूसरे से किस रूप में भिन्न, समकक्ष या विशिष्ट हैं? आदि को इस शोध–आलेख में दर्शाने का प्रयास किया गया है।

साम्राज्यवाद–पूँजीवाद का विरोध, शोषकों से घृणा, शोषितों के प्रति सहानुभूति, सामाजिक यथार्थ, राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय घटनाएँ, क्रांतिकारी जन–संघर्ष, आशा–आस्था और परिवर्तन का स्वर तथा आजाद भारत के सामाजिक–राजनीतिक जीवन से जुड़ा व्यापक यथार्थ प्रगतिशील कविता का कथ्य है। विषय–वैविध्य के साथ ही डॉ. रांगेय राघव और डॉ. 'सुमन' जी ने वैयक्तिक और जन–जीवन से जुड़े साधारण विषयों पर भी कविताएँ लिखी हैं। अतः एक शोध–पत्र में उनके समग्र काव्य का तुलनात्मक अध्ययन करना असंभव और दुष्कर कार्य है। यहाँ उनके काव्य की मुख्य प्रवृत्तियों, जो देश–समाज केंद्रित हैं, को दृष्टि में रखकर दोनों कवियों की तुलना की है। दोनों कवियों के काव्य में व्यक्त संवेदनात्मक समानता और विशिष्टता पर ध्यान केंद्रित रखा है, ताकि दोनों कवियों की प्रगतिशील सामाजिक चेतना की परख हो सके और इस काव्यधारा में केंद्रीय–कवियों के साथ उनको उचित स्थान दिया जा सके, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं।

श्री उमेश मिश्र के अनुसार– 'पिंघलते पत्थर' और 'राह के दीपक' काव्य–संग्रहों में डॉ. राघव की प्रगतिशील प्रवृत्तियाँ पर्याप्त स्पष्टता से उभरी हैं। उनकी स्वस्थ व्यक्तिगत अनुभूतियाँ, सामाजिक जीवन के प्रति जागरूकता और उनकी राष्ट्रीय भावना को इन दोनों कृतियों से ज्ञात किया जा सकता है।[1] इसी तरह कमला प्रसाद पांडेय जी ने भी लिखा है कि– ''रांगेय राघव विशुद्ध प्रगतिवादी कवि हैं। रचनाओं में उनका सामाजिक व्यक्तित्व झलकता है। उन्होंने मार्क्सवाद से अपने अनुरूप दृष्टि पाई थी। उनके विद्रोही कवि ने जागरूक और संवेदनशील रहकर सामाजिक चिंतन को काव्य रचनाओं में व्यक्त किया है।"[2] यहाँ उपर्युक्त दोनों विद्वानों के कथनों में डॉ. राघव के काव्य की प्रगतिशील सामाजिक चेतना का संक्षिप्त परिचय मिल जाता है।

डॉ. राघव और 'सुमन' जी के काव्य की तुलना से एक बात स्पष्ट उभरती है कि दोनों कवियों ने जीवन–यथार्थ के अंकन में सामाजिक–आर्थिक अभिशापों, जनता का करुण–क्रंदन, दुःख–दैन्य आदि का मार्मिकता के साथ उद्‌घाटन किया है। दोनों कवि जनता की विषादपूर्ण स्थिति से अत्यंत क्षुब्ध हैं। उनके काव्य में उपेक्षित और शोषित वर्ग के कारुणिक चित्रों में सहानुभूति व्यक्त हुई है। इस दृष्टि से डॉ. राघव की 'साम्राज्यवाद के प्रति', 'अमरगीत', 'उफान', 'श्रमिक', 'साँझ', 'सहूर', 'संतराश', 'मशीन' आदि कविताओं में युगीन यथार्थ उपस्थित है। 'पिगलते पत्थर' की 'उफान' कविता का एक चित्र प्रस्तुत है, यथा–

''क्या कहूँ/घुटते हृदय की बात/हड्डियों का ढ़ेर/जिस पर लटकते हैं गिद्ध।"[3]

यहाँ आर्थिक अभिशापों से त्रस्त शोषित वर्ग का यथार्थ अंकन है। इसी तरह 'राह के दीपक' संग्रह की 'मजदूर' शीर्षक कविता की चंद पंक्तियाँ प्रस्तुत हैं, जिसमें किसानों–मजदूरों की दयनीय स्थिति से कवि व्यथित हैं, यथा–

''माँ कंधों पर धरे बेलचे/कहाँ जा रहे हैं मजदूर/और चले ये संध्या आते
ऐसे जाने कितनी दूर/आने–जाने सूखे आनन/एक व्यथा से रहते चूर
जर्जर श्रममय क्लांत विक्षुब्धनत/रजमय गंदे दुख भरपुर।"[4]

डॉ. राघव की भाँति 'सुमन' जी ने भी शोषण से त्रस्त वर्ग की विभीषिकाओं और जीवन के अंधकारमय पक्ष को प्रस्तुत करने में अपनी जागरूकता का परिचय दिया है। इस दृष्टि से उनकी 'कैसा मधुर सुप्रभात था', 'चारों ओर जल रही ज्वाला', 'हाय! नहीं यह देखा जाता', 'यह किसका कंकाल पड़ा है', 'बे–घरबार', 'कंकड़–पत्थर' आदि कविताएँ देखी जा सकती हैं। तुलना हेतु कुछ पंक्तियाँ प्रस्तुत हैं, यथा :–

''हंत वह भूखा मानव बैठा/गोबर से दाने बीन रहा है/और झपट कुत्ते के मुँह से
जूठी रोटी छीन रहा है/साँस न बाहर–भीतर जाती/और कलेजा मुँह को आता।"[5]
''यह पूँजीवादी समाज के/जुल्मों का जंजाल पड़ा है।"[6]

दोनों कवियों की दृष्टि में सामाजिक–आर्थिक विषमता का मूल कारण साम्राज्यवाद–पूँजीवाद है, जिसने अन्याय, अत्याचार, शोषण का कहर बरसाकर जीवन को जर्जर बना दिया है। दोनों कवियों ने शोषक वर्ग का तीव्र विरोध किया तथा उसे जड़ से उखाड़ फैंकने के संकल्प के साथ उसे चुनौती भी दी है। डॉ. राघव की साम्राज्यवादी रक्त–पिपासुओं के प्रति घृणा, नफरत दृष्टव्य है, यथा :–

''हत्या, रक्ष, विश्वासघात, षड्यंत्र स्वार्थ के कुत्ते/कर्कश स्वर से भौंके,
रह–रह हड्डी चट–चट टूटी, दुर्भिक्षों के डाकू पनपे, प्रतिहिंसाएँ गरजी।"[7]

डॉ. राघव जैसी ही नफरत भरी आक्रोशी वाणी 'सुमन' जी के काव्य में भी अधिक मात्रा में सुनी जा सकती है, यथा–

''तेरे कारण मिटी मनुजता/माँग–माँग कर रोटी/
नोची श्वान–शृंगालों ने/जीवित मानव की बोटी
तेरे कारण मरघट–सा/जल उठा हमारा नंदन/
लाखों लाल अनाथ/लुटा अबलाओं का सुहाग–धन।"[8]

समाज के इसी शत्रु वर्ग को नष्ट–भ्रष्ट कर दोनों कवि समाज में आमूल–चूल परिवर्तन के आकांक्षी हैं। डॉ. राघव ''बदलना होगा आज समाज/कलुष की नींव मिटानी"[9] (मेधावी) की कामना करते हैं तो दूसरी ओर 'सुमन' जी भी इस कर्म में पीछे नहीं है, यथा– ''चाहता हूँ ध्वंस कर देना विषमता की यह कहानी/हो सुलभ सबको जगत् में वस्त्र–भोजन–अन्न–पानी।"[10] इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों कवियों ने रूसी क्रांति से प्रेरणा लेकर भारतीय जन–समूह को जाग्रत किया और स्वाधीनता आंदोलनों का समर्थन कर राष्ट्रीय चेतना से ओत–प्रोत काव्य लिखा है। डॉ. राघव ने 'अजेय खंडहर' में 'स्टालीनग्राद' के युद्ध (फासिस्ट जर्मनी और रूस का संघर्ष) का सजीव वर्णन कर रूस की प्रशस्ति का गायन किया है। कवि ने इस युद्ध को भारतीय स्वाधीनता संग्राम से जोड़कर देशवासियों को कर्तव्य–बोध कराया है, यथा–

''बंदी जाग/घर में लग गई है आग/चल बागी, प्रबल हुँकार
जागो याद कर गत मान/मेरे प्राण हिंदुस्तान/स्तालिनग्रेद हिंदुस्तान।"[11]

'सुमन' जी ने भी 'सोवियत रूस के प्रति', 'मास्को अब भी दूर है', 'स्तालिनग्रेद', 'बढ़ी जा रही है, बढ़ी लाल सेना' आदि कविताओं में सोवियत रूस की प्रशस्ति का गायन कर, रूसी प्रसंगों को भारतीय संदर्भों से जोड़ा है, यथा–

''दुनियाभर के मजलूमों अब/आज एक हो जाओ/हम मेहनतकश हमें कौन–सी/ताकत रोक सकेगी।"[12]

कवि ने भारतीय दलितों–पीड़ितों को संगठित करने में रूसी क्रांति से प्रेरणा ली है। दोनों कवियों ने साम्राज्यवाद–पूँजीवाद का विरोध अधिकांश रूप में राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर किया है, यह युग की माँग भी थी। डॉ. राघव के अनुसार ('पिघलते पत्थर' संग्रह की पंक्तियाँ), यथा :–

''इस झूठे सौदागर का यह काला बाजार उठे/परदेशी का राज न हो, बस एक यही हुँकार उठे।"[13]

इसी तरह 'पिंघलते पत्थर' संग्रह की चंद पंक्तियाँ और दृष्टव्य है, यथा–

''एक–एक कील आजादी की/साम्राज्यवाद के घृणित कफन?
को मित्रों रक्त से, गूँद रही/कर नवल शक्ति का महा सृजन।"[14]

डॉ. राघव की 'राष्ट्र की पुकार', 'तड़कती बेड़ियाँ', 'मुक्ति–नाद', 'शहीद', 'अमरगीत', 'तलवार का गीत', 'माँझी' आदि कविताओं में राष्ट्रीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति हुई है। डॉ. राघव और 'सुमन' जी ने देश की संकट–ग्रस्त स्थिति को लक्षित कर देशवासियों में जागृति का संदेश प्रसारित किया तथा उन्हें कर्तव्य–बोध के साथ प्रेरित किया कि विदेशी शासन से संघर्ष कर भारत को आजादी दिलवाएँ। राष्ट्रीय चेतना की दृष्टि से 'सुमन' जी की 'यह तो विप्लव की वेला है', 'विद्रोह करो, विद्रोह करो', 'लो आज बज उठी रणभेरी', 'परीक्षा दो', 'नई आग है, नई आग है', 'आज देश की मिट्टी बोल उठी है' आदि कविताएँ देखी जा सकती हैं। डॉ. राघव की भाँति 'सुमन' जी भी साम्राज्यवाद को अपनी आँखों के सामने चूर–चूर होता देखना चाहते हैं, यथा–

''उठो–उठो मेरे शिव/तांडव नृत्य करो/कुहराम मचा दो।
कंगालों की अस्थि नींव पर खड़े/विश्व साम्राज्य की/आज ईंट से ईंट बजा दो।"[15]

नये संकल्प और विश्वास की वाणी दोनों कवियों के काव्य में अत्यंत सशक्त है, जिसके मूल में सामाजिक कल्याण की भावना निहित है। मानवता का कल्याण, मानव को कर्तव्य–बोध कराकर, उसे प्रगति–पथ पर अग्रसर करना, दोनों कवि अपना कर्तव्य समझते हैं। उनका यही रूप उन्हें जागरूक प्रगतिशील कवि सिद्ध करता है। डॉ. राघव मानव को कर्तव्य–बोध कराते हुए 'पिघलते पत्थर' संग्रह में लिखते हैं, यथा–

''युग–युग के चेतन दीप उठा/घर–घर लोक मंदिर छाएँ/
तू फिर से अपना चरण उठा/तू फिर से मैया फहरा दे
जन–जन मिल–मिलकर गाएगा/तू बाँट उठा दे अभयकर/साम्राज्य विकल थर्राएगा।"[16]

इस संदर्भ में कमला प्रसाद पांडेय ने भी लिखा है कि 'राघव की कतिपय रचनाओं में समाज–निर्माण की कामना है। कवि देश में नवीन संस्कृति का उदय चाहते हैं, जिसमें नये संकल्प हों, वर्ग–विषमता न हो और लोगों में आलस्य की भावना का नितांत अभाव हो।'[17] यही विचार 'सुमन' जी के काव्य पर भी सहज ही लागू होते हैं। 'सुमन' जी की प्रतिबद्धता दृष्टव्य है, यथा–

''ध्यान तक विश्राम का पथ पर महान् अनर्थ होगा/ऋण न युग का दे सका तो जन्म लेना व्यर्थ होगा।"[18]

आजादी के बाद 'सुमन' जी ने नव–निर्माण की कामना के साथ सजग रहने का संदेश प्रसारित किया है, यथा–

''घर–घर दीप संजोए जाएँ निष्ठा के/अमा का अँधेरा जिन्हें देख थरथराय।
एक बार जागकर राष्ट्र न सोए अहोरात्रि/विजय केतु विजया का द्वार फरफराय।"[19]

इस तरह हम देखते हैं कि डॉ. राघव की भाँति 'सुमन' जी भी मानव–जीवन की ओर दृष्टिपात करने वाले

प्रगतिशील साहित्य की उस परंपरा से संबंधित हैं, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही दायित्वों के प्रति सजग रहने की चेष्टा है। डॉ. राघव का अल्पायु में देहांत हो जाता है, दूसरी ओर वे उपन्यासों के सृजन में अधिक सक्रिय रहे हैं, इसलिए काव्य–सृजन 'सुमन' जी की तुलना में कम ही कर पाए हैं। 'सुमन' जी के 'विंध्य–हिमालय' (1966 ई.), 'मिट्टी की बारात' (1972 ई.), 'वाणी की व्यथा' (1980 ई.), 'कटे अँगूठों की बंदनवारें' (1991 ई.) आदि काव्य–संग्रह डॉ. राघव के निधन के बाद रचित हैं, जिनमें वे एक प्रगतिशील कवि के रूप में अपनी खास पहचान बनाए रखते हैं। अतः देश की आजादी के बाद की घटनाएँ और व्यापक सामाजिक यथार्थ की दृष्टि से 'सुमन' जी का काव्य प्रगतिवाद के अतिरिक्त वैभव के रूप में स्वीकारा जा सकता है।

इस तरह इस तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि 'सुमन' जी ने छायावादी संस्कारों से काव्यारंभ करने के बावजूद भी प्रगतिशील चेतना का मार्ग प्रशस्त किया, जिस पर दृढ़ रहकर सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व का पूर्ण सजकता के साथ निर्वाह करते हुए मानवीय कल्याण और उन्नयन को सृजन का मेरूदंड बनाया। उन्होंने जिस सामाजिक यथार्थ को उद्घाटित किया, उसमें एक ओर युगीन वैषम्य का मर्मभरा यथार्थ उभरा है, युगीन समस्याओं का प्रकाशन हुआ है तो दूसरी ओर यथार्थ की गतिशीलता को लक्ष्य कर विषमताओं के बीच से गुजरते हुए सामाजिक शक्तियों का प्रत्यक्षीकरण है, जिसमें भावी समाज की सुख–समृद्धि निहित है। उनकी सामाजिक यथार्थ पर अद्भुत पकड़ है। वे समाज की असंगतियों, अंतर्विरोधों की गहरी समझ–परख के साथ तमाम विपरित परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए, वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ अनवरत् अभिशप्त जनता की मानसिकता में बदलाव लाने वाले एक ऐसे प्रकाशपुँज की भाँति प्रगतिशील काव्य में प्रतिष्ठित हैं, जिनके प्रकाश में अँधेरे में भटकती हुई जन–शक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। अतः 'सुमन' जी हमारी जनवादी साहित्यिक विरासत के एक सजग प्रहरी कवि सिद्ध होते हैं।

'सुमन जी की काव्य–संवेदनाएँ उन ज्वलंत सामाजिक समस्याओं से उद्वेलित हैं, जो मानवता के कल्याण से जुड़ी हुई हैं। देश की स्वाधीनता के समय समाज की खुशहाली के, जो स्वप्न संजोए गए थे, वे पूरे नहीं होने पर कवि चिंतित होते हैं। समाज में अराजकता, भुखमरी, असमानता आदि की चुनौतियों को यथावत् देख कवि मानव–रक्षार्थ उबल पड़ते हैं, यथा–

''भूख की मरोर क्रूर / तिल–तिल तराशती जब / मानव–अस्तित्व को
बड़ी–बड़ी बातें तब / साहित्य और संस्कृति की / बगलें–सी झाँकती है।"[20]

''गीध मंडरा रहे हैं इर्द–गिर्द घेरे में / भेड़िये घात लगाए हैं इस अँधेरे में.....
जागकर एक बार राष्ट्र नहीं सोता है... / कदम–कदम पर यहाँ लुटेरों का डेरा है।"[21]

दूसरे उदाहरण में सामयिक परिवेश की भयावह स्थिति की हकीकत रेखांकित है। स्वतंत्रता दिवस की प्रथम वर्षगाँठ (15 अगस्त, 1948) पर कवि ने समाज की यथार्थ स्थिति पर एक विहंगम दृष्टि डालकर मानव–कल्याण को केंद्रित कर नौजवानों को शपथ दिलाते हैं कि हम प्रगति–पथ पर पल भर भी नहीं रुकेय यथा :–

"अब भी जन–जीवन जर्जर है / घर उजड़े हैं, मुँह सूखे हैं /
चालीस कोटि भगवान हमारे / अब भी नंगे–भूखे हैं.....
जब तक जन–गण–मन जीवन में / शोषण–तंत्रों का लेष रहे /

जब तक भारत माँ के आँचल में
एक दाग भी शेष रहे/हम विरक्त न हो संकल्पों से/
पल भर भी पथ पर न थमें/पंद्रह अगस्त की शपथ यही
तब तक आराम हराम हमें।"[22]

मानव–कल्याण के मार्ग में बाधित स्वार्थी नेताओं को भी कवि ने आक्रोशी मुद्रा में फटकारते हुए, उन पर व्यंग्यात्मक प्रहार किया और उन्हें जाग्रत होने की चेतावनी दी है, यथा–

''ऐसी की तैसी/उन अस्मिता के केंचुओं की/दुनिया भर का दर्द/भोगने का जो दंभ लिए
साधते समाधि निर्विकल्प/न्यस्त स्वार्थों की/बाल भी बाँका कर सके न/आततायी का
तिनका भी न टाल सके/सर से सर्वहारा के/कोरी शान जिनकी/मात्र/अप्रतिबद्ध होने में।"[23]
''होश में आओ वर्ना बाद में पछताओगे/कब तक क्रांति को यों बरगलाते जाओगे।"[24]

'सुमन' जी की मानवतावादी–दृष्टि विश्व समाज को सुख–समृद्धि से संपन्न देखने की आकांक्षी है, इसलिए कवि कहते हैं, यथा–

"मानवीय संबंध बदले/दम न अब एक पल भी/हो न जाए विश्व/
विश्वसनीय जब तक/मैं प्रतिक्षारत् रहूँ अब और कब तक?''[25]

कवि विश्व–समाज को एक ऐसा स्वरूप देने की ओर तत्पर हैं, जिसमें शांति, प्रेम, ममता, करुणा, समता आदि मानवीय मूल्य फलीभूत हो सके, यथा–

"मानव ममता के स्रोतों के/नये बाँध अब बाँधों.../गाँधी सागर का जल/नेहरू की नहरों में ढालों
शांति–प्रेम संबोधि वृक्ष/फिर भारत में पनपा लो/इनकी कलमें देश–विदेशों को भेजी जाएगी।"[26]

पंडित नेहरू 'सुमन' जी के लोक प्रिय नेता थे। जब समाज के लोगों से कवि ने यह कहते सुना कि नेहरू अब जनता से दूर होते जा रहे हैं, तब कवि ने अपनी जिम्मेदारी समझकर नेहरू जैसे नेता को भी नहीं बक्शा, यथा–

"देख रहा हूँ आँख मीचे/देख रहा हूँ ऊपर–नीचे/सच्चाई से बैर नहीं है/
बिना कहे अब खैर नहीं है...स्वतंत्रता को निगल गई है कैसी कृत्या/
तुम सिंहासन पर पथ पर बापू की हत्या?''[27]

वस्तुतः 'सुमन' जी के काव्य का सिंहावलोकन करने पर स्पष्ट होता है कि उनकी प्रगतिवादी कविताएँ नागार्जन–केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन की कविताओं के समक्ष ही नहीं, बल्कि उनकी अपेक्षा कहीं–कहीं बहुत गहराई से प्रगतिवादी आदर्शों की अभिव्यक्ति करती हैं। 'पथ भूल न जाना पथिक कहीं', 'तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार' जैसी बहुत–सी कविताओं का प्रभाव जनता में आज भी कायम है, जो आधुनिक मनुष्य को कर्म–संघर्ष और परिस्थिति से कभी न हारने की प्रेरणा देती हैं। उनके काव्य में देश और समाज में घटित हर प्रकार की अमानवीयता पर रोष है, जिसे नागार्जन की भाँति उनके समग्र काव्य में लक्षित कर सकते हैं। यह रोष कहीं चुनौती, कहीं ललकार, व्यंग्य के रूप में व्यक्त हुआ है, जो उनकी निर्भीकता, कर्मठता, पक्षधरता का परिचय देकर, उनको सच्चा जनवादी कवि सिद्ध करता है। उनका काव्य अंतर्राष्ट्रीय साम्राज्यवादी, पूँजीवादी एवं साम्प्रदायिक ताकतों से मुकाबला करने और विश्व–शांति हेतु प्रेरित कर मानवतावाद का पोषण करता है। यही

उनके काव्य का वैशिष्ट्य और प्रासंगिकता है।

'सुमन' जी के वैशिट्य को उभारते हुए प्रभाकर श्रोत्रिय ने ठीक ही लिखा है कि– '''सुमन' का अपना निराला अंदाज है। प्रगतिवादी कवियों में यदि नागार्जन अपने साफ, तीखे और तेजस्वी व्यंग्य के लिए प्रगतिवादी काव्य–धारा में अनुपम है, केदारनाथ अग्रवाल अपने बिंबों, चित्रों और ग्राम्य–जीवन के सहज चित्रण के लिए विख्यात हैय तो 'सुमन' अपनी प्रवाहपूर्ण अभिव्यंजना, काव्यमय उद्‌बोधन, साम्यवादी दर्शन को भारतीय संस्कृति और चेतना में अनस्यूत करने और मंच को काव्य–मंच बना देने में अपना सानी नहीं रखते। लंबी कविताओं की साधना और प्राणवत्ता 'सुमन' और 'मुक्तिबोध' को छोड़कर किसी अन्य प्रगतिवादी कवि में नहीं है। नागार्जन के पास वह कलात्मकता, दीर्घ प्रवाह, ओज और विरोधों के समन्वय की 'सुमन' जैसी सामर्थ्य नहीं है और केदार में प्रगतिवाद का सामयिक तेवर उतनी प्रबलता और स्पष्टता से उभरा नहीं है, क्योंकि जहाँ कहीं वे ऐसा करते हैं–उनकी कविता की अपनी विशिष्टता खो जाती है। डॉ. रांगेय राघव, त्रिलोचन शास्त्री और डॉ. रामविलास शर्मा की तत्कालीन सुमन से तुलना नहीं हो सकती।"[28]

वस्तुतः यहाँ यह कहा जा सकता है कि प्रगतिवादी काव्य–धारा में 'सुमन' जी अन्य कवियो की तरह ऐसे उल्लेखनीय हस्ताक्षर हैं, जिनके काव्य के बिना हिंदी की प्रगतिशील कविता का समग्र मूल्यांकन करने का दावा निरा खोखला ही सिद्ध होगा। वस्तुतः उन्हें केवल रोमांटिक कवि करार देना बड़ी भूल होगी, क्योंकि उनका मूल स्वर समाजवादी–जनवादी ही है।

संदर्भ-ग्रंथ-सूची :-

1. प्रगतिवादी काव्य : उमेश मिश्र, ग्रंथम प्रकाशन, कानपुर, संस्करण–1966 ई., पृष्ठ–214
2. छायावादोत्तर हिंदी काव्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि : डॉ. कमला प्रसाद पांडेय, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण–1972 ई., पृष्ठ–169
3. प्रगतिवादी काव्य : उमेश मिश्र, ग्रंथम प्रकाशन, कानपुर, संस्करण–1966 ई., पृष्ठ–219 से उद्धृत।
4. वही, पृष्ठ–219–220
5. जीवन के गान, सुमन समग्र–1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–128
6. वही, पृष्ठ–134
7. हिंदी की प्रगतिवादी कविता : डॉ. सलमा खान, विकास प्रकाशन, कानपुर, प्र. सं. 2008 ई., पृष्ठ–248 से उद्धृत।
8. विश्वास बढ़ता ही गया, सुमन समग्र–1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–246
9. हिंदी की प्रगतिवादी कविता : डॉ. सलमा खान, विकास प्रकाशन, कानपुर, प्र. सं. 2008 ई., पृष्ठ–247 से उद्धृत।
10. विश्वास बढ़ता ही गया, सुमन समग्र–1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–219
11. हिंदी के प्रगतिशील और समकालीन कवि : डॉ. रणजीत, साहित्य रत्नालय, कानपुर, सं.–2001 ई.,

पृ.–120 से उद्धृत।
12. प्रलय–सृजन, सुमन समग्र–1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–198
13. हिंदी की प्रगतिवादी कविता : डॉ. सलमा खान, विकास प्रकाशन, कानपुर, प्र. सं. 2008 ई., पृष्ठ–249 से उद्धृत।
14. प्रगतिवादी काव्य : उमेश मिश्र, ग्रंथम प्रकाशन, कानपुर, संस्करण–1966, पृष्ठ–217 से उद्धृत।
15. विश्वास बढ़ता ही गया, सुमन समग्र–1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–238
16. प्रगतिवादी काव्य : उमेश मिश्र, ग्रंथम प्रकाशन, कानपुर, संस्करण–1966, पृष्ठ–222 से उद्धृत।
17. छायावादोत्तर हिंदी काव्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि : डॉ. कमला प्रसाद पांडेय, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण–1972 ई., पृष्ठ–170
18. विश्वास बढ़ता ही गया, सुमन समग्र–1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण –1997 ई., पृष्ठ–218
19. मिट्टी की बारात, सुमन समग्र–2, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–198–199
20. वाणी की व्यथा, सुमन समग्र–2, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–235
21. मिट्टी की बारात, सुमन समग्र–2, पृष्ठ–215
22. कटे अंगूठों की बंदनवारें, सुमन समग्र–2, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–324–325
23. वही, पृष्ठ–303
24. मिट्टी की बारात, सुमन समग्र–2, पृष्ठ–217
25. कटे अंगूठों की बंदनवारें, सुमन समग्र–2, पृष्ठ–285
26. विंध्य–हिमालय, सुमन समग्र–2, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण–1997 ई., पृष्ठ–65
27. कटे अंगूठों की बंदनवारें, सुमन समग्र–2, पृष्ठ–328
28. शिवमंगल सिंह 'सुमन' : मनुष्य और सृष्टा, लेखक–प्रभाकर श्रोत्रिय, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम आवृत्ति–1990 ई., पृष्ठ–148

पत्र व्यवहार का पता :–
डॉ. नेमीचंद कुमावत,
H. No. 16/3307, 100 फिट रोड, शारदा चौराहा के पास,
हरि ओम नगर, भीलवाड़ा, जिला–भीलवाड़ा (राजस्थान)।
पिन कोड नं. 311001, मो. नं. 92522–78880
E-Mail Id : nemichandkum1977@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 1-2
पृष्ठ : 145–150

नवजागरणकालीन समाज सुधारक और स्त्री प्रश्न

पवन कुमार
शोध छात्र, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

शोध सार :–

19वीं सदी से पूर्व भारत में समाज सुधारक स्त्रियों की कोई कमी नहीं रही है भले ही विभिन्न साम्राज्यों के नकारात्मक प्रभाव से भारतीय स्त्री के दायित्व और अधिकारों में फर्क जरूर रहा हो। चूँकि भारत बहुत लंबे समय तक विभिन्न विदेशी राजाओं के अधीन रहा है। लेकिन भारतीय स्त्री की गौरवशाली भूमिका ही उसे सदैव मनुष्य के रूप में अपने अस्तित्व को अविस्मरणीय बनाती आई है। भारतीय समाज विभिन्न धर्म ग्रंथों के अनुरूप ही कार्य करते आया है और उन भारतीय धर्म ग्रंथों में कोई भी धर्मग्रंथ न तो स्त्रियों द्वारा रचित है और न ही उसकी समीक्षा उनके द्वारा की गई है। अतः भारतीय नवजागरणकालीन समाज में दोयम दर्जे की स्थिति को देखते हुए स्त्रियों ने 19वीं सदी में संगठित होकर स्त्री की सदियों से चली आ रही अपारंपरिक स्थिति में सुधार लाने लिए कार्य करने पर बल दिया।

बीज शब्द :– स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, राजनितिक परिस्थितियां, आर्थिक कारण, सामाजिक परिवर्तन, समाज सुधार, राष्ट्रवाद, सामाजिक–असमानता, नवजागरण आन्दोलन में सहभागिता आदि।

मूल आलेख :–

औपनिवेशिक भारत में जो समय नवजागरण का माना गया है उसमें संगठित होकर पहली बार समाज में व्याप्त कुसंगतियों, राजनीति में भेदभाव और राष्ट्र के विकास में भागीदारी के रूप में अब तक उसके कर्म को अप्रभावी मानने की परंपरा को न केवल नकारा बल्कि 'जहां न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि' की धारणा की सत्यता को अपने लेखन के द्वारा समय की जरूरत के आधार पर साबित भी किया। 19वीं सदी के मध्य में विभिन्न स्त्रियों ने विभिन्न तरीकों से स्त्री सुधार आंदोलन का श्रीगणेश किया और अधिक–से–अधिक स्त्रियों को संगठित करके अपने कर्म के मूल्य को पुरुषों के समक्ष प्रस्तुत किया। भले ही स्त्री–शिक्षा की अवधारणा के पीछे पुरुष समाज सुधारकों की श्मां के रूप में परिवार की भलाईश की अवधारणा काम कर रही थी किंतु पाश्चात्य स्त्री आंदोलनों से प्रेरणा लेकर विभिन्न स्त्री–समाज–सुधारकों ने भारतीय स्त्री की दशा और गति को भारतीय परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में समझा और अपनी गतिविधियों से उन्हें बदलने का रास्ता और तरीका भी सुझाया। 19वीं सदी के प्रारंभिक वर्षों में अंग्रेजी सरकार ने भारत में बालिका विद्यालय खोलने प्रारंभ कर दिए थे। इन बालिका विद्यालय के पाठ्यक्रम को लेकर काम भी होने लगा था। कुछ भारतीय विद्वान, भाषा, विज्ञान, गणित के साथ बालिकाओं को निपुण गृहिणी बनाने के लिए गृह–विज्ञान या यूँ कहें कि गृहस्थी में होने वाले कामों में बालिकाओं को दक्षता

प्रदान करने के लिए जोर दे रहे थे। इसके साथ–साथ उस समय का प्रमुख विषय– उन्हें शिक्षा प्रदान कौन करें? पर अधिक केंद्रित था। तत्कालीन युग में शिक्षित स्त्रियों की संख्या पर्याप्त ना होने के कारण प्रारंभ में यह कार्य पुरुषों द्वारा ही किया गया किंतु समय–समय पर इस विषय पर बहस होती रही कि स्त्री शिक्षा के लिए प्रशिक्षिकाएँ नियुक्त हों और वह भी देशी। अर्थात् अंग्रेज सरकार भारतीय बालिकाओं को भारतीय शिक्षिकाओं के द्वारा शिक्षित करने का प्रबंध करे। इस संदर्भ में सबसे पहले महाराष्ट्र के ज्योतिबा फूले ने अपनी पत्नी को "सन् 1848 को पेठ में भिंडे की हवेली में निचली जाति की समझी जाने वाली लड़कियों के स्कूल में विष्णुपंत थत्ते नामक ब्राह्मण शिक्षक के पढ़ाने से मना करने पर शिक्षिका के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।"[1]

श्रीमती सावित्रीबाई फूले इस तरह भारत की प्रथम स्त्री एवं दलित जाति से संबंधित प्रथम शिक्षक के रूप में कार्यरत हुई। श्री एवं श्रीमती फूले ने बालिकाओं के पढ़ाने के साथ–साथ सर्वप्रथम विधवाओं के लिए श्प्रसूति गृहश का निर्माण करवाया, जिसका नाम रखा गया 'बालहत्या प्रतिबंधक गृह'। भले ही समाज–सेवा और स्त्री–शिक्षा के प्रसार के लिए ज्योतिबा फूले ने विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर उनका निर्माण किया, परंतु उनकी सच्ची एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयव की जिम्मेदारी सावित्रीबाई फूले की ही थी। स्त्री शिक्षा के लिए देशी प्रशिक्षिकाओं की आवश्यकता पर फूले के बाद पंडिता रमाबाई ने प्रबल समर्थन दिया। उन्होंने 1882 ई. में इंग्लिश एजुकेशन कमीशन जो कि पूना में आया के समक्ष अपने सुझाव रखते हुए कहा किः– "शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिले। महिला शिक्षिकाएँ बहाल की जाए। उनकी अलग से ट्रेनिंग हो। अपनी भाषा के अलावा अंग्रेजी सीखें। पुरुषों की तुलना में उन्हें ज्यादा तनख्वाह मिलें, क्योंकि उनका चरित्र और ओहदा बेहतर होना चाहिए। कॉलेज परिसर में शिक्षिका और छात्राओं के रहने की व्यवस्था होनी चाहिए और वहाँ उनकी सहूलियत की सारी चीजें उपलब्ध होनी चाहिए।"[2]

उन्होंने इस पर कार्य करते हुए 11 मार्च, 1889 ई. को बंबई में श्शारदा–सदन की स्थापना की। इस सदन में विधवाओं के रहने और शिक्षा की पूरी व्यवस्था की गई। इस शारदा–सदन में की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि प्रत्येक बालिका अपनी धार्मिक अभिव्यक्ति के लिए पूर्णतः स्वतंत्रत थी और इस सदन की एक बाल विधवा गोधुबाई का विवाह डॉक्टर कर्वे के साथ हुआ। जिन्होंने 1896 ई. में हिंदू विधवाओं के लिए 'अनाथ बालिकाश्रम' खोला। पंडिता रमाबाई ने न केवल विधवाओं के लिए आश्रय की पूर्ति की बल्कि उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए भी सन् 1898 में 'सदानंद सदन' खोला। जिसमें पढ़ाई के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की गई। 1890 के दशक में रमाबाई ने स्त्री के सामाजिक जीवन के साथ धार्मिक क्षेत्र में व्याप्त विसंगतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। सन् 1806 में उन्होंने मथुरा, वृंदावन के पुजारियों की विधवाओं के साथ की जाने वाली अमानवीयता को भी बेपर्दा किया।

स्त्रियों के सामाजिक जीवन में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए 1880–1890 को दशक महत्वपूर्ण रहे हैं। इस समय न केवल आंदोलनों के जरिए बल्कि कलम के माध्यम से भी दीन–हीन अवस्था और समाज की दोगली मानसिकता को जगजाहिर किया गया। इस समय भले ही ऐसी स्त्रियों को कम महत्वपूर्ण या उनके लिखें साहित्य को 'छोटा और मनोरंजन' कहकर उपेक्षित किया गया किंतु सार्वजनिक क्षेत्र में विद्रोही स्त्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। "बंगाल में निरुपमा देवी और अनुरूपा देवी, महाराष्ट्र की पहली महिला उपन्यासकार काशीबाई कानितकर ने 1890 के दशक में लेखन प्रारंभ किया तथा ठीक इसी समय महाराष्ट्र की पहली महिला

डॉक्टर आनंदीबाई जोशी ने अपनी शिक्षा पूरी की।"[3]

1882 ई. में ताराबाई शिंदे की पुस्तक स्त्री–पुरुष तुलना में शिंदे ने स्त्रियों के पक्ष का गहराई से बचाव करते हुए उपसंहार में लिखा है कि स्त्रियाँ अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण हमेशा सम्माननीय तथा अग्नि की तरह पवित्र एवं आंतरिक तथा बाह्य दोनों रूपों में सुपात्र मानी जाएँगी। पुस्तक पर सत्यशोधक समाज के फूले और कृष्णराव भालेलकर के मध्य गरमा–गरम बहस शुरू हुई। जिसमें भालेलकर की टिप्पणी पर फूले ने भालेलकर पर आरोप लगाया कि वह उस परंपरागत भारतीय प्रणाली का बचाव कर रहे हैं जिसमें पुरुषों को हर प्रकार की मनमानी करने की छूट तथा स्त्रियों को असहाय तथा घर की चारदीवारी में कैद करके रखने का रिवाज है। स्त्री के नवजागरण आंदोलन में योगदान के अंतर्गत इस घटना का वर्णन यह दर्शाने के लिए किया गया है कि जिन पुरुषों के सहयोग और मार्गदर्शन केवल पर स्त्रियों ने स्वयं के विषय में व्यापक रूप से सोचने, समझने और कहने का साहस पाया था वह सिर्फ एक पक्षीय नहीं था। इस दोहरे चरित्र के कारण ही भारत में सबसे पहले विधवाओं की शिक्षा और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत पंडित रमाबाई को हाशिए पर धकेल कर डॉ. कर्वे को इसका पूरा–पूरा श्रेय दिया जाता रहा है।

